# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 29 अप्रैल 2024







# झुलसाती गर्मी में फौलादी इरादे, 11 सीटों पर जीत के लिए 'मंत्र' फूंक रहे साय!

डॉ. हिमांशु द्विवेदी ▶▶| रायपुर

हरिभूमि विशेष

अब जब लोकसभा चुनाव के दो चरण पूरे हो चुके हैं, झुलसाती गर्मी में तीसरे चरण के मतदान को लेकर मतदाता को लुभाने के लिए प्रत्याशी और प्रचारक अपना अपना सबकुछ झोंकने में जुटे हैं। दो बार विधायक और चार बार सांसद रह चुके छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी पसीना बहाने में कहीं पीछे नहीं हैं। तीन दशक से भी ज्यादा के राजनीतिक जीवन में श्री साय जिस तूफानी गति से अभी चुनावी दौरे कर रहे हैं, उससे ▶▶|शेष पेज 4 पर

## साक्षात्कार देखें कल के हरिभूमि अंक में

### सरल साय

हेलीकाप्टर को देख अब भी ग्रामीण क्षेत्रों में भीड़ बहुत आती है। वहीं दूसरी ओर इसके पंखों से धूल भी बहुत उड़ती है। खैर, धूल छंटी तो मुख्यमंत्री का स्वागत करने भाजपा के कद्दावर नेता और सरकार में कृषि मंत्री रामविचार नेताम और प्रत्याशी चिंतामणि महाराज समेत तमाम नेता फूलमालाओं के साथ खड़े होकर आए। पार्टी और नेताओं के जिंदाबाद के नारे मुख्यमंत्री की चाल में चुस्ती और तेजी दोनों ला देते हैं। बुलेट प्रूफ गाड़ी मुख्यमंत्री को मंच तक ले ▶▶|शेष पेज 4 पर



### संदेश देना नहीं चूकते

समय तेजी से गुजर रहा है और सूरज ढलने से पहले रायपुर पहुंचना है। हेलीकाप्टर लवन के लिए रवाना हो गया। जांजगीर लोकसभा का इलाका है। उतरते ही पायलट बता देते हैं, सर,सवा छह तक। मुख्यमंत्री मुस्कराते हैं। उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी विजय शर्मा, टंकराम वर्मा और प्रत्याशी कमलेश जांगड़े मौजूद हैं। सीधे मंच पर पहुंचते हैं। बाद की कहानी वैसी ही रहती है। लौटते में विजय शर्मा हेलीकाप्टर में साथ हैं। चौपर उड़ान भरता है तो घड़ी 6.13 बजा रही है। तय समय से दो मिनट पहले ही। यह मैनेजमेंट है। साय प्रसन्न हैं। संतोष का भाव चेहरे पर है। शायद इस अहसास से भरे हैं कि पार्टी ने जो दायित्व सौंपा है उसका निर्वहन ▶▶|शेष पेज 4 पर

### मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है

*साय चुनाव प्रचार के दौरान तनिक भी हड़बड़ी में नहीं हैं। सभा चाहे वाड्रफनगर में रही, बैकुंठपुर में रही या लवन में। वह स्थानीय नेताओं को महत्व देना याद रख रहे हैं। अपने से पहले प्रत्याशी समेत तीन चार नेताओं को आमसभा को संबोधित करने का मौका जरूर मिलता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जब भाषण देने मंच पर आते हैं तो सबसे पहले उपस्थित लोगों से पार्टी और बड़े नेताओं के जिंदाबाद के नारे लगवाते हैं। वाड्रफनगर में गर्मी कुछ ज्यादा ही है। शामियाना खचाखच भरा है लेकिन उतनी ही भीड़ पास में ही मौजूद पीपल के दो विशालकाय पेड़ों की छांव में भी आसन जमाकर बैठी हुई है। साय शुरू होते हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रभावी व्यक्तित्व और सरकार के दस साल के कामकाज का हवाला देते हैं। आयुष्मान योजना, गरीबों के लिए पक्के मकान, किसानों को सम्मान निधि का हवाला देते हैं। वह यह भी बताना नहीं* ▶▶|शेष पेज 4 पर

### आक्रामक लहजे में साय

*सभा समाप्ति के बाद एक बार फिर वाहन मुख्यमंत्री का इंतजार करते ही रह जाता है। विष्णुदेव साय पैदल ही मंच से हैलीपेड के लिए चल दिए। लोग फिर टूटे पड़ रहे हैं और साय मुस्कराते हाथ हिलाते आगे बढ़ते जाते हैं। चिंतामणि महाराज को शुभकामनाएं और रामविचार नेताम को आभार जता मुख्यमंत्री हेलीकाप्टर में बैठ कोरबा संसदीय क्षेत्र की प्रत्याशी डा. सरोज पांडे के लिए वोट मांगने बैकुंठपुर विधानसभा के पटना गांव लिए रवाना हो लिए। ढाई बजने को है। भैयालाल राजवाड़े समेत भाजपा के तमाम नेता यहां मौजूद हैं। पूजा का कार्यक्रम है। पूजा करने के बाद कुछ महिलाएं साथ फोटो खिंचाने का आग्रह करती हैं। साय तैयार हो जाते हैं। यह देख मंदिर के पुजारी भी रास्ता रोक फोटो की गुजारिश कर लेते हैं। उनकी कोशिश खाली नहीं जाती है। समय काफी हो गया है। कार्यकर्ताओं के साथ भोजन है। लौकी, लाल भाजी, बिना मसाले की दाल, दो सूखी रोटी और चावल परोसा गया है। तीन करोड़ की आबादी के मुखिया* ▶▶|शेष पेज 4 पर









# महादेव सट्टे का बॉलीवुड कनेक्शन, एक्टर साहिल को छग में मुंबई पुलिस ने दबोचा

मुंबई पुलिस ने शनिवार को बॉलीवुड अभिनेता साहिल खान को जगदलपुर से गिरफ्तार कर लिया और अपने साथ मुंबई ले गई। पुलिस ने साहिल को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उन्हें 1 मई तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया। साहिल खान पर महादेव सट्टा एप चलाने और प्रमोट करने का आरोप है। मुंबई के माटुंगा पुलिस की महादेव सट्टा एप केस की जांच में साहिल खान का नाम आया था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साहिल खान गोवा, महाराष्ट्र होते हुए तेलंगाना जा रहा था, इसी दौरान मुंबई पुलिस ने उसे जगदलपुर के पास से गिरफ्तार किया है। सूत्रों के मुताबिक साहिल खान के साथ एक युवती भी थी, लेकिन उसकी सट्टा एप में किसी तरह से संलिप्तता नहीं होने की वजह से मुंबई पुलिस ने उसे छोड़ दिया। साहिल की गिरफ्तारी को लेकर स्थानीय पुलिस ने अनभिज्ञता जाहिर की है।

जानकारी के मुताबिक साहिल खान पर महादेव सट्टा एप को प्रमोट करने के साथ द लॉयन बुक तथा एक अन्य एप के माध्यम से सट्टा संचालित करने के आरोप है। महादेव सट्टा एप को लेकर मुंबई पुलिस ▶▶|शेष पेज 4 पर

## 24 फॉर्च्यूनर कार से जा रहे साहिल को जगदलपुर सीमा पर मुंबई पुलिस ने किया ट्रेस, गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई

**महादेव सट्टा एप चलाने और प्रमोट करने का आरोप**

**15000 करोड़ का घोटाला, अब तक 32 के नाम**

**साहिल खान गोवा, महाराष्ट्र होते हुए तेलंगाना जा रहा था**



### 1 मई तक पुलिस रिमांड

मुंबई पुलिस ने गोपनीय जानकारी के आधार पर साहिल खान को जगदलपुर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने साहिल खान को कोर्ट ने पेश किया। कोर्ट ने साहिल खान को एक मई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। मुंबई लाए जाने के दौरान साहिल खान ने कहा, मुझे देश की न्यायपालिका पर पूरी तरह से भरोसा है।

### छग की टीम भी करेगी पूछताछ

मुंबई पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए साहिल खान से पूछताछ करने ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम मुंबई जाएगी। राज्य की जांच एजेंसी को जानकारी मिली है कि साहिल खान की गोवा से गिरफ्तार किए गए राहुल वकटे के संपर्क में था। इसके बाद जांच एजेंसी महादेव सट्टा एप ▶▶|शेष पेज 4 पर

### बस्तर पुलिस को भनक नहीं

**जगदलपुर।** फिल्म अभिनेता साहिल खान की जगदलपुर में गिरफ्तारी को लेकर सुबह से ही सोशल मीडिया में खबरें चल रही थी, लेकिन बस्तर पुलिस को इसकी भनक ही नहीं लगी। इधर, इस पर हरिभूमि से चर्चा में पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने कहा कि कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए वह लगातार अपना लोकेशन बदलते हुए महाराष्ट्र से कर्नाटक के बेंगलुरु, तेलंगाना के हैदराबाद होते हुए छत्तीसगढ़ के जगदलपुर सड़क मार्ग से पहुंचा था। मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम लोकेशन को ट्रेस ▶▶|शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### नदी में गिरा वाहन, चार पर्यटकों की मौत

**श्रीनगर।** मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के सोनमर्ग इलाके में नौ पर्यटकों को ले जा रहा एक वाहन सिंध नदी में गिर गया। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि स्थानीय चालक समेत तीन लोगों को बचा लिया गया है। हालांकि दो पर्यटक अभी लापता हैं। इलाके में भारी बारिश के कारण बचाव कार्य को देर शाम सुबह तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

# राहुल आज सकरी में, खड़गे कल, शाह की 1 मई को सभा, प्रियंका 2 को आएंगी कोरबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए भी भाजपा और कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी है। दो चरणों में सभाओं में पीछे रहने वाली कांग्रेस ने अब तीसरे चरण के लिए लगातार अपने राष्ट्रीय नेताओं की सभाएं कराने की तैयारी की है। इस कड़ी में सोमवार को राहुल गांधी की बिलासपुर ▶▶|शेष पेज 4 पर






**कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं की लगातार सभाएं:** कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं की लगातार सभाएं होंगी। सोमवार को राहुल गांधी की सभा बिलासपुर लोकसभा के सकरी में दोपहर 4.15 बजे होगी। राहुल गांधी विमान से बिलासपुर आकर हेलीकॉप्टर ▶▶|शेष पेज 4 पर

### शाह-प्रियंका की सभाएं

कोरबा लोकसभा सीट भी हाईप्रोफाइल है। इस सीट से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत की पत्नी ज्योत्सना महंत एक फिर से मैदान में हैं। उनके सामने भाजपा ने पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय को मैदान में ▶▶|शेष पेज 4 पर

### ट्रक-वैन में टक्कर से 3 पुलिसकर्मियों की मौत

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज में रविवार को एक ट्रक ने एक वैन को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे 3 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। हादसे में 12 से अधिक लोग घायल हो गए। यह घटना बरहिमा बाजार के निकट तब हुई, जब वैन में सवार पुलिस टीम लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत ड्यूटी करने के लिए सुपौल जा रही थी।

### INDIAN PREMIER LEAGUE 2024 स्कोर बोर्ड

गुजरात 200/3 Vs बेंगलोर 206/1

9 विकेट से जीती बेंगलोर

100* रन : विल जैक्स
प्लेयर ऑफ द मैच

चेन्नई 212/3 Vs हैदराबाद 134/10

78 रन से जीती सुपर किंग्स

98 रन : ऋतुराज गायकवाड़
प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच

दिल्ली Vs कोलकाता

समय : शाम 7.30 बजे













लोकसभा चुनाव में पहली बार उतरे रायपुर लोकसभा सीट के कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय का मुकाबला सियासी तौर पर हैवीवेट माने जाने वाले भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल से हो रहा है, लेकिन इस चुनाव में विकास उपाध्याय धन खर्च करने के मामले में बृजमोहन से आगे चल रहे हैं। उधर दुर्ग सीट पर भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने चुनावी खर्च के मामले में अपने प्रतिद्वंदी राजेंद्र साहू को बहुत पीछे छोड़ रखा है। इन दोनों सीटों पर अन्य दलों के प्रत्याशी दोनों प्रमुख दलों कांग्रेस-भाजपा के प्रत्याशियों के मुकाबले धन खर्च करने में बहुत दूर नजर आ रहे हैं। इन दोनों सीटों पर 7 मई को मतदान होगा।

# रायपुर में चुनावी खर्च में बृजमोहन से आगे विकास दुर्ग में बघेल कांग्रेस से कई गुना अधिक लगा चुके

## 7 मई को तीसरे चरण में यहां होगी वोटिंग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

छत्तीसगढ़ की 11 सीटों में से एक प्रमुख सीट रायपुर लोकसभा है। पिछले कई चुनावों के परिणामों को देखा जाए तो इस सीट पर भाजपा का राज रहा है। यह सीट 1991 से लगातार भाजपा जीत रही है। पिछले चुनाव में भी भाजपा ने करीब साढ़े तीन लाख वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी, लेकिन पार्टी ने इस बार वर्तमान सांसद सुनील सोनी को इस बार टिकट नहीं दिया। उनकी जगह कहीं अधिक प्रबल प्रत्याशी के रूप में विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को उतारा है, जो विधानसभा के आठ चुनाव लगातार जीत चुके हैं। लोकसभा चुनाव में बृजमोहन अग्रवाल ने अब तक 5 लाख, 13 हजार 581 रुपए खर्च का हिसाब निर्वाचन आयोग को दिया है, लेकिन उनके मुकाबले उतरे कांग्रेस के विकास उपाध्याय कम से कम खर्च के मामले में तो भाजपा के हैवीवेट प्रत्याशी से आगे हैं। उन्होंने अब तक 7 लाख 12 हजार 587 रुपए खर्च किए हैं।





## अन्य दलों के प्रत्याशी खर्च करने में पीछे

**रायपुर से 38 प्रत्याशी मैदान में**

*रायपुर लोकसभा सीट से इस बार 38 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें प्रमुख राजनीतिक दलों के अलावा छोटे दल और कई निर्दलीय प्रत्याशी भी शामिल हैं। यहां से बहुजन समाज पार्टी की प्रत्याशी ममता रानी साहू हैं। वे कांग्रेस-भाजपा के प्रत्याशियों से खर्च के मामले में काफी पीछे हैं। वहीं रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के प्रत्याशी हीरानंद नागवानी मैदान में है। वे अब तक 45 हजार 370 रुपए लगा चुके हैं। जबकि हमर राज पार्टी के उम्मीदवार सुरेश कुमार नेताम ने 20 हजार 750 रुपए खर्च किए हैं।*

### दुर्ग में दम दिखा रहे विजय बघेल

दुर्ग लोकसभा सीट से 2019 का चुनाव करीब 3 लाख 60 हजार वोटों से जीतने वाले भाजपा नेता विजय बघेल इस बार के चुनाव में भी पूरी ताकत दिखा रहे हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस के राजेंद्र साहू से है। विजय बघेल ने अब तक 14 लाख 7 हजार 716 रुपए खर्च किए हैं, पर इनके मुकाबले चुनाव लड़ रहे राजेंद्र साहू काफी पीछे हैं। उन्होंने अब तक 2 लाख 341 रुपए खर्च करने का हिसाब निर्वाचन आयोग को दिया है। इसी सीट से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी दिलीप रामटेके है। उन्होंने 84 हजार 860 रुपए खर्च किए हैं।



## आमने/सामने

### धर्म परिवर्तन कराने वाले की गर्दन काट देना

**रिकेश सेन**



भाजपा विधायक रिकेश सेन ने माता लक्ष्मी की तुलना भाजपा के निशान कमल फूल से करते हुए कहा, जो राम को लाए हैं, उन्हें फिर लाना है। उन्होंने कहा, सनातन धर्म और हिंदुत्व की रक्षा के लिए अगर जान भी देनी पड़े तो देना, लेकिन धर्म को कभी बदलने नहीं देना। उन्होंने कहा, देश के अंदर जो धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश करे तो उसकी गर्दन काट कर रख देना।

### धर्म, जात, बिरादरी की बातों को संज्ञान में ले आयोग

**सचिन पायलट**



प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने भाजपा विधायक रिकेश सेन के विवादित बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा, चुनाव आयोग को इसे संज्ञान में लेना चाहिए। इस तरीके से धर्म, जाति, बिरादरी की बात करने से स्वस्थ लोकतंत्र की अच्छी परंपरा स्थापित नहीं हो रही है। उन्होंने कहा, मुद्दों की बात होनी चाहिए, रोजगार, खाद, तेल, बिजली और लोगों की मूलभूत सुविधाओं पर बात होनी चाहिए।

## 'शहजादे ने महाराजाओं का किया अपमान'

**बेलगावी (कर्नाटक)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारत के राजाओं और महाराजाओं का अपमान करने का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने राहुल पर तुष्टीकरण की राजनीति की खातिर नवाबों, निजामों, सुल्तानों और बादशाहों की ओर से किए गए अत्याचारों पर एक भी शब्द नहीं बोलने का भी आरोप लगाया। उन्होंने विरासत कर मुद्दे पर भी कांग्रेस के खिलाफ हमला जारी रखा और कानून व व्यवस्था की स्थिति को लेकर कर्नाटक में पार्टी की सरकार पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोगों की संपत्तियां बढ़ाने पर काम कर रही है, लेकिन कांग्रेस का शहजादा (राहुल गांधी) और उनकी बहन (प्रियंका गांधी वाड्रा) दोनों यह घोषणा कर रहे हैं कि अगर वे सत्ता में आए तो वे देश का एक्स-रे करेंगे।

### कर्नाटक की चुनावी सभा में पीएम मोदी ने साधा राहुल पर निशाना



### राहुल-प्रियंका से पूछे सवाल

प्रधानमंत्री ने पूछा कि वे आपकी संपत्ति, बैंक लॉकर, जमीन, वाहनों, स्त्रीधन और महिलाओं के आभूषण, सोने, मंगलसूत्र का एक्स-रे करेंगे। ये लोग हर घर पर छापा मारेंगे और आपकी संपत्ति पर कब्जा करेंगे। कब्जा करने के बाद वे इसे पुनः वितरित करने की बात कर रहे हैं, वे उसे अपने प्रिय वोट बैंक को देना चाहते हैं। ..क्या आप इस लूट को होने देंगे? मोदी ने कहा कि मैं कांग्रेस को आगाह करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि इस इरादे को छोड़ दीजिए। जब तक मोदी जिंदा है, मैं इसे होने नहीं दूंगा।

## 'दिल्ली वाले अंकल और नवीन बाबू की हुई शादी'

### उड़ीसा में राहुल ने बीजेपी-बीजद पर किया हमला

**केंद्रपाड़ा।** लोकसभा चुनाव के चलते कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ओडिशा के केंद्रपाड़ा में रैली को संबोधित किया। जिस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी और बीजू जनता दल की साझेदारी पर हमला करते हुए कहा कि इसे साझेदारी कहें या शादी, बीजेडी और बीजेपी एक साथ हैं। राहुल गांधी ने कहा कि जहां मोदी दिल्ली के करोड़पतियों के लिए सरकार चलाते हैं, वहीं नवीन पटनायक ओडिशा में चुनिंदा लोगों के लिए काम करने वाली सरकार चलाते हैं।



### अरबपतियों की सरकार

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक पर निशाना साधते हुए कहा कि जैसे पीएम नरेंद्र मोदी ने 22-25 अरबपतियों की सरकार केंद्र से चलाई, वैसे ही यहां नवीन पटनायक चुने हुए लोगों की सरकार चलाते हैं। पूरा का पूरा फायदा मुट्ठी भर लोगों का होता है और बाकी जनता देखती रह जाती है। राहुल गांधी ने आगे तेलंगाना का जिक्र करते हुए कहा कि तेलंगाना में बीजेपी और भारत राष्ट्रीय समिति की शादी थी। वहां पर हर रोज उनकी बारात निकलती थी।

### कांग्रेस व आप ने मिलकर भाजपा के खिलाफ रचा चक्रव्यूह

# क्लीन स्वीप की हैट्रिक... गुजरात में आसान नहीं भाजपा की डगर

*लोकसभा चुनाव में सूरत सीट को छोड़कर गुजरात की 25 सीटों के लिए सात मई को तीसरे चरण में मतदान होगा। पिछले दो लोकसभा चुनाव में सभी सीटें जीतकर क्लीन स्वीप करने वाली भाजपा तीसरी बार गुजरात को फतह करने की तैयारी में है और उसी चुनावी रणनीति के साथ चुनाव मैदान में है। लेकिन कांग्रेस और आप ने कुछ सीटो पर ऐसा सियासी दांव खेला है, कि भाजपा का गुजरात में 'क्लीन स्वीप' की हैट्रिक बनाने का सपना टूट सकता है?*

**ओपी पाल ▶▶ नई दिल्ली**

गुजरात के लोकसभा चुनाव में प्रमुख चुनावी मुकाबला कांग्रेस के साथ ही होना तय है, लेकिन इस बार गुजरात में चुनाव मैदान में उतरे अन्य दलों और निर्दलीयों की चुनावी ताल को भी नजरअंदाज करना सहज नहीं होगा, जो भाजपा व कांग्रेस की हार जीत के समीकरण को प्रभावित करने में सक्षम साबित हो सकते हैं।

गुजरात लोकसभा चुनाव में सूरत सीट को छोड़कर बाकी 25 सीटों के साथ ही सात मई को राज्य की पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए भी मतदान कराया जाएगा। पिछले दो लोकसभा चुनाव में क्लीन स्वीप करने वाली भाजपा एक दशक से सभी सीटों पर काबिज है। 182 सदस्यीय विधानसभा वाले गुजरात की 26 लोकसभा सीटों पर भाजपा अकेले दम पर चुनाव लड़ रही है। इनमें से सूरत लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द होने और बाकी सभी निर्दलीयों द्वारा अपने नामांकन वापस लेने की वजह से भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया जा सका है। यहां कांग्रेस ने 24 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किये हैं, जबकि दो सीटों पर कांग्रेस के सहयोगी दल ने अपने प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा के खिलाफ नई रणनीति के साथ चुनाव मैदान में उतरी कांग्रेस पार्टी का फोकस गुजरात की उन 14 लोकसभा सीटो पर होगा, जहां भाजपा ने मौजूदा सांसदों के टिकट काटकर नए चेहरों को उतारा है। गौरतलब है कि भाजपा ने अमित शाह, मनसुख मांडविया समेत केवल 12 मौजूदा सांसदों पर ही भरोसा जताया है। पिछले दिनों राजकोट लोकसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी एवं केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाल की टिप्पणी से इस बार राजपूत समुदाय ने भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है, हालांकि रूपाला ने दो बार चुनावी रैली के बाद इसके लिए माफी भी मांग ली है, लेकिन कांग्रेस इस मुद्दे को हवा देकर राजपूतों को साधने में जुट गई है।




### अमित शाह समेत कई दिग्गज

गुजरात की सभी 26 लोकसभा सीटों पर चुनाव और पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए 7 मई को मतदान होगा। गुजरात में 4,94,49,469 मतदाता इस चुनावी समर में मतदान करने के लिए पंजीकृत हैं। चुनाव में उतरे कुल 266 प्रत्याशियों में भाजपा के टिकट पर गांधीनगर सीट से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ ही राजकोट सीट से केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला, पोरबंदर सीट से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया की प्रतिष्ठा दांव पर है। वहीं दाहोद सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह भाभोर और भरुच सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री मनसुख भाई बरुवा भी भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। उधर कांग्रेस ने भी भाजपा के सामने चुनौती पेश करते हुए ज्यादातर सीटो पर केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों के सामने मौजूदा विधायकों को चुनावी जंग में उतारा है।

### पांच विधानसभा सीटो पर उपचुनाव

गुजरात लोकसभा की 26 सीटों के साथ पांच विधानसभा सीटों वीजापुर, पोरबंदर, माणावदर, खंभात व वाघोडिया के लिए उप चुनाव के लिए भी सात मई को वोटिंग होगी। इन सीटों पर 2022 के चुनाव में जीते कांग्रेस के चार एक निर्दलीय विधायक ने इस्तीफा देकर भाजपा का दामन था। हालांकि आप के एक विधायक भी इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हुए थे,लेकिन उस सीट पर चुनाव नहीं हो रहा है। भाजपा ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर उन्हीं पूर्व विधायकों को इन सीटो पर उम्मीदवार बनाया है। इन विधानसभा सीटो कांग्रेस के सामने बागियों को चुनौती देने की परीक्षा होगी।

*भाजपा के ऑफर को ठुकराया*

## वरुण का रायबरेली से चुनाव लड़ने से इंकार

**एजेंसी ▶▶ रायबरेली**



भाजपा ने पीलीभीत से मौजूदा सांसद वरुण गांधी का टिकट काटकर योगी के मंत्री जितिन प्रसाद को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, रायबरेली सीट पर प्रियंका गांधी वाड्रा के चुनाव लड़ने की अटकलें तेज हैं। भाजपा रायबरेली लोकसभा सीट पर गांधी बनाम गांधी कराना चाह रही थी, लेकिन वरुण गांधी ने पार्टी के ऑफर को ठुकरा दिया है। वरुण गांधी के करीबी सूत्रों ने बताया कि भाजपा ने उन्हें रायबरेली लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का ऑफर दिया था, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया है।

*राहुल गांधी पर गुमराह करने का लगाया आरोप*

## भागवत-शाह बोले, संघ-भाजपा हमेशा से आरक्षण का पक्षधर

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के बीच देश में एक बार फिर से आरक्षण पर बहस छिड़ गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरक्षण वाले बयान पर लगातार पलटवार किया जा रहा है। वहीं, इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसको लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने गारंटी देते हुए कहा है कि जब तक मोदी सरकार है तब तक आरक्षण जारी रहेगा। उधर, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी आरक्षण के मुद्दे पर अपनी बात रखी है। भागवत ने कहा है कि संघ हमेशा से इसका पक्षधर (आरक्षण) रहा है। तेलंगाना के एक कार्यक्रम के दौरान भागवत ने कहा कि संघ संविधान सम्मत सभी आरक्षण का प्रारंभ से ही समर्थन करते आया है। लेकिन कुछ लोग झूठे वीडियो चला रहे हैं। संघ का मानना है कि आरक्षण तब तक दिया जाना चाहिए जब तक कि इसकी जरूरत है।





### जब तक मोदी सरकार है आरक्षण खत्म नहीं होगा

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी लोगों को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। अगर बीजेपी की मनसा आरक्षण खत्म करने की होती तो कर चुकी होती। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा ओबीसी, एससी और एसटी के आरक्षण पर हमले किए हैं। वहीं भागवत ने कहा कि संघ शुरू से ही आरक्षण के पक्ष में रहा है। शाह ने कहा कि जामिया और अलीगढ़ यूनिवर्सिटी में आज भी एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक मोदी सरकार है तब तक एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण पर कुछ नहीं होगा।

*सपा नेता शिवपाल यादव ने कहा*

## योगी के पास संतों जैसा वेश लेकिन ज्ञान नहीं

**एजेंसी ▶▶ लखनऊ**



सपा नेता शिवपाल यादव ने सीएम योगी के चूरन वाले बयान पर कहा है कि वो संतों जैसे कपड़े केवल पहनते हैं लेकिन संतो जैसा उनको ज्ञान नहीं है। लगता है उनका ये नहीं पता है कि सत्यनारायण भगवान की कथा में चूरन नहीं बल्कि प्रसाद वितरित होता है। दरअसल जसवंतनगर में एक रैली को संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि शिवपाल यादव को असहाय स्थिति में देखकर मुझे दया आती है। समाजवादी पार्टी में उनकी भूमिका उस व्यक्ति की तरह है, जो सत्यनारायण की कथा सुनता है और फिर वहां वितरित चूरन खाता है।'

## 1987 का एक मामला है चुनाव आयोग की सख़्ती की मिसाल

# ...जब छीना गया था बाल ठाकरे का वोट डालने का अधिकार

## शिवसेना प्रमुख ने दिया था आपत्तिजनक बयान, हुआ था जमकर बवाल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**

इन दिनों लोकसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों का प्रचार अभियान जारी है। बीजेपी के चुनाव प्रचार में राम मंदिर का इस्तेमाल और राजस्थान के बाँसवाड़ा में प्रधानमंत्री मोदी के भाषण में मुसलमानों के बारे में की गई टिप्पणी ताज़ा उदाहरण हैं जहाँ चुनाव आयोग की भूमिका पर विपक्षी दल सवाल पूछ रहे हैं। -ऐसे माहौल में करीब ढाई दशक पहले भड़काऊ चुनावी भाषण के लिए शिव सेना के संस्थापक बाल ठाकरे पर छह साल के लिए चुनाव लड़ने और वोट देने पर लगी पाबंदी याद आती है। दरअसल, 1987 में महाराष्ट्र विधानसभा की विले पार्ले (मुंबई) सीट पर उप-चुनाव हो रहा था। मुख्य मुक़ाबला कांग्रेस के उम्मीदवार प्रभाकर काशीनाथ कुंटे और निर्दलीय उम्मीदवार डॉ. रमेश यशवंत प्रभु के बीच था, डॉ. रमेश प्रभु को बाल ठाकरे की पार्टी शिव सेना का समर्थन था। शिव सेना सुप्रीमो बाल ठाकरे खुद डॉ. रमेश प्रभु के लिए चुनावी सभाओं के जरिए वोट मांग रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा था कि 'हम हिंदुओं की रक्षा के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। हमें मुस्लिम वोटों की चिंता नहीं है। ये देश हिंदुओं का था और हिंदुओं का ही रहेगा। उनके इन भाषणों की शिकायत हुई थी। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था और उन पर कार्रवाई भी हुई थी। उस समय सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जेएस वर्मा ने अपने फ़ैसले में लिखा था, "विले पार्ले विधानसभा क्षेत्र में 29 नवंबर, 9 दिसंबर और 10 दिसंबर 1987 को चुनावी सभाओं में डॉ. रमेश प्रभु और बाल ठाकरे के दिए गए भाषणों को जांच का आधार बनाया गया है। उनके इन भाषणों के आधार पर दोनों को चुनाव में भ्रष्ट आचरण का दोषी पाया जाता है।



### बाल ठाकरे छह साल के लिए मताधिकार से किए गए वंचित

सुप्रीम कोर्ट की ओर से बाल ठाकरे का मामला राष्ट्रपति को भेजा गया, उस समय राष्ट्रपति थे केआर नारायणन. मुख्य चुनाव आयुक्त के पद पर उस समय डॉ. मनोहर सिंह गिल थे और उनके साथ जेएम लिंग्दोह और टीएस कृष्णमूर्ति चुनाव आयुक्त थे। राष्ट्रपति नारायणन ने तय प्रक्रिया के तहत बाल ठाकरे का मामला चुनाव आयोग के पास भेजा, चुनाव आयोग ने 22 सितंबर 1998 को अपनी सिफ़ारिश राष्ट्रपति कार्यालय को भेजी, इस सिफ़ारिश में तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ. मनोहर सिंह गिल ने लिखा था कि अदालत में दोषी पाए जाने के कारण बाल ठाकरे को छह साल (11 दिसंबर 1995 से 10 दिसंबर 2001 तक) के लिए मताधिकार से वंचित कर दिया जाए। चुनाव आयोग की इस सिफारिश पर तत्कालीन राष्ट्रपति केआर नारायणन ने 28 जुलाई 1999 को छह साल के लिए बाल ठाकरे के मताधिकार पर रोक लगा दी थी।

### 2004 में हटा था प्रतिबंध

यह पूरा वाकया बताता है कि उस समय देश की संवैधानिक संस्थाएं अपने आपमें कितनी मजबूत और अपने दायित्वों के प्रति कितनी मुस्तैद थीं। सजा के कारण बाल ठाकरे 1999 के लोकसभा चुनाव और महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव में वोट नहीं डाल पाए थे, उन्होंने 2004 में प्रतिबंध हटने के बाद पहली बार वोट डाला था।

रायपुर
सोमवार, 29 अप्रैल 2024
बैशाख कृष्ण पक्ष षष्ठी
वर्ष : 22, अंक : 281
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 36.2
न्यून. 27.8

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



07 'हीरामंडी' में दिखाएंगी बागी अवतार

विचार पेज
02 कम मतदान ने परेशानी बढ़ाई

# खत्म होगा नियामक आयोग, सीधे शासन के अधीन होंगे निजी विवि, जून से पहले बदला जाएगा आर्डिनेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

प्रदेश के निजी विश्वविद्यालय अब नियामक आयोग के अधीन ना होकर सीधे शासन के अधीन लाए जा सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के लिए बनाई गई विभिन्न कमेटियों ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। ये रिपोर्ट उच्च स्तर पर भेजे जा चुके हैं। वहां से अनुमति मिलने के बाद इसे लागू कर दिया गया जाएगा। कमेटी द्वारा भेजे गए ⏭ शेष पेज 4 पर




## राष्ट्रीय शिक्षा नीति : ड्राफ्टिंग कमेटी सहित अन्य ने सौंपी रिपोर्ट, अंतिम निर्णय शेष

- प्राइवेट यूनिवर्सिटी की मनमानी पर लगाया जाएगा लगाम, मानने होंगे कानून

कई चरणों में होगा लागू

टास्क फोर्स के गठन की घोषणा उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने की थी। इसके बाद तकनीकी कमेटी, ड्राफ्टिंग कमेटी से लेकर कई अन्य तरह की कमेटियां गठित की गई हैं। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, कमेटी द्वारा पेश किए गए रिपोर्ट पर उच्च स्तर पर मंथन प्रारंभ हो गया है। दो महीने से भी कम का समय शेष रहने के कारण तीव्र गति से सभी प्रक्रियाएं पूर्ण की जा रही है। ऐसे में मई में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर सभी तरह की स्थिति स्पष्ट होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रीय शिक्षा नीति को एक साथ लागू ना करते हुए चरणों में लागू किया जाएगा। सत्र 2024-25 में केवल प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए ही यह लागू होगा।

### यूनिवर्सिटी एक्ट 1973 में बदलाव

सभी विश्वविद्यालयों का अपना ऑर्डिनेंस होता है। इसमें परीक्षा लेने के तरीकों से लेकर अन्य चीजों का विस्तारपूर्वक जिक्र होता है। इसके आधार पर ही विश्वविद्यालय परीक्षा आयोजित किए जाने से लेकर अन्य तरह की कार्रवाई करता है। चूंकि परीक्षा पैटर्न वार्षिक से बदलकर सेमेस्टर आधार पर किया जाना है, इसलिए इसके लिए ऑर्डिनेंस में बदलाव जरूरी है। प्रतिवर्ष 15 जून से नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो जाता है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इस संदर्भ में शैक्षणिक कलैंडर जल्द ⏭ शेष पेज 4 पर

## हरिभूमि में खबर छपने के बाद पाठक भेज रहे ऐसी तस्वीरें






*दैनिक हरिभूमि ने बस यात्रियों की समस्या पर 28 अप्रैल को प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद पाठक ऐसी तस्वीरें हरिभूमि को भेज रहे हैं। यह तस्वीर प्रयागराज से दुर्ग आ रही बस की है, जिसमें यात्री ऐसे ठूंसे गए हैं, जिससे यह पहचानना मुश्किल है, कि यह बस है या ट्रेन।*

## बसों में भरी जा रही जबरिया सवारी, यात्री हो रहे हलाकान

- अनूपपुर, रीवा, प्रयागराज और अंबिकापुर की बसों की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हरिभूमि फॉलोअप

बसों की सवारी कर रहे यात्रियों को लिए खासी मुसीबत सामने आ रही है, लंबी दूरी की बसों के में भेड़ चाल में सवारी भर रहे हैं। स्लीपर और एसी गाड़ियों का हाल बेहाल है। मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और अन्य राज्यों को जाने वाली बसों में निर्धारित सीटों से कहीं ज्यादा सवारी ढोई जा रही है, वहीं आरटीओ अधिकारी चुनाव में व्यस्त होने के कारण बस संचालकों की चांदी कट रही है। परिवहन अधिकारियों के चुनाव में व्यस्त होने के ⏭ शेष पेज 4 पर

### लंबी रूट की बसों की जांच नहीं

खास बात यह है कि लंबी रूट की बसों की शिकायत लगातार हो रही है, लेकिन बावजूद इसके परिवहन विभाग की कार्रवाई नहीं हो रही है। दरअसल पिछले 6 माह से परिवहन विभाग द्वारा महज ⏭ शेष पेज 4 पर

### की जाएगी कार्रवाई

दुर्ग से चलने वाली बसें हैं, बिलासपुर परिक्षेत्र से इनका परमिट नहीं है। फ्लाइंग स्क्वायड की टीम कार्रवाई करती है, लेकिन अभी पूरा महकमा चुनाव के चलते व्यस्त है। चुनाव निबटने के बाद कार्रवाई जरूर की जाएगी। जिनकी शिकायत मिली है उन्हें नोटिस भिजवाया जाएगा।

- **आसीम माथुर**, आरटीओ परिवहन विभाग

सागर में अभियान : गुजरात तट पर पर पाक नाव से 600 करोड़ की ड्रग्स बरामद

# 86 किलो ड्रग्स के साथ समंदर के रास्ते आ रहे 14 पाकिस्तानी गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

*गुजरात तट से आतंकवाद विरोधी दस्ते और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने संयुक्त ऑपरेशन के जरिए 86 किलोग्राम ड्रग्स बरामद किया है। बाजार में इसकी कीमत करीब 602 करोड़ रुपए आंकी गई है। एटीएस और एनसीबी ने सागर में अभियान चलाकर संयुक्त कार्रवाई की। इस दौरान 14 पाकिस्तानी नागरिकों को भी गिरफ्तार किया है। पिछले 3 सालों में 11 ऐसे सफल ऑपरेशन को इंडियन कोस्ट गार्ड ने अंजाम दिया है, जिसमें करोड़ों की ड्रग्स बरामद की गई।*

भारतीय तटरक्षकों ने गुजरात तट पर पाकिस्तानी नौका से 600 करोड़ रुपए मूल्य का 86 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त करके 14 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। तटरक्षक बल ने रविवार को यह जानकारी दी। गुजरात आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने संयुक्त रूप से रात के समय अरब सागर में अभियान चलाया था। बल ने एक विज्ञप्ति में कहा, भारतीय तटरक्षकों ने 28 अप्रैल को खुफिया जानकारी के आधार पर सागर में अभियान चलाया। पाकिस्तानी नाव से 600 करोड़ रुपए मूल्य का लगभग 86 किलोग्राम मादक पदार्थ पकड़े जाने के बाद नौका में सवार 14 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।तटरक्षक बल ने अभी यह खुलासा नहीं किया है कि पाकिस्तानी नाव से किस तरह का मादक पदार्थ बरामद किया गया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि अभियान के लिए तटरक्षक जहाजों और विमानों को तैनात किया गया था। ⏭ शेष पेज 4 पर

### 3 सालों में 11 ऐसे सफल ऑपरेशन, करोड़ों की ड्रग्स

#### मास्टरमाइंड समेत 14 गिरफ्तार

बोट में मास्टरमाइंड नासिर हुसैन समेत 14 को पकड़ा गया, सभी बलूचिस्तान के रहने वाले हैं। इस दौरान 86 किलोग्राम का हेरोइन जब्त किया गया है, जिसकी कीमत 600 करोड़ है।



#### अफसरों पर नाव चढ़ाने की कोशिश

ऑपरेशन के दौरान गिरफ्तारी से बचने की कोशिश में पाकिस्तानी नागरिकों ने एटीएस अधिकारियों पर अपनी नाव चढ़ाने की कोशिश की। पुलिस को जवाबी कार्रवाई में फायरिंग करनी पड़ी। इसके बाद संदिग्धों को पकड़ लिया गया। सुरक्षा एजेंसियां पिछले दो दिनों से अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा के पास भारतीय जल सीमा के भीतर तलाशी अभियान चला रही थीं।

### हिंद महासागर में नौसेना और एनसीबी के बड़े ऑपरेशन

पिछले दो वर्षों भारतीय नौसेना ने एनसीबी के साथ मिलकर हिंद महासागर में तीन बड़े ऑपरेशन किए हैं। फरवरी 2022 में एनसीबी और भारतीय नौसेना ने गुजरात तट के पास एक जहाज जब्त किया था, जिस पर से 2 क्विंटल से अधिक मेथामफेटामाइन बरामद किया गया था। एनसीबी ने मई 2023 में पाकिस्तान के एक जहाज से कम से कम 12 हजार करोड़ रुपये का 2500 किलोग्राम मेथामफेटाइमन जब्त किया था। उस जहाज को भारत, श्रीलंका और मालदीव में कार्टेल को ड्रग्स सौंपने से पहले ही हिंद महासागर में रोक लिया गया था।

## बस को चीरते हुए निकल गया ट्रक, आठ की मौत

हादसे में 25 से ज्यादा घायल



एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी के उन्नाव में रविवार की दोपहर भीषण हादसा हो गया। आमने-सामने की टक्कर के बाद ट्रक ने बस को एक साइड से चीर दिया। इससे आठ यात्रियों की मौत हो गई है। 25 से ज्यादा लोग घायल हैं। इनमें कई की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है। डॉक्टरों ने सभी को प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है। हादसा सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में जमल्दीपुर के पास हुआ है। बताया जाता है कि बांगरमऊ की ओर से उन्नाव आ रही निजी बस सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के जमल्दीपुर गांव के पास पहुंची थी।

### बस पर लटके रहे घायल

हादसा होते ही चीख पुकार मच गई। घायल लोग बस से बाहर तक लटके दिखाई दिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन घायलों को सीएचसी सफीपुर पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने दो को मृत घोषित कर दिया। पांच अन्य ने बाद में दम तोड़ दिया। घटना के बाद ट्रक चालक चकलवंशी मार्ग से होते हुए भाग निकला। पुलिस को सूचना के बाद जिले में नाकाबंदी कर दी गई है।

### एक का सिर फटा, दो का सिर कटा

हादसा इतना भयानक था कि एक यात्री सड़क पर उछल कर गिर गया। इससे उसका सिर फट गया। यही नहीं, दो यात्रियों का सिर कट कर अलग हो गए। उधर, घायलों का सफीपुर सीएचसी और जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। जिला अस्पताल के भी डॉक्टर को अलर्ट कर दिया गया है। घायल और मृतकों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

## जंगलों में आग, अफसरों की छुट्टियों पर रोक

एजेंसी ⏭ देहरादून

- उत्तराखंड में आगजनी की बढ़ी घटनाएं

उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग की घटनाओं को देखते हुए शासन ने वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी है। प्रमुख सचिव वन रमेश कुमार सुधांशु की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया, वर्तमान वनाग्नि सत्र के दौरान यह रोक रहेगी।



### वनाग्नि के अब तक 584 मामले

उत्तराखंड में अब तक 584 वनाग्नि के मामले सामने आए हैं, जिसमें कुमाऊं को 322 मामलों के साथ सबसे अधिक प्रभावित माना जा रहा है। गढ़वाल में 211 वनाग्नि के मामले सामने आए। प्रशासनिक फॉरेस्ट क्षेत्र 51 मामले सामने आए हैं। नैनीताल और आसपास के क्षेत्र भी प्रभावित हुए हैं, जिसमें लगभग 100 हैक्टेयर भूमि वनाग्नि में जल कर खाक हो गई।

## दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष लवली का इस्तीफा

### कांग्रेस को बड़ा झटका, 'आप' के साथ गठबंधन का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

चुनाव के दौरान कांग्रेस को झटका देते हुए वरिष्ठ नेता अरविंदर सिंह लवली ने पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। इसकी वजह आप से गठबंधन को बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की दिल्ली इकाई गठबंधन के खिलाफ थी लेकिन पार्टी आलाकमान ने गठबंधन को स्वीकृति दे दी।

### खड़गे को लिखा पत्र

खड़गे को लिखे पत्र में लवली ने कहा, भारी मन से मैं आपको यह पत्र लिख रहा हूं कि मैं लाचार महसूस कर रहा हूं और दिल्ली पार्टी इकाई का अध्यक्ष बने रहने में असमर्थ हूं।



### कांग्रेस की गुटीय कलह

आप के साथ गठबंधन के विरोध में कांग्रेस की दिल्ली इकाई के प्रमुख अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफे ने पार्टी की गुटीय कलह को खुलकर सामने ला दिया है।

दिल्ली में सियासी गर्मी

## चुनाव आयोग का आदेश आप बदले कैंपेन सांग




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने आम आदमी पार्टी के कैंपेन के एक गाने पर एक्शन लिया है। आयोग ने 'आप' को आदेश देते हुए कहा है कि चुनावी अभियान वाले गाने में बदलाव करके उसे आयोग में फिर से जमा करें। गाने के एक बोल पर चुनाव आयोग का कहना है कि 'आप' के चुनावी गाने के एक नारे में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का बार-बार जिक्र आना न्यायपालिका पर संदेह पैदा करता है। यह आयोग की गाइडलाइन का उल्लंघन करता है।

### एक नारे पर जताई आपत्ति

लोकसभा चुनावों के दौरान आम आदमी पार्टी ने कैंपेन के लिए एक गाना बनाया है। इस गाने में एक नारा है जिसमें कहा जा रहा है कि, जेल का जवाब हम वोट से देंगे। 'आप' के कैंपेन के इस गाने के दौरान अरविंद केजरीवाल की जेल की एक काल्पनिक तस्वीर भीड़ पकड़े हुए दिख रही है। इस वाक्य को गाने में कई बार इस्तेमाल किया गया है। चुनाव आयोग ने गाने के इस बोल पर आपत्ति जताते हुए उसमें बदलाव करने के लिए कहा है।

### आप ने कहा- यह भाजपा का षड्यंत्र



आम आदमी पार्टी नेता और दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने इसे भाजपा का षड्यंत्र बताया है। आतिशी ने कहा कि देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है जब किसी पार्टी के कैंपेन सॉन्ग पर प्रतिबंध लगाया गया है। आतिशी ने का कहा कि चुनाव आयोग भाजपा द्वारा आचार संहिता के उल्लंघन को अनदेखा कर रहा है।

25 YEARS NEW HOLLAND INDIA

NEW HOLLAND

IS JAISA KOI NAHIN!



EXCEL ULTIMA 5510

न्यू हॉलैंड परिवार में आपका स्वागत है

श्री मोटर्स, राजनंदगांव

सेल्स सर्विस स्पेयर्स

बदलते भारत की पहली पसंद
डीजल में कम, काम में दम

6 साल T-वारंटी

राजनांदगांव में ट्रैक्टर खरीदने के लिए कॉल करें - 9617855000, 9406328810

Visit us at: www.newholland.com/in

T&C Apply*

निम्नलिखित स्थानों पर न्यू हॉलैंड की डीलरशिप लेने के लिए संपर्क करें- 9039058378
महासमुंद, पिथौरा, बिलासपुर, मुंगेली, कांकेर, सूरजपुर, बलरामपुर, पत्थलगांव, जशपुर, रायगढ़, सारंगढ़, राजिम, गरियाबंद, बलौदा बाजार, कोरबा एवं बैकुंठपुर

## चिंतन

# गर्म हो रहे हिंद महासागर से समुद्री हीटवेव के खतरे

धरती पर मनुष्य समेत सभी जीवों के अस्तित्व की रक्षा के लिए पर्यावरण की सुरक्षा वैश्विक एजेंडे के केंद्र में होनी चाहिए। तमाम चेतावनियों के बावजूद दुर्भाग्य से पर्यावरण सुरक्षा आज विश्व की सरकारों की प्राथमिता नहीं बन पाई है। पर्यावरण सुरक्षा, क्लाइलमेट चेंज, ग्लोबल वार्मिंग, ब्लैक होल, अल्ट्रा वायलेट रे आदि शब्द चर्चाओं, बहसों व बौद्धिक विमर्शों में जरूर गूंजते हैं, लेकिन धरती को सुरक्षित करने के लिए विश्व की सरकारें एकजुटता से कदम नहीं उठा रही हैं। ताजा अध्ययन में कहा गया है कि हिंद महासागर के गर्म होने से आसपास के प्रभावित देशों में विनाशकारी प्रभाव पड़ेंगे। पुणे स्थित भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के जलवायु वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन में कहा है कि हिंद महासागर में वर्ष 2020 और 2100 के बीच समुद्री सतह के 1.4 डिग्री सेल्सियस से तीन डिग्री सेल्सियस तक गर्म होने की उम्मीद है, जो चक्रवात में तेजी लाएगा, मानसून को प्रभावित करेगा और समुद्र के जल स्तर में वृद्धि करेगा। समुद्री 'हीटवेव' (समुद्र के तापमान के असमान्य रूप से अधिक रहने की अवधि) के प्रतिवर्ष 20 दिन (1970-2000) से बढ़कर प्रतिवर्ष 220-250 दिन होने का अनुमान है, जिससे उष्ण कटिबंधीय हिंद महासागर 21वीं सदी के अंत तक स्थायी 'हीटवेव' स्थिति के करीब पहुंच जाएगा। समुद्री 'हीटवेव' के कारण मूंगों का रंग खत्म हो जाता है, समुद्री घास नष्ट हो जाता है और जलीय पारिस्थितिकी को नुकसान पहुंचता है। इससे मत्स्य पालन क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यह चक्रवात के कम अवधि में जोर पकड़ने की भी एक प्रमुख वजह है। 'उष्णकटिंबंधीय हिंद महासागर के लिए भविष्य के पूर्वानुमान' शीर्षक वाले अध्ययन के अनुसार, हिंद महासागर के जल का तेजी से गर्म होना केवल इसके सतह तक सीमित नहीं है। हिंद महासागर में, उष्मा की मात्रा सतह से 2,000 मीटर की गहराई तक वर्तमान में 4.5 जेटा जूल प्रति दशक की दर से बढ़ रही है और इसमें भविष्य में 16-22 जेटा-जूल प्रति दशक की दर से वृद्धि होने का अनुमान है। उष्मा की मात्रा में भविष्य में होने वाली वृद्धि एक परमाणु बम (हिरोशिमा में हुए) विस्फोट से उत्पन्न होने वाली ऊर्जा के समान होगा। अधिकतम 'वार्मिंग' अरब सागर सहित उत्तर पश्चिम हिंद महासागर में होगी, जबकि सुमात्रा और जावा के तटों पर कम 'वार्मिंग' होगी। हिंद महासागर के अत्यधिक गर्म होने से भारत समेत सभी उष्णकटिबंधीय देश प्रभावित होंगे। ग्लोबल वार्मिंग के समुद्र का स्तर बढ़ना, प्रतिकूल मौसम, अत्यधिक गर्मी, मच्छरों की आबादी का बढ़ना, कीट-जनित संक्रमणों का खतरा, ग्लेशियर का पिघलना, जैव विविधता में बदलाव, मिट्टी का अम्लीकरण, बवंडर, तूफ़ान, और जंगल की आग और मानव स्वास्थ्य का खराब होना, पानी की किल्लत, भूजल स्तर में कमी आदि खतरे हैं। धरती पर तापमान बढेंगे तो गर्मी से मौतें बढ़ेंगी, किडनी की कार्यक्षमता प्रभावित होगी, अंग फ़ेलियर होंगे, डिहाइड्रेशन बढ़ेगा, दिल और फ़ेफ़ड़े की बीमारियां बढेंग़ी, वायरल इंफ़ेक्शन व एलर्जी के मामले बढ़ेंगे, प्रसव में परेशानियां होंगी, मानसिक बीमारियां बढ़ेंगी। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के मुताबिक, ग्लोबल वार्मिंग से बैंक, कृषि, परिवहन, और विकासशील देशों को खास तौर पर नुकसान होगा। इसलिए ग्लोबल वार्मिंग रोकने के लिए तत्काल हरित तकनीक और प्रकृति अनुकूल जीवन अपनाने होंगे। प्रदूषण के सभी स्त्रोतों को बंद करने होंगे। आपसी टकराव खत्म करके विकसित व विकासशील देश पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलकर काम करें।



# कम मतदान ने परेशानी बढ़ाई

आम चुनाव
प्रमोद भार्गव

> दो चरणों के चुनाव में 190 सीटों पर मतदान हो चुका है। यानी कुल 543 में से 35 प्रतिशत संसदीय क्षेत्रों के उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद हो चुका है। इन दो चरणों में हुए कम मतदान ने राजनीतिक दलों के साथ मतदाता को भी भ्रमित कर दिया है, जबकि चुनाव प्रचार चरम पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो ओबीसी के कोटे में कांग्रेस द्वारा कर्नाटक में मुस्लिमों को आरक्षण देने का मुद्दा उछालकर हिंदू वोटों को ध्रुवीकृत करने का काम भी किया। इसके बावजूद मतदान का नहीं बढ़ना भाजपा के लिए चिंता का सबब बन गया है। 60 प्रतिशत के आसपास पहुंचा मतदान अभी भी इस बात का संकेत है कि समूचे देश में भाजपा की बढ़त बनी हुई है।

देश में हुए दो चरणों के चुनाव में 190 सीटों पर मतदान हो चुका है। यानी कुल 543 में से 35 प्रतिशत संसदीय क्षेत्रों के उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद हो चुका है। इन दो चरणों में हुए कम मतदान ने राजनीतिक दलों के साथ मतदाता को भी भ्रमित कर दिया है। जबकि चुनाव प्रचार चरम पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो ओबीसी के कोटे में कांग्रेस द्वारा कर्नाटक में मुस्लिमों को आरक्षण देने का मुद्दा उछालकर हिंदू वोटों को ध्रुवीकृत करने का काम भी किया, बावजूद मतदान का नहीं बढ़ना भाजपा के लिए चिंता का सबब बन गया है। मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के बाद दूसरे चरण में भी मतदान में कमी ने भाजपा नेताओं की परेशानी बढ़ा दी है। दूसरे चरण में उन महिला मतदाताओं अर्थात लाडली बहनों ने भी कम मतदान किया है, जिन्होंने विधानसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करके भाजपा को 163 सीटें दिलाई थीं। मतदाता के इस रुख के चलते जीत-हार का अनुमान लगाने वाली एजेंसियां भी असमंजस में है। मतदाता की उदासीनता के कारण ऊंट किस करवट बैठेगा, यह संशय बढ़ा दिया है।

लोकतंत्र में वैसे तो जनता देश की भाग्य-विधाता होती है, लेकिन जीत के बाद नेता और दल जनता के भाग्य-विधाता विकास का दावा करते-करते बन जाते हैं। इस कथित भाग्य-विधाता की दूसरे चरण में हुए कम मतदान के बाद नींद उड़ी हुई है। कम मतदान को राजनीतिक दल अपने हिसाब से परिभाषित करते हैं। ज्यादातर इसे सत्ताधारी दल के विपरीत हुआ मतदान माना जाता है, लेकिन नरेंद्र मोदी के आक्रामक प्रचार और हिंदुत्व की रणनीति के चलते फिलहाल यह कहना जल्दबाजी होगी कि मतदाता ने अपना रुख बदल दिया है। 60 प्रतिशत के आसपास पहुंचा मतदान अभी भी इस बात का संकेत है कि समूचे देश में भाजपा की बढ़त बनी हुई है, लेकिन जिस मध्यप्रदेश में भाजपा को लाडली बहनों से सबसे ज्यादा उम्मीद थी, वे मतदान के प्रति उदासीन दिखाई दी हैं। दूसरे चरण में खजुराहो, टीकमगढ़, दमोह, होशंगाबाद, रीवा और सतना में 59 प्रतिशत मतदान हुआ है, जबकि यहां 2019 में 67 प्रतिषत मतदान हुआ था। 2019 की तुलना में इनमें से चार सीटों पर महिलाओं ने कम मतदान किया है। टीकमगढ़ में 2019 में 63.80 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि 2024 में 56.35 प्रतिशत रह गया। सतना में 2019 में 70.77 था, जो अब 59.21 रह गया। खजुराहो में 2019 में 64.76 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो अब 53.06 रह गया। हालांकि दमोह और होशंगाबाद में महिलाओं ने वोट 2019 की तुलना में ज्यादा डाले। दो चरणों में 190 सीटों पर हुए मतदान में ज्यादातर सीटों पर कम मतदान के चलते भाजपा को झटका लगा है, जबकि अच्छे मतदान के लिए भाजपा ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर सूक्ष्म प्रबंधन के दावे किए थे। कार्यकर्ताओं को जुटाकर अमित शाह तक ने मतदाता को मतदान केंद्र तक पहुंचाने के गुर सिखाए थे। उधर जिला प्रशासन भी अधिक मतदान के लिए उन सब टोने-टोटकों को आजमाता रहा




है, जिन्हें मतदान बढ़ाने का परंपरागत फार्मूला माना गया है। हालांकि इन टोटकों में ज्यादा कुछ असरकारी कभी दिखाई नहीं दिया। प्रशासन की हुंकार पर सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों, आंगनवाड़ी महिला कार्यकर्ताओं और स्व-सहायता समूह की महिलाओं को इकट्ठा करके मानव श्रृंखला बनाकर और कुछ नारे लगाकर इन टोटकों की इतिश्री न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश में कर ली जाती है। जिसके नतीजे लगभग शून्य होते हैं।

बहरहाल भाजपा संगठन इस तैयारी में लगा रहा था कि मतदान लगभग 10 प्रतिशत तक बढ़ जाए। इस नाते भाजपा ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर 370 वोट बढ़ाने का पाठ भी कार्यकर्ताओं को पढ़ाया था, परंतु हुआ इसका उल्टा, 10 से 12 प्रतिशत तक मत-प्रतिशत कम हो गया। साफ है, वोट बढ़ाने का फार्मूला कारगर साबित नहीं हुआ है। संभव है अगले पांच चरणों में भी अब यही ट्रेंड देखने में आए? मध्यप्रदेश में भाजपा ने विधानसभा चुनाव में युद्ध स्तर पर मतदान केंद्रों तक मतदाता को पहुंचाने की जिम्मेदारी लेते हुए वोट-प्रतिशत 48.55 प्रतिशत तक पहुंचा दिया था। इसी का नतीजा रहा कि 230 विधानसभा सीटों में से भाजपा ने 163 सीटों पर विजय प्राप्त कर ली थी। भाजपा के इस केंद्र प्रबंधन की तारीफ भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में भी हुई। अतएव इसी फार्मूले को लोकसभा चुनाव में भी अजमाने के प्रबंध किए गए। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को कार्यशालाएं लगाकर प्रशिक्षित भी किया गया, लेकिन मत-प्रतिशत बढ़ने की बजाय घट गया। कार्यकर्ता और मतदाता के उदासीन होने के कारणों में विधानसभा चुनाव परिणाम में स्पष्ट बहुमत के बावजूद मुख्यमंत्री के चयन में उम्मीद से ज्यादा देरी और फिर मंत्रिमंडल के गठन में भी इसी देरी को दोहराना प्रमुख कारण रहे हैं। इस उदासीनता के पीछे एक बड़ा कारण शिवराज सिंह चौहान को हाशिए पर डालना भी रहा है, जबकि विधानसभा चुनाव में जीत का प्रमुख आधार उनकी लाडली लक्ष्मियां और बहनें रही हैं। शिवराज की लोक-लुभावन भाषण कला भी इस बड़ी जीत का एक राज रही है, जबकि मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद से लेकर अब तक उनका करिश्माई नेतृत्व किसी भी क्षेत्र में देखने में नहीं आया है। हालांकि अब नरेंद्र मोदी ने कहा है कि शिवराज को केंद्र में ले जाएंगे।

देश और मध्यप्रदेश में कम मतदान की झलक यह जता रही है कि फिलहाल कांग्रेस शून्य नहीं हो रही है। सुविधा भोगी मतदाता ने कम मतदान किया है। ज्यादातर शहरी मतदाता इन दोनों चरणों में शुक्रवार को मतदान के चलते शनिवार और रविवार की छुट्टी होने के कारण सपरिवार पर्यटन पर निकल गया। नतीजतन ऐसे लोगों ने मतदान की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। दूसरी तरफ दलों और कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक पहुंचाने से किनारा कर लिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने यह किनारा इसलिए किया, क्योंकि वे इस अतिविश्वास के शिकार हो गए हैं कि मोदी और राम में लहर बन जाने के कारण भाजपा 400 पार जा रही है। कांग्रेस और अन्य दलों के कार्यकर्ता इस गलतफहमी में हैं कि मोदी लहर के चलते उनके दल का पार पाना मुश्किल है, इसलिए उसने मतदाता को मतदान केंद्र तक पहुंचाने से दूरी बनाए रखी। कांग्रेस के पास संसाधनों की कमी के चलते भी यह स्थिति देखने में आई है। विपक्षी दल मतदाता को मुद्दों के आधार पर लुभाने में भी सफल नहीं हुए। विपक्षी दलों के बिखराव ने भी मतदाता को उदासीन बनाने का काम किया है। मतदाता ने सोच बना लिया कि इंडी गठबंधन बन जाने के बावजूद इसका कोई केंद्रीय नेतृत्वकर्ता सामने नहीं है, इसलिए मोदी पर भरोसा करना ही ठीक है। लेकिन यह उदासीनता देश हित में कतई उचित नहीं है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विडंबना

सुरेश हिंदुस्तानी



# तर्कहीन बयानों से जूझती चुनावी राजनीति

भारत में एक समय ऐसा भी था ज़ब राजनीति से आम जनमानस का विश्वास समाप्त होता जा रहा था। राजनीतिक दलों से जो अपेक्षा थी, सब जनता की अपेक्षाओं पर पानी फेरते दिखाई दे रहे थे। उस समय देश की यह अवधारणा बन गई थी कि अब भारत की राजनीति ऐसे ही चलती रहेगी, लेकिन 2014 के बाद देश ने एक नई राजनीति का साक्षात्कार किया। एक ऐसी राजनीति जिसमें सपने भी थे और एक उम्मीद भी थी। आज इस समय को दस वर्ष का समय व्यतीत हो गया है। सपने पूरे हुए या नहीं, यह तो परीक्षण का विषय है, लेकिन आज की राजनीति बदली हुई दिखाई देती है, यह अवश्य ही कहा जा सकता है। आज भी जिस प्रकार से सत्ता प्राप्त करने की लालसा लेकर राजनीतिक दल राजनीति कर रहे हैं, वह प्रथम दृष्टया यही परिलक्षित कर रहे हैं कि राजनीतिक दलों के पास अपने कोई स्थायी सिद्धांत नहीं हैं। विपक्ष के दल वर्तमान केंद्र सरकार को घेरने के लिए कई प्रकार के राजनीतिक दांव पेच खेल रहे हैं। इस प्रकार की राजनीति के चलते देश का आम जनमानस निश्चित रूप से भ्रम की अवस्था में है। सारे दल अन्य दलों से अपने आपको बेहतर बताने की राजनीति कर रहा है, लेकिन एक बात स्पष्ट है कि इस बार विपक्षी दलों के राजनेता सधे हुए क़दमों से अपनी पारी को अंजाम दे रहे हैं। क्योंकि पिछले लोकसभा चुनावों के दौरान जिस प्रकार से कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सार्वजनिक रूप से चोर कहने का दुस्साहस किया गया, उससे कांग्रेस की फ़जीहत हो गई थी, इतना ही नहीं राहुल गांधी को माफ़ी भी मांगनी पड़ी। इस बार परिदृश्य बदला हुआ है। विपक्ष के नेता सरकार को लक्ष्य करके आलोचना कर रहे हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि इन आलोचनाओं में भी वह धार नहीं है कि वह अकेले दम पर सरकार बनाने का सामर्थ्य पैदा कर सकें। वर्तमान लोकसभा के प्रचार में विपक्षी दलों की ओर से जिस प्रकार की सक्रियता दिखाई जा रही है, उससे कमोवेश ऐसा ही लगता है कि विपक्ष ने इस चुनाव को आरपार की लड़ाई बना दिया है। यह सभी जानते हैं कि मुख्य विपक्ष की भूमिका निभाने वाली कांग्रेस पार्टी लम्बे समय तक सत्ता का सुख भोगा है, इसलिए यह कहा जाना कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि कांग्रेस के नेताओं को सत्ता में बने रहने की आदत सी हो गई है। उनके बयानों में भी सत्ता प्राप्त करने की तड़प दिखाई देती है। देश में अब दो चरणों के मतदान संपन्न हो चुके हैं। चुनावी रैलियों में राजनेताओं के बयानों की व्याख्या निकालने का क्रम भी चल रहा है। किसी बड़े मुद्दे पर समाचार चैनलों पर बहस भी होती है। इन बहस में सभी नेता अपने हिसाब से अर्थ निकाल कर बहस करते हैं। कोई किसी के कम नहीं दिखता, लेकिन इन बहस में लगभग विवाद जैसी स्थिति बनती दिखाई देती है। चैनलों पर जो बहस होती है, उसमें अपनी पार्टी के विचार को कम रखा जाता है, सामने वाले की बात को जोरदार तरीके से नकारने की ही राजनीति की जाती है। विपक्षी नेताओं को इन्हीं बहसों के दौरान एंकरों पर दबाव बनाते हुए भी देखा और सुना जा सकता है। यह बहस का सारा खेल जनता को गुमराह करने वाला होता है। इसमें पूरी तरह से आम जन के मुद्दों का अभाव ही रहता है। इस कारण यह आसानी से कहा जा सकता है कि आज की राजनीति केवल विरोध करने तक ही सीमित हो गई है, इसमें रचनात्मक विरोध समाप्त होता जा रहा है। रचनात्मक विरोध का आशय यही है कि सामने वाले के अच्छे कार्यों का समर्थन भी किया जाए, लेकिन आज की राजनीति में ऐसा होना असंभव सा ही लगता है। विपक्ष की ओर से कोई ख़ास मुद्दे नहीं उठाए जा रहे हैं। जिस महंगाई और बेरोजगारी को विपक्ष मुद्दा बनाकर राजनीति कर रहा है, वह कोई नया नहीं है। यह दोनों ही मुद्दे लगभग हर चुनाव में उठे हैं, और हो सकता है आगे भी उठते रहेंगे, क्योंकि बेरोजगारी का मुद्दा तभी तक होता है ज़ब तक व्यक्ति केवल नौकरी की तलाश में बैठा रहता है। यह बात सही है कि आज की राजनीति और दस वर्ष पहले की राजनीति में ज़मीन आसमान का अंतर है। कांग्रेस के नेताओं के बयानों से लगता है कि वे ही शासन करने के लिए आए हैं, उन्हें यह मालूम होना चाहिए कि वह विपक्ष की भूमिका में हैं। विरोधी पक्ष को यह भी समझना चाहिए कि भारत में लोकतंत्र तभी तक जीवित है, ज़ब तक जनता की राय को महत्व दिया जाएगा। ऐसी कोई बात नहीं आनी चाहिए जिससे जनता भ्रमित हो। अन्यथा यह लोकतंत्र की भी हार होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# वार्ता से निकल सकता है हर समस्या का हल



संकलित
**दर्शन**

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा।

# मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
**प्रेरणा**

एक राजा था। उसने एक सपना देखा। सपने में उससे एक परोपकारी साधु कह रहा था कि, बेटा! कल रात को तुम्हें एक विषैला सांप काटेगा और उसके काटने से तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी। वह सर्प अमुक पेड़ की जड़ में रहता है। वह तुमसे पूर्व जन्म की शत्रुता का बदला लेना चाहता है। सुबह हुई। राजा सोकर उठा। और सपने की बात को लेकर विचार करने लगा। सोचते- सोचते राजा इस निर्णय पर पहुंचा कि मधुर व्यवहार से बढ़कर शत्रु को जीतने वाला और कोई हथियार इस पृथ्वी पर नहीं है। उसने सर्प के साथ मधुर व्यवहार करके उसका मन बदल देने का निश्चय किया। शाम होते ही राजा ने उस पेड़ की जड़ से लेकर अपनी शय्या तक फूलों का बिछौना बिछवा दिया, सुगन्धित जलों का छिड़काव करवाया, मीठे दूध के कटोरे जगह जगह रखवा दिये और सेवकों से कह दिया कि रात को जब सर्प निकले तो कोई उसे किसी प्रकार कष्ट पहुंचाने की कोशिश न करें। राजा के पलंग तक जाने तक सांप का निश्चय पूरी तरह से बदल दिया। उधर समय से कुछ देर बाद सांप राजा के शयन कक्ष में पहुंचा। सांप ने राजा से कहा, राजन! मैं तुम्हें काटकर अपने पूर्व जन्म का बदला चुकाने आया था, परन्तु तुम्हारे सौजन्य और सद्व्यवहार ने मुझे परास्त कर दिया। अब मैं तुम्हारा शत्रु नहीं मित्र हूं। मित्रता के उपहार स्वरूप अपनी बहुमूल्य मणि मैं तुम्हें दे रहा हूं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### बुराइयों की जड़ है भौतिक तृष्णा

हमारे देश और समाज में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और धार्मिक बुराइयों ने जो पैर पसारे हैं, उसकी वजह लोगों में बढ़ती भौतिकतावादी और आधुनिकता की तृष्णाएं और बेवजह की इच्छाएं भी हैं। झूठी शान के लिए कुछ लोग अनैतिक कार्यों में संलिप्त हो रहे हैं। इनसानियत से गिर रहे हैं। देश की राजनीति में जो दोष आए हैं, उसकी वजह भी यह है कि कुछ लोग राजनीति में स्वार्थ के लिए ही आए हैं और शायद आएंगे भी। हमारा मन बहुत चंचल होता है। यह अक्सर आसानी से विचलित हो जाता है। इस चंचलता के कारण हमारे अंदर तृष्णाओं का संचार होने लगता है। यह तृष्णाएं हमारे अंदर सांसारिक सुखों की लालसा बढ़ा देती हैं और यह लालसा इतनी बढ़ जाती है कि हमारे पास अगर सांसारिक सुखों की सभी चीजें उपलब्ध भी हैं, तो भी हम तृष्णाओं के कारण हमेशा परेशान रहते हैं।

*-मनीष पांडे, राजनांदगांव*

## ट्रेंड


### इसमें कोई सवाल नहीं



इसमें कोई सवाल नहीं है: जीवाश्म ईंधन के युग में रोशनी बुझ रही है। जीवाश्म ईंधन उद्योग की देरी की रणनीति इसे बदल नहीं सकती। ग़लत सूचना, विकृति और घुमाव इसे बदल नहीं सकते-चाहे उन पर कितने भी अरब डॉलर फेंके जाएं।

**-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव**


### वर्तमान ही आधार



समय का प्रबंधन, आर्थिक शुचिता और संयम ही जीवन में प्रगति के मूल मंत्र हैं। जीवन की समस्त संभावनाओं का आधार वर्तमान ही है। अतः वर्तमान का अधिकतम लाभ लेते हुए सत्कर्म पारायण रहें। वर्तमान ही जीवन निर्माण की आधारशिला है।

**-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**


### वो छीनना चाहते हैं अधिकार



कांग्रेस ने घटाई युवाओं के लिए वोटिंग की उम्र, किया 21 से 18 वर्ष, उन्होंने करोड़ों नौकरियां छीनी, युवाओं के सपनो का किया क्या हश्र, कांग्रेस ने सुनिश्चित किया सबको बराबरी का मताधिकार, वो बदलना चाहते हैं संविधान, छीनना चाहते हैं आपके अधिकार!

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### वोट खत्म करेगी



भाजपा और संघ के झूठ में मत फंसना। आरएसएस के नेता मोहन भागवत आरक्षण का विरोध कर चुके हैं और मोदी जातीय जनगणना का विरोध करते हैं। मैं फिर कह रहा हूं। भाजपा अगर जीत गई तो आरक्षण खत्म करेगी, संविधान खत्म करेगी और वोट खत्म करेगी।

**-संजय सिंह, आप नेता**

## करंट अफेयर

# यूक्रेन को सिर्फ पैट्रियट मिसाइल देगा अमेरिका


अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन का कहना है कि वह अपने नए सैन्य सहायता पैकेज के हिस्से के रूप में यूक्रेन को पैट्रियट वायु रक्षा मिसाइलों और तोप के गोलों को जल्दी भेजेगा। हालांकि, मिसाइलों को लांच करने के लिए पैट्रियट सिस्टम नहीं भेजे जाएंगे। यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि बढ़ते रूसी हवाई खतरे का सामना करने के लिए उनके देश को पैट्रियट डिफेंस सिस्टम की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि डिफेंस सिस्टमों से अभी जान बचाई जा सकती है। यूक्रेन ने कहा कि रूस ने एक और बड़ा हवाई हमला किया है। खारकीव में अधिकारियों ने कहा कि रूसी हवाई हमले में एक अस्पताल क्षतिग्रस्त हो गया है। ऊर्जा मंत्री जर्मन गैलुशचेंको ने कहा कि रूसी सेना ने तीन क्षेत्रों में ऊर्जा सुविधाओं पर हमला किया गया। यूक्रेन ने कहा कि रूस ने क्रूज मिसाइलों, सतह से हवा में मार करने वाली एस-300 मिसाइलों और इस्कंदर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। बताया गया है कि यूक्रेन ने विमान, वायु रक्षा प्रणालियों और जैमिंग का उपयोग करके 21 को मार गिराया गया। यूक्रेन ने सीमा पार दो रूसी तेल रिफाइनरियों को निशाना बनाने का दावा किया है।



## ऑफ बीट

# क्या चपटा पैर होना सामान्य है? चोटों को लेकर मिथक

कई दशकों से शोधकर्ताओं, चिकित्सा पेशेवरों और सामान्य आबादी का मानना है कि चपटे पैर वाले लोगों में विभिन्न प्रकार की समस्याएं विकसित होने की आशंका अधिक रहती है। विशेष रूप से, ऐसा माना जाता है कि चपटा पैर होने से व्यक्तियों को भविष्य में दर्द और अन्य मसक्यूलोस्केलेटल (यानी मांसपेशियों, शिरा या स्नायु संबंधी) समस्याएं होने की आशंका अधिक रहती है। चपटे पैर को एक तरह का 'टाइम बम' माना जाता है। हालांकि, 'ब्रिटिश जर्नल ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन' में हाल में प्रकाशित एक संपादकीय में मेरे अनुसंधान दल ने इस मिथक को चुनौती दी। हमने दिखाया कि यह सिद्धांत निराधार है कि चपटा पैर अनिवार्य रूप से दर्द या अन्य मसक्यूलोस्केलेटल समस्याओं का कारण बनते हैं। यूनिवर्सिटी डु क्यूबेक अ ट्रॉ-रिविएर (यूक्यूटीआर) में पादचिकित्सा (पोडियाट्रिक मेडिसिन) के अनुसंधानकर्ता के तौर पर मैं यहां अपने अध्ययन के मुख्य निष्कर्षों के बारे में बताऊंगा। यह सिद्धांत कहां से आया? चपटा पैर एक समस्या होने का सिद्धांत सदियों पुराना है।



### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

AMITY UNIVERSITY
CHHATTISGARH

AMITY RAIPUR

# Your Success Story Starts Here.

- 250+ Distinguished faculty & scientists and staff
- Placements in PwC, Amazon, Nestle, Flipkart, Accenture...
- 55+ Hi-tech labs & learning studios
- 11 Startups incubated by campus incubator, including 9 by students
- Lateral Entry available at amity.edu/lateral
- CEO Dinner Series, Industry Mentorship & Conversation Programs
- 7 – Day compulsory military training camp
- Tie-ups for skills development with IBM, Oracle, Sun Microsystems...
- Flexible Credit System
- Faculty have filed 73 patents
- Upto 100% scholarship available at amity.edu/scholarships
- 6 Centres of Excellence for IPR, RPA, Technologies, Ayurveda, Gender Studies...
- 1020 Books/ research papers published by faculty
- Ph.D programmes available at amity.edu/phd
- For higher international education progression, students selected at prestigious universities globally
- 16 States & UTs represented by students

**Campus visit facility available from city centre**

FOR ADMISSIONS
APPLY AT : **www.amity.edu/raipur**
BY : **10th May, 2024**
HELPLINE : **7303-396-666**


2,18,530 Sqm. WORLD-CLASS AMITY UNIVERSITY CHHATTISGARH CAMPUS AT RAIPUR

## 2024 SESSION ADMISSIONS OPEN
FOR UG & PG PROGRAMMES IN THE FOLLOWING DOMAINS

- Architecture
- Biotechnology
- Commerce
- Computer Sc./ IT
- Economics
- English Literature
- Engineering
- Fashion
- Interior Design
- Law
- Management
- Media & Communication
- Pharmacy
- Psychology
- Robotics & Automation

## STUDY ABROAD PROGRAM:
*5 weeks at Amity campuses in New York, Singapore, London, Dubai or Melbourne. It offers a unique opportunity to learn from international faculty, get practical experience through industry visits, build a global network and get a career edge.*

## SUPERCHARGING CAREERS & PLACEMENTS
- Extensive Skill Building Workshops; ICT enabled PPM: Pre-Placement Mock Sessions; Student Centric PMM: Profile Mapping Matrix
- Career networking opportunities with 700,000+ well-heeled alumni
- Market driven curricula designed in consultation with Industry Advisory Boards
- Collaboration with diverse corporates across business horizons
- Experiential learning through live projects, industrial visits etc.

## RESEARCH DRIVEN EXCELLENCE
- Students' innovation initiatives like IoT based LED bulb, Nano-bioengineered multifunctional face mask, Robot car, Smart Homes, Blue Biotechnology projects amongst others
- 50 Government funded research projects undertaken & submitted in partnership with SERB, MoE's Innovation Cell, DBT, ICMR, MSME...
- Socio-economic initiatives: Awareness about Financial Literacy; Activities on Skill building; to empower rural residents with knowledge about banking policies, digital financial services etc.; Encourage entrepreneurial mindset; Promote mental health

## NEW-AGE WORLD CAMPUS
- Modern library with 14,000 books, 15 printed & 3,000 e-journals
- 1,300+ Seater on-campus hostel
- 425 Seater auditorium
- 300 Mbps wi-fi smart campus
- Expansive sports complex with facilities for tennis court, cricket field, football ground etc.

RANKED (IN SLAB) **151-300** nirf INDIA RANKINGS 2023 INNOVATION

RANKED **#1 MULTI-DISCIPLINARY EMERGING UNIVERSITY IN CHHATTISGARH 2023** BY THE WEEK — THE WEEK HANSA RESEARCH SURVEY 2023

★★★★ (4) Rating by INSTITUTION'S INNOVATION COUNCIL

AMITY SCHOOL OF ENGINEERING & TECHNOLOGY RANKED **#1 IN CHHATTISGARH 2023** BY DATAQUEST
TOP T SCHOOL RANKINGS March'23 issue

AMITY BUSINESS SCHOOL & AMITY SCHOOL OF ENGINEERING & TECHNOLOGY RANKED **#1 IN CHHATTISGARH 2022** BY INDIA TODAY
MDRA BEST COLLEGES RANKINGS July'22 issue

AMITY UNIVERSITY CHHATTISGARH, MANTH (KHARORA), RAIPUR | **AMITY HELPLINE:** 7303-396-666 | **E:** admissions@rpr.amity.edu | **W:** www.amity.edu/raipur

## जैकेट के शेष

### झुलसती गर्मी में ...

पहले ही शायद कभी किए हों। सैंतालीस से ज्यादा विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी के लिए वोट मांगने अब तक पहुंच चुके श्री साय के इतनी मेहनत करने की एक ही वजह है। वह है ढाई दशक से पार्टी के उस सपने को साकार करना, जिससे छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर भाजपा विजयी हो। श्री साय के प्रचार के तरीके को गत दिवस हमने बेहद नजदीकी से दिनभर देखा। कलाई में बंधी घड़ी में जब बारह बजने में बीस मिनट बाकी हैं, मुख्यमंत्री श्री साय उड़न खटोले में सवार हो सरगुजा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत वाड्रफनगर के लिए उड़ान भर लिए हैं। मुख्यमंत्री बनने से पहले साय की पहचान उनकी सादगी के लिए रही है। उस पहचान को अभी बनाए हुए हैं। कोई तामझाम नहीं है। हेलीकाप्टर सात सीटर है लेकिन मुख्यमंत्री महज एक सहायक और सुरक्षा अधिकारी ही सफर में साथ हैं। बैठते ही सबसे पहले अपने सहायक से समाचार पत्रों की कटिंग मांगते हैं। निगाह डालते हैं कि देश प्रदेश में क्या कुछ चल रहा है। इसके बाद सिलसिला शुरू होता है हमारे साथ सवाल और जवाब का। चुनावी मुद्दों पर तो वह खुलकर बोले ही, अपनी सरकार से जुड़े मुद्दों पर भी साफगोई से वह नहीं चूके। इस बातचीत को पाठक कल हरिभूमि में पढ़ सकेंगे और दर्शक आईएनएच चैनल पर देख सकेंगे। बहरहाल बातचीत चलती रही और एक घंटा बीस मिनट का हवाई सफर तय कर हम वाड्रफनगर के एक स्कूली मैदान में बने हैलीपैड पर अपने हेलीकाप्टर सहित उतर गए।

### सरल साय .....

जाने के लिए खड़ी हुई है लेकिन भीड़ का उत्साह देख साय उसे अनेदखा कर पैदल ही चल देते हैं। पुलिस वाले परेशान हैं। वह रस्सी का घेरा बना भीड़ को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन सहज साय सबसे हाथ मिलाते बेफिक्री के साथ चलते जा रहे हैं। कुछ उत्साही मौके का लाभ उठा मोबाइल पर सेल्फी भी ले लेते हैं।

### संदेश देना ....

वह ठीक से कर पा रहे हैं।

### मोदी जी को ....

भूलते कि मोदी जी दिन में अठारह घंटे काम हम 140 करोड़ लोगों की भलाई के लिए ही करते हैं। उनको तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने से हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी ताकत भी बन जाएंगे। मोदी जी की सराहना के साथ-साथ वह अपनी सरकार के चार माह के कामकाज का भी ब्यौरा देते हैं। लेकिन इसे वह विष्णुदेव सरकार के काम के तौर पर नहीं मोदी की गारंटी पूरी करने के तौर पर बताते हैं। तालियां बजने लगती हैं जब वह पूछते हैं कि पिछले दो महीने से मोदी की गारंटी के तहत महतारी वंदन योजना का पैसा आपके खाते में आ रहा है? वह धान पर बोनस, अठारह लाख पक्के मकानों की स्वीकृति , अयोध्या में राम लला के दर्शन जैसे फैसलों का हवाला देकर 7 मई को भाजपा को वोट देने का आव्हान करते हैं।

### आक्रामक लहजे में ....

ऊंगलियों की ही चम्मच बना दालभात मस्ती में खा रहे हैं। तब तक प्रत्याशी सरोज पांडे भी आ चुकी हैं। मंच पर फिर सबकी मौजूदगी है। साय के निशाने पर कांग्रेस है और हैं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल। साय दहाड़ते हैं, कांग्रेस किस अधिकार से वोट मांगती है। पांच साल केवल हाय पैसा-हाय पैसा करते रहे। शांति के टापू को अपराधियों का गढ़ बना दिया। किसमें भ्रष्टाचार नहीं किए। कोरबा के डीएमएफ का खेल किसे नहीं पता। सट्टे की लत लगाकर प्रदेश के युवाओं को बर्बाद करने का काम किया। दारू की दुकानों पर दो-दो काउंटर खुलवा दिए। भूलकर भी ऐसे लोगों को वोट नहीं देना है।

### महादेव सट्टे का ....

साहिल खान से पूर्व में पूछताछ कर चुकी है। पूछताछ में साहिल ने पुलिस को महादेव सट्टा एप में अपनी संलिप्तता होने की बात से इनकार किया था। साहिल ने अपनी गिरफ्तारी से बचने मुंबई हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद से साहिल की परेशानी बढ़ी और वह पुलिस से बचने पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था, जिसे मुंबई पुलिस ने जगदलपुर के पास से गिरफ्तार किया है।

### छग की टीम भी ....

को लेकर साहिल खान का राहुल वकटे के साथ किस तरह से संबंध थे। इस बात की जानकारी जुटाने मुंबई जाएगी। गौरतलब है कि पांच दिन पूर्व ईओडब्लू की टीम ने राहुल को गोवा तथा रितेश यादव को दिल्ली से गिरफ्तार किया है।

### बस्तर पुलिस को ....

करते उसका पीछा कर रही थी। पुलिस के प्रेस नोट में बताया गया कि मुंबई पुलिस इस संबंध में आधिकारिक बयान में जानकारी देगी। इस तरह इस मामले में बस्तर पुलिस ने साहिल खान की जगदलपुर में गिरफ्तारी को खारिज किया है। सोशल मीडिया में सुबह से जगदलपुर में गिरफ्तारी की खबर एसपी के बयान के बाद स्पष्ट हो गई है। एसपी ने बताया कि अभिनेता साहिल खान महादेव सट्टा एप में आरोपित है, जिसे मुंबई पुलिस तलाश कर रही है। अभिनेता के मोबाइल ट्रेस में आखिरी लोकेशन जगदलपुर है, मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम अभिनेता को अपने साथ ले गई।

### राहुल आज सकरी में, खड़गे ....

के सकरी और मंगलवार 30 अप्रैल को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की जांजगीर-चांपा के शिवरीनारायण में सभा होगी। केंद्रीय मंत्री अमित शाह की 1 मई को कोरबा में सभा होगी। दूसरे दिन कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की भी कोरबा में सभा होगी। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरे चरण में कुछ सभाएं कराने की तैयारी की है, लेकिन अब तक पीएमओ से इसके लिए कोई मंजूरी नहीं मिली है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की जरूर सरगुजा लोकसभा के सूरजपुर में 4 मई को सभा संभावित है। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव तीन चरणों में हो रहे हैं। दो चरणों के चुनाव हो गए हैं। अब तीसरे चरण का चुनाव 7 मई को होना है। अंतिम चरण के चुनाव में प्रचार 5 मई को थम जाएगा, इसके पहले भाजपा और कांग्रेस अपने राष्ट्रीय नेताओं की लगातार सभाएं कराने की रणनीति पर काम कर रही हैं। सभाओं के मामले में अब तक भाजपा भारी पड़ी है, लेकिन अब तीसरे चरण में कांग्रेस ने लगातार अपने राष्ट्रीय नेताओं की सभाएं तय की हैं। भाजपा भी राष्ट्रीय नेताओं को बुला रही है, लेकिन अब तक अमित शाह की ही सभा तय हो सकी है।

### कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं ....

से सकरी जाएंगे। इस सभा के अगले दिन मंगलवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की शिवरीनारायण में दोपहर 2 बजे सभा होगी। इस सभा के लिए वे 12 बजे रायपुर पहुंचेंगे। यहां पर पत्रकारों से चर्चा करने के बाद हेलीकॉप्टर से सभा के लिए जाएंगे। दोनों सभाओं में प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सहित प्रदेश के कई नेता उपस्थित रहेंगे।

### शाह-प्रियंका की सभाएं ...

उतारा है। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी के लिए सभा लेने के लिए केंद्रीय मंत्री अमित शाह 1 मई को आ रहे हैं। इसके दूसरे दिन कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की सभा होगी।

# सेक्स स्कैंडल में फंसे पूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा के सांसद पोते, विदेश भागे

**हासन साप्रज्वल रेवन्ना के कई अश्लील वीडियोज वायरल**

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

लोकसभा चुनाव के बीच कर्नाटक की राजनीति में भूचाल आ गया है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते और हसन लोकसभा सीट से जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना कथित सेक्स स्कैंडल में फंस गए हैं। कर्नाटक सरकार ने मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। इस बीच, प्रज्वल ने देश छोड़ दिया है और वह जर्मनी के फ्रैंकफर्ट चले गए हैं।



26 अप्रैल को हुए कर्नाटक के पहले फेज के मतदान से दो दिन पहले ही सोशल मीडिया पर कई वीडियोज वायरल हुए। वहीं, हसन सांसद ने भी एफआईआर दर्ज करवाते हुए कहा है कि वीडियोज में छेड़छाड़ की गई है और उनकी छवि खराब करने और वोटर्स के दिमाग में जहर भरने के लिए उसे प्रसारित किया जा रहा है।

### जांच का अनुरोध

इंटरनेट पर वीडियोज वायरल होने के बाद राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने सिद्धारमैया से एसआईटी जांच करवाने का अनुरोध किया था। जांच का आदेश देते हुए मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "प्रज्वल रेवन्ना के अश्लील वीडियो मामले में सरकार ने एक एसआईटी बनाने का फैसला किया है। हसन जिले में अश्लील वीडियो क्लिप प्रसारित हो रहे हैं, जहां ऐसा प्रतीत होता है कि महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया गया है।"

## मोदी की हैट्रिक के लिए की विशेष पूजा अर्चना



द्वारका। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए द्वारकाधीश मंदिर गुजरात में विराजमान भगवान निष्काम कर्मयोगी श्रीकृष्णा की दिव्य एवं भव्य मंदिर में ध्वजा चढ़ाने के साथ अभिषेक संपन्न किया गया। सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष प्रीतेश गांधी द्वारा अपने समाजजनों के साथ सामूहिक विशेष अनुष्ठान कर आराधना की गई। पूजा अर्चना में तरुण धाफ़ानी, किरीट पटेल, जवाहर शाह, मनोज शाह, कीर्ति गांधी, मनहर गांधी, कमलेश गांधी, भावेश शाह, परेश, तरुण अंबानी, पीयूष राठौड़, संकेत धाफ़ानी, विनल धाफ़ानी, के सी पटेल, भावेश शाह, यश शाह, गौरव अंबानी शामिल हुए।

:: उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु ::
(आदेश - 5, नियम-20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)
न्यायालयः- भूपेश कुमार बसंत, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.
उत्तराधिकार क्र.-31/2024 प्रो.क्र. पेशी तारीख 13.06.2024
प्लासिदियुस तिग्गा वगै. -आवेदकगण
-बनाम-
उपसंचालक,
कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें जशपुर वगै. अनावेदकगण
प्रति,
आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो अनावेदकगण
जो कि आवेदकगण के मृतक पुत्र / भाई डॉ. प्रताप तिग्गा के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी 13.06.2024 को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है।
आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।
अतः आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।
नोट :- यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।
यह आज तारीख 26.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
रायपुर छ.ग.
दिनांक 26.04.2024
(भूपेश कुमार बसंत)
मुहर द्वितीय व्यवहार यायाधीश वर्ग-एक रायपुर छ.ग.

## पेज एक के शेष

### खत्म होगा नियामक...

प्रस्ताव में निजी विश्वविद्यालयों पर लगाम लगाने की बात कही गई है ताकि यहां भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति का पालन उचित रूप से कराया जा सके। अब तक प्रदेश के सभी निजी विवि नियामक आयोग के अधीन हैं। यदि प्रस्ताव मंजूर हो जाता है तो प्राइवेट यूनिवर्सिटी सीधे उच्च शिक्षा विभाग अथवा शासन के अंतर्गत आएंगे। जारी आदेश उन्हें बगैर किसी ना-नुकूर मानने होंगे। गौरतलब है कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आचार संहिता के पूर्व आदेश जारी कर यह स्पष्ट कर दिया गया था कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति जून 2024 से ही प्रदेश में लागू कर दी जाएगी। इसके लिए विभिन्न कमेटियां बनाई गई है, जिन्हें अपनी रिपोर्ट अप्रैल माह में पेश करनी थी।

### यूनिवर्सिटी एक्ट...

ही जारी कर दिया जाएगा। नया सत्र प्रारंभ होने के पहले ही विश्वविद्यालयों को अपने ऑर्डिनेंस में बदलाव करना होगा, ताकि वे नए पैटर्न के आधार पर परीक्षाएं ले सकें।

### 86 किलो ड्रग्स के...

विज्ञप्ति के अनुसार एनसीबी और एटीएस अधिकारियों की मदद से संदिग्ध नाव की पहचान करने के लिए भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के जहाज राजरतन का इस्तेमाल किया गया था।

**तमिलनाडु के रास्ते श्रीलंका जाने का था प्लान :** गुजरात के डीजी विकास सहाय ने कहा कि गुजरात पुलिस के एटीएस को नारकोटिक्स को लेकर बड़ी सफलता हासिल हुई है। एटीएस अफसर केके पटेल को जानकारी मिली थी कि पाकिस्तानी नागरिक हाजी असलम ने ही पाकिस्तानी फिशिंग बोट से ड्रग्स भेजी थी। ये भारत की जल सीमा से तमिलनाडु होकर श्रीलंका जाने वाला था। ये जानकारी पुलिस से शेयर की और रणनीति बनायी गई। दूसरे दिन एटीएस के पीआई निखिल और पीएसआई मनीष पटेल ने इंडियन कॉस्ट गार्ड की मदद से रवाना हुए थे।

**फरवरी में जब्त की गई थी सबसे बड़ी खेप :** इसी साल फरवरी महीने में एनसीबी और भारतीय नौसेना ने गुजरात तट के पास ड्रग्स की अब तक की सबसे बड़ी खेप जब्त की थी। उस समय संयुक्त ऑपरेशन में 3 हजार 132 किलो ड्रग्स जब्त किया गया था, जिसकी कीमत 1000 करोड़ रुपये से अधिक की थी। नौसेना ने अपने क्षेत्र में उस जहाज को जब्त कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया था।

### बसों में भरी जा...

कारण बसें बेलगाम हो चुकी है। हालत यह है जहां एक ओर शादियों का सीजन है, वहीं चुनाव के कारण बसों का टोटा है, इसका सीधा असर यात्रियों पर पड़ रहा है। मनमाना किराया और भेड़ बकरियों की तरह सवारी बसों में भरी जा रही है। ताजा मामला मनीष ट्रैवल्स का है। बताया जा रहा है कि बस क्रमांक सीजी 07 सीआर 9907 की बस शाम 6 बजे प्रयागराज से रवाना हुई, लेकिन रास्ते भर बस कंडक्टर ने जबरिया सवारी भरते रहे, वहीं रीवा पहुंचने के बाद बस के अंदर जगह नहीं होने के बाद भी रात में सो रहे सवारियों को उठा कर जगह बनाने का दबाव डाला जाता रहा, वहीं जिन यात्रियों ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई उन्हें उतराने की धमकी दी जाती रही। स्लीपर बस होने के बाद भी यात्रियों की समस्या से ड्राइवर और कंडक्टर ने एक भी नहीं सूनी, जिसके चलते यात्री रास्ते भर हलाकान रहे।

**ठेकेदारों की बोलती है तूती :** बताया जा रहा है कि उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश और बिहार जाने वाली बसों में ज्यादातर लेबर और ठेकेदार होते हैं। ईंट और टाइल्स के कामों को लेकर लेबर हर साल इन प्रदेश की यात्रा करते हैं, जिसके चलते बसों को खचाखच भरा जाता है। खास बात यह है कि बस संचालक और ठेकेदार के बीच में सेटिंग के जरिए लेबर का पयालन लगातार हो रहा है।

### लंबी रूट की बसों...

ओवर लोड और कम दूरी की बसों पर ही कार्रवाई की गई है। वहीं लंबी दूरी की बसों को स्पेशल परमिट के चलते ज्यादातर चैकिंग नहीं की जाती है, जबकि इन बसों में नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

**जम्मू के रामबन में धंसी जमीन**

## घर-सड़क सब तबाह, 50 से ज्यादा घरों में आईं दरारें

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में जमीन धंसने से 50 से ज्यादा घरों में दरार आ गई साथ ही चार बिजली टावर क्षतिग्रस्त हो गए। स्थिति तब और बिगड़ गई जब घरों में दरारें आने लगीं और पेरनोटगांव में जमीन धंसने के कारण गूल और रामबन के बीच महत्वपूर्ण सड़क संपर्क भी टूट गया। पेरनोटगांव में सबसे ज्यादा तबाही के कारण हड़कंप मचा हुआ है। एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची है साथ ही लोगों को लगातार राहत शिविरों में पहुंचाया जा रहा है। यह घटना जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर स्थित पेरनोटगांव में घटी है। रामबन के उपायुक्त ने इलाके का दौरा किया। इसके बाद इन्होंने कहा कि जमीन अभी भी धंस रही है और बिजली जैसी आवश्यक सेवाओं को बहाल करना हमारी पहली प्राथमिकता है।

डॉ.वाशानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आयुर्वेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप छूट जाए तो पुनः लगा दें।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सत्यनारायण मेमोरियल हेल्थ केयर
डॉ. संजीव कुमार सिंह एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. (इंटर्नल मेडीशीन) मो. 9669109366, 7992636477
सोमवार से शनिवार- समय : शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक रविवार- सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
इकोकार्डियोग्राफी ▫मधुमेह ▫हृदय से संबंधित रोग ▫ब्लड प्रेशर से संबंधित ▫थॉयराइड से संबंधित
ग्राउण्ड फ्लोर ऑर्बिट कॉम्प्लेक्स, सुन्दर नगर, रायपुर - 492001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेण्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। * आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर मो. 9039050422
मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

## राशिफल

**मेष** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

## शब्द पहेली - 5496



**बाएँ से दाए-**

1.जानकारी-4
4.मांसाहार का उलट-4
8.'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9.कायाकल्प-5
10.पिता के छोटे भाई-2
13.कहानी लिखने वाला-5
15.नाम रखना-5
17.बेवक्त,अकाल-5
20.प्रयास,कोशिश-5
23.टोंटी,नलका-2
24.कामदेव,पुष्कर-2,3
25.डर,भय-4
28.शोर-शराबा-4
29.बेवफा,व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2.बिंदु,बिंदी,शून्य-2
3.गोलाकार-3
4.सम्मिलित होना-3,2
5.घाटा,नुकसान-2
6.मूर्ख,बेवकूफ-4
7.बिना कारण,बेवजह-4
11.राजा की पत्नी-2
12.वहम,संदेह-2
14.दुर्घटना-3
16.खाना बनाने की जगह,किचन-3
17.एकाएक, सहसा-4
18.अलमस्त-2
19.कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20.आरामदायी-5
21.सम्मान-2
22.भलमानसता-4
26.सद्,अच्छा-2
27.मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -5495 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5507

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5506 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

वायु रक्षा प्रणाली दिनों दिन हो रही मजबूत

# भारतीय वायुसेना में शामिल इजराइली मिसाइल 'रैंपेज'



1 हाई-स्पीड लो ड्रैग-मार्क 2 मिसाइल है इसका नाम

2 मित्र देशों से अत्याधुनिक मिसाइलें सैन्य उपकरण खरीदे

3 मिग-29 के नौसैनिक लड़ाकू विमानों की करेंगे मदद

**हवा से जमीन पर स्पीड से मार करने में सक्षम**

**भारतीय वायु सेना और नौसेना की बढ़ी ताकत**

**रैंपेज मिसाइल इजराइल में हुई विकसित**




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अपनी सैन्य क्षमता को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। ऐसे में स्वदेश में रक्षा उपकरण बनाने के साथ मित्र देशों से भी अत्याधुनिक मिसाइलें और सैन्य उपकरण खरीद कर भी लड़ाकू विमानों के बेड़े की मारक क्षमता बढ़ाई जा रही है। वायु रक्षा प्रणाली को चकमा देने वाली इजराइली रैम्पेज मिसाइलों को भारतीय वायुसेना और नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया है।

### 250 किमी तक लक्ष्य को भेदने में सक्षम

*सुपरसोनिक या आवाज से अधिक गति वाली रैम्पेज 250 किलोमीटर तक लक्ष्य को ध्वस्त करने में सक्षम है। वायुसेना ने सुखोई -30 एमकेआई और मिग -29, जगुआर लड़ाकू विमानों को रैम्पेज मिसाइलों से लैस किया है। नौसेना ने मिग-29 के नौसैनिक लड़ाकू विमानों के लिए मिसाइलों को अपने बेड़े में भी शामिल किया है। वायुसेना अब इस बात पर भी विचार कर रही है कि क्या मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत रैम्पेज को बनाया जा सकता है।*

#### मेक इन इंडिया के तहत इन मिसाइलों के उत्पादन पर हो रहा विचार

इन मिसाइलों की खरीद 2020 में चीन के साथ गतिरोध शुरू होने के बाद रक्षा मंत्रालय ने की थी। भारतीय वायु सेना अब इस बात पर भी विचार कर रही है कि क्या मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत इन मिसाइलों का उत्पादन किया जा सकता है।

#### लड़ाकू विमानों की बढ़ी मारक क्षमता

*हवा से जमीन पर मार करने वाली रैम्पेज मिसाइलों के शामिल होने से भारतीय लड़ाकू विमानों की मारक क्षमता और बढ़ गई है। 2019 में बालाकोट हवाई हमले में इस्तेमाल की गई स्पाइस-2000 की तुलना में यह मिसाइल अधिक दूरी तक मार कर सकती है। हाई-स्पीड लो ड्रैग-मार्क 2 मिसाइल के रूप में जानी जाने वाली रैम्पेज मिसाइल को इजराइल ने विकसित किया है।*

---

**खबर संक्षेप**

### सौदा: एक और इस्लामिक देश के साथ होगा भारत का ट्रेड समझौता



**नई दिल्ली।** भारत मिडिल ईस्ट में अपने संबंधों का विस्तार करना चाहता है, जहां बढ़ते जियो-पॉलिटिकल तनाव प्रमुख शिपिंग मार्गों को खतरे में डाल रहे हैं। इससे भारत को एक रणनीतिक साझेदार और अस्थिर क्षेत्र में प्रमुख व्यापार मार्गों तक पहुंच बनाने में मदद मिलेगी। हालांकि, भारत और ओमान के बीच वार्षिक व्यापार फिलहाल 13 अरब डॉलर से कम है, लेकिन यह रिश्ता नई दिल्ली के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि ओमान, भारत और ईरान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य का प्रवेश द्वार है, जो वैश्विक तेल शिपमेंट के लिए एक प्रमुख ट्रांजिट प्वाइंट है। लोकसभा चुनाव के बाद ओमान के साथ व्यापार समझौता हो सकता है।

### हमास ने जारी किया नया वीडियो, बंधकों की गुहार- जंग बंद करो

**गाजा।** गाजा में हमास और इजरायल के बीच चल रही जंग को करीब 7 महीने होने वाले हैं। इस जंग में हजारों लोग मारे गए हैं, जबकि लाखों लोग बुरी तरह प्रभावित हुआ हैं। इस जंग को रोकने के लिए व्यापक स्तर पर लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। शनिवार को इजरायल की राजधानी तेल अवीव में बंधकों की रिहाई के लिए हजारों लोगों ने प्रदर्शन किया। वो लोग प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की इस्तीफे की मांग करते हुए जंग रोकने की बात कर रहे थे।
इसी बीच हमास ने दो इजरायली बंधकों का ताजा वीडियो जारी किया है। बंधकों की पहचान एक 64 साल के कीथ सीगल और दूसरा 47 साल के ओमरी मिरान के रूप में की गई।

---

संदेशखाली केस की सीबीआई जांच के आदेश से टीएमसी सरकार नाराज

# सुप्रीम कोर्ट पहुंची ममता सरकार, राज्य पुलिस की शक्तियों को 'हड़पा' गया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता/नई दिल्ली

कलकत्ता हाईकोर्ट के संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की सीबीआई जांच का निर्देश देने के खिलाफ बंगाल सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच के सुनवाई करने की संभावना है।



बंगाल सरकार ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश ने पुलिस फोर्स सहित पूरे राज्य तंत्र को हतोत्साहित किया है। हाईकोर्ट ने एक बहुत ही सामान्य आदेश में राज्य को बिना किसी दिशा निर्देश के सीबीआई को आवश्यक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। भले ही वे याचिकाकर्ताओं की ओर से लगाए गए आरोपों से संबंधित न हो। यह जांच करने के लिए राज्य पुलिस की शक्तियों को हड़पने के समान है।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों पर सीबीआई जांच का दिया था आदेश

**शीर्ष कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा**



#### याचिका में दी ये दलील

**2 मई को रिपोर्ट दाखिल करेगी सीबीआई**

हाईकोर्ट ने सीबीआई को संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध और भूमि पर कब्जा करने के आरोपों की जांच करने और सुनवाई की अगली तारीख पर एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया है। बेंच अगली सुनवाई के लिए दो मई को सूचीबद्ध किये जाने का निर्देश दिया। उस दिन तक सीबीआई को रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था।

#### ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच कर रही सीबीआई

संदेशखाली में ईडी के अधिकारियों पर हमले के मामले की जांच पहले से ही सीबीआई कर रही है और एजेंसी ने 5 जनवरी की घटनाओं से संबंधित तीन एफआईआर दर्ज की हैं। जांच की निगरानी अदालत की ओर से किए जाने का जिक्र करते हुए हाईकोर्ट ने राजस्व दस्तावेज और कथित भूमि के भौतिक निरीक्षण का गहन निरीक्षण करने के बाद मछली पालन के लिए कृषि भूमि के जल निकायों में कथित अवैध रूपांतरण पर एक व्यापक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

#### उधर, ईसी ने आप के कैंपेन सॉन्ग पर लगाई रोक

आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग ने उनके कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगा दी है। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगाने को लेकर प्रेस कांफ्रेंस की। उन्होंने कहा कि अब भाजपा के एक और राजनैतिक हथियार चुनाव आयोग ने आप के कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगा दी। ऐसा पहली बार हुआ होगा, जब चुनाव आयोग ने किसी पार्टी के चुनावी गाने पर रोक लगाई है।तानाशाही सरकारों में विपक्षी पार्टियों को प्रचार करने से रोका जाता है। आज यही हुआ है, भाजपा के एक और हथियार, चुनाव आयोग ने ऐसी कार्रवाई की है।

---

टेस्ला के सीईओ ने सबको चौंकाया

# भारत की यात्रा टालकर अचानक चीन पहुंच गए... एलन मस्क



एजेंसी ▶▶ बीजिंग

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क इसी महीने भारत आने वाले थे। यहां उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी होने वाली थी। इसे लेकर भारत में काफी उत्साह का माहौल था। कई तरह की तैयारियां भी की जा रही थीं। हालांकि, आखिरी समय में उनकी यात्रा टालने की खबर आई थी। टेस्ला के सीईओ ने कहा था कि वह फिलहाल कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं इसलिए भारत की यात्रा कुछ महीनों बाद करेंगे।

अब एलन मस्क ने अचानक चीन पहुंच गए हैं। इलेक्ट्रिक वेहिकल सेक्टर की दिग्गज कंपनी के लिए चीन दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। भारत की बजाय चीन की यात्रा पर पहुंचने से कई अटकलें लगाई जा रही हैं।

#### फुल सेल्फ ड्राइविंग सॉफ्टवेयर को लॉन्च करने की तैयारी

एलन मस्क की इस यात्रा की भनक किसी को नहीं थी। वह सबको अचंभित करते हुए बीजिंग पहुंचे हैं। यहां वह चीन सरकार के बड़े अधिकारियों से मुलाकात करने वाले हैं। वह चीन में फुल सेल्फ ड्राइविंग सॉफ्टवेयर को लॉन्च करने के बारे में बात करने के लिए बीजिंग पहुंचे हैं। वह चीन सरकार से इस सॉफ्टवेयर से मिलने वाले डेटा के विदेश में इस्तेमाल की मंजूरी भी मांगेंगे ताकि टेस्ला की ऑटोनोमस ड्राइविंग टेक्नोलॉजी को बेहतर बनाया जा सके। एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था कि जल्द ही चीन में फुल सेल्फ ड्राइविंग सॉफ्टवेयर को लॉन्च किया जाएगा। टेस्ला ने साल 2021 से ही चीन में डेटा इकठ्ठा करना शुरू कर दिया था। यह डेटा शंघाई में मौजूद है। अभी यह डेटा वह अमेरिका नहीं ले गई है। एलन मस्क इसी डेटा को अमेरिका ले जाना कहते हैं। टेस्ला ने लगभग 4 साल पहले ऑटोपायलट सॉफ्टवेयर लॉन्च कर दिया था। चीन के कस्टमर्स भी लंबे समय से इसकी डिमांड कर रहे हैं। मगर, टेस्ला अभी तक उन्हें यह सॉफ्टवेयर नहीं दे पाई है।

#### इंडिया में प्लांट के लिए आने वाले थे मस्क

*पिछले कुछ महीनों से एलन मस्क द्वारा टेस्ला का प्लांट इंडिया में लगाने की चर्चाएं जोरों पर थीं। दावा किया गया था कि टेस्ला की एक टीम बहुत जल्द भारत का दौरा करने वाली है। यह टीम टेस्ला का प्लांट लगाने के लिए सही जगह की तलाश करने के लिए भारत आने वाली थी। यहां तक की रिलायंस इंडस्ट्रीज और टेस्ला के बीच प्लांट को लेकर वार्ता का दावा भी किया गया था।*

---

**संसद ने कानून बनाकर एलजीबीटीक्यू को घोषित किया अपराध**

# इराक में समलैंगिक संबंध होंगे अपराध, 15 साल होगी जेल

एजेंसी ▶▶ बगदाद

इराक ने समलैंगिक संबंधों को अपराध घोषित करने वाला कानून पास किया है। इराक की संसद ने शनिवार को इस कानून को मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य देश में धार्मिक मूल्यों को बनाए रखना है। कानून के अनुसार, समलैंगिक सबंधों के लिए दोषी पाए जाने पर जोड़ों को अधिकतम 15 साल तक सजा हो सकती है। एलजीबीटीक्यू समुदाय के खिलाफ लाए गए इस कानून की अधिकार समूह कार्यकर्ताओं ने निंदा की है और इसे लोगों के खिलाफ उत्पीड़न का एक हथियार बताया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, संसद से पास कानून की प्रति में कहा गया है, इसका उद्देश्य "इराकी समाज को



नैतिक पतन और दुनियाभर में फैल रही समलैंगिकता की चपेट से बचाना है।" इस कानून को मुख्य रूप से रूढ़िवादी शिया मुस्लिम पार्टियों का समर्थन प्राप्त था। मुस्लिम बहुल इराक की संसद में शिया पार्टियों का गठबंधन सबसे बड़ा है। नया कानून 1988 के वैश्यावृत्ति विरोधी कानून का संशोधन है, जिसमें समलैंगिकता को भी शामिल कर लिया गया है।

#### लिंग परिवर्तिन पर भी जेल

कानून में उन लोगों के लिए भी सजा का नियम है जो अपनी इच्छा से लिंग परिवर्तन कराते हैं। ऐसे मामले में सर्जरी कराने वाले ट्रांसजेंडर व्यक्तियों और डॉक्टरों को तीन साल तक की जेल हो सकती है। हालांकि, नए कानून में ऐसे मामलों को राहत दी गई है जिसमें व्यक्ति के जन्मजात लैंगिक दोषों का इलाज करने के लिए चिकित्सा हस्तक्षेप की आवश्यकता है। इसके साथ ही कानून में जानबूझकर महिलाओं जैसे कपड़े पहनने और तैयार होने पर भी तीन साल की सजा का प्रावधान है।

---

# भोजपुरी एक्ट्रेस की लटकी मिली लाश मौत से पहले शेयर की थी ऐसी पोस्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भोजपुरी इंडस्ट्री में मातम छा गया है। दुख भरी खबर सामने आ रही है कि एक्ट्रेस अमृता पांडेय का निधन हो गया है। घर में उनकी लाश मिली है। बताया जा रहा है कि आदमपुर इलाके के दिव्य धाम अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 104 में एक्ट्रेस की लाश पंखे से लटकी मिली है। घटना के बाद हड़कंप मच गया है। पुलिस में मामला भी दर्ज करा दिया गया है। जोगसर थाने की पुलिस मामले की तहकीकात करने में जुटी हुई है। वहीं, एक्ट्रेस की आखिरी पोस्ट भी चर्चा में बनी हुई है, जो उन्होंने व्हाट्सअप स्टेटस पर लगाया था।

---

**आईएमडी ने कहा- देश के कई राज्यों में मौसम रहेगा 'नरम-गरम'**

# बिहार से बंगाल तक लू, पंजाब-हरियाणा में आंधी और बारिश

**मौसम विज्ञान विभाग ने देश के कई राज्यों के लिए लू का अलर्ट जारी किया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश कई राज्य भीषण गर्मी से झुलस रहे हैं। कुछ राज्यों में बारिश और बर्फबारी की वजह से मौसम में नरमी बनी हुई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने देश कई राज्यों में लू का अलर्ट जारी किया है। पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा और कर्नाटक में लू की चेतावनी जारी की गई है।

जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश में बारिश और बर्फबारी हो सकती है। पंजाब और हरियाणा में गरज-चमक के साथ बारिश के आसार हैं।पश्चिमी विक्षोभ के असर से पिछले 24 घंटे में कई राज्यों में आंधी और बारिश दर्ज की गई। श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ के आसपास के इलाकों में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। बूंदाबांदी भी हो सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस गिरावट की संभावना है।




#### ओडिशा में 44.6 डिग्री

ओडिशा में भीषण गर्मी है। भुवनेश्वर में तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। इस सीजन में पहली बार है जब भुवनेश्वर में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में राज्य के कई इलाकों में तापमान बढ़ने का अनुमान लगाया है। मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

#### झारखंड में लू का अलर्ट

झारखंड के 11 जिलों में भीषण लू की चेतावनी दी गई है। सीवियर हीट वेव अलर्ट जारी किया गया है। 11 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट है। वहीं रांची के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। सूबे के 16 जिलों का पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। धनबाद, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला, खरसावां, देवघर, गोड्डा, साहिबगंज और जामताड़ा में भीषण गर्मी के आसार हैं।

#### जम्मू कश्मीर मुजफ्फराबाद और हिमाचल में होगी बारिश

मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट के अनुसार अगले 2 दिन के दौरान पश्चिमी हिमालय के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हो सकती है। 27 और 28 अप्रैल को जम्मू कश्मीर, गिलगित-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद और हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश और बर्फबारी की आशंका जताई गई है। वहीं अरुणाचल प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

---

## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के प्रतिभागीयों के नाम

**सांत्वना पुरस्कार** राजेश देवांगन पिता/पति पुसऊ राम देवांगन, अवधपुरी राममंदिर भाटागाँव रायपुर, सुषमा साहू पिता/पति राजेंद्र साहू, भाटिया काम्प्लेक्स के पीछे रामकुंड उछला तालाब रायपुर, गुलाम सिंह पैकरा पिता/पति भगत प्रसाद सिंह, पुलिस कॉलोनी अमलीडीह रायपुर, संतोष कुमार सोनी पिता/पति स्व. पन्नालाल सोनी, संजय नगर बकरा मार्केट रायपुर, अपूर्वा कुमार मंडल पिता/पति परितोष मंडल, राधा स्वामी निवास गुढ़ियारी रायपुर, धनुर्जय कुमार दास पिता/पति अश्विनी दास, एल. आई. जी. 124 हाउसिंग बोर्ड कालोनी टाटीबंध रायपुर, सिन्धु सोनकर पिता/पति स्व. दीपक सोनकर, ब्रह्मदेव कॉलोनी भाटागाँव रायपुर, माया पटेल पिता/पति आदित्य पटेल, C 69 सेक्टर -2 देवेन्द्र नगर रायपुर, सोनू शर्मा पिता/पति कैलाश चन्द्र शर्मा, संतराम दास वार्ड क्र 25 भारत नगर झंडा चौक रायपुर, गायत्री वर्मा पिता/पति गणेश राम वर्मा, प्रेम नगर मोवा रायपुर, राम कृपाल यादव पिता/पति रामभरोसा यादव, केलकर पारा बजरंग मंदिर कुआ के पास रायपुर, मोर्य मिश्रा पिता/पति नवीन कुमार मिश्रा, न्यू.चंगोरा भाटा रायपुर, रानी दास पिता/पति आनंद दास, 22/27 शिवम् विहार रायपुर, अनीता वर्मा पिता/पति पंकज कुमार वर्मा, मंदिर हसौद, तसलीम निशा पिता/पति मो. तौकीर, चौरसिया कॉलोनी रायपुर, भरतलाल राजगीर पिता/पति फिरतुराम राजगीर, वार्ड 17 गुलाब नगर गुढ़ियारी रायपुर, इंदु चंद्रवंशी पिता/पति मोहन सिंह चन्द्रवंशी, ईदगाह भाटा गली न.5 रायपुर, रश्मि अग्रवाल पिता/पति नितिन कुमार अग्रवाल, 27/ 480 पुरानी बस्ती बनिया पारा रायपुर, लोकेश कुमार साहू पिता/पति जे. आर. साहू, म न. 16 पुलिस हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पुलिस लाइन रायपुर, दुष्यंत वर्मा पिता/पति संतराम वर्मा, अवधपुरी कॉलोनी भाटागाँव रायपुर, सौभाग्य देवांगन पिता/पति संदीप देवांगन, कंकाली पारा तालाब के पास रायपुर, दुर्गा थवाईत पिता/पति राम जी थवाईत, पुरानी बस्ती सरस्वती चौक रायपुर, पीलूराम बंजारे पिता/पति स्व. शिवचरण बंजारे, देवपुरी रायपुर, अजीज खान पिता/पति वहाब खान, बी एस यु पी कॉलोनी सोनडोंगरी रायपुर, फलेन्द्र ध्रुव पिता/पति सेवा राम ध्रुव, करन नगर ध्रुव सदन न्यू चंगोरा भाटा रायपुर, उत्तम भोई पिता/पति स्व. नरेन्द्र कुमार, विकास बिहार कॉलोनी रायपुर, संतोष यादव पिता/पति पंचू राम यादव, आदर्श नगर पोटीया कला जिला दुर्ग, योगेश कुमार साहू पिता/पति पढन लाल साहू, केलाबाड़ी जिला दुर्ग, मोना ठाकुर पिता/पति रघुनन्दन ठाकुर, सिकोला बस्ती वार्ड न.-15 जिला दुर्ग, नारायण प्रसाद टंडन पिता/पति रामरतन टंडन, मदीना मस्जिस्द तितूरडीह जिला दुर्ग, रेशम सिंह पिता/पति सुध्यान सिंह, न्यू खुर्शी पार पंजाबी मोहला भिलाई जिला दुर्ग, बिरेन्द्र कुमार वर्मा पिता/पति धनेश राम वर्मा, क्वा नंबर 2 डी सड़क 3PA से 11जोन 03 जिला दुर्ग, यिमाही पिता/पति रमन कुमार, शिवा जी नगर वार्ड नंबर 51 खुर्शीपर जिला दुर्ग, गीता अग्रवाल पिता/पति सज्जन अग्रवाल, म. न.२१.२२ विश्व बैंक कॉलोनी जिला दुर्ग, तोमेश्वरी वैष्णव पिता/पति उत्तम दास वैष्णव, सुभाष चौक राधा कृष्णा मंदिर के पास जिला दुर्ग, प्रतिभा विश्वकर्मा पिता/पति संतोष विश्वकर्मा, महामाया पारा राधा कृष्णा मंदिर के पास भिलाई -3 जिला दुर्ग, धनी राम श्रीवास पिता/पति मंगलू राम श्रीवास, नूतन चौक शीतला पारा वार्ड नंबर 9भिलाई -3 जिला दुर्ग, एन रुचिका पिता/पति एन राम लक्ष्मण, म.न. 35/4 नूतन चौक भिलाई -3 जिला दुर्ग, जीतेन्द्र वर्मा पिता/पति जगत राम वर्मा, शांति नगर भिलाई 3 वार्ड न.8 भिलाई जिला दुर्ग, हरीश कुमार पिता/पति कृष्णा दास, सुभाष चौक भिलाई -3 जिला दुर्ग, कमलेश्वरी दास पिता/पति स्व. कृष्णा दास, नूतन चौक भिलाई 3 जिला दुर्ग, गंगा देवी चंद्राकर पिता/पति बैजनाथ चंद्राकर, घोरपेंड्री कुंडा जिला कवर्धा, असगर खान पिता/पति सैयद अकबर, वार्ड न. 14 गुप्ता पारा कवर्धा जिला कवर्धा, फौतम सिंह छाटा पिता/पति स्व. प्रताप सिंह छाटा, खपरापारा कांकेर जिला कांकेर, हिरामन सिंह यादव पिता/पति दुर्जन सिंह यादव, मनकेशरी उपरपारा कांकेर जिला कांकेर, हर्ष कुमार ओट्टी पिता/पति विनोद कुमार ओट्टी, चिखाल्पुट्टी जिला कोंडागाँव, ओम प्रिय साहू पिता/पति भारत साहू, चरभटठी फिंगेश्वर जिला गरियाबंद, लक्ष्मण चेलक पिता/पति कन्हैया चेलक, गोबरा नवापारा जिला गरियाबंद, यशवंत कुमार साहू पिता/पति हेमलाल साहू, खरेंगा जिला धमतरी, शाहजादी बेगम पिता/पति मो. हनीफ, नया पारा वार्ड 22 धमतरी जिला धमतरी, नीलम साहू पिता/पति पुनीत राम साहू, कुरमातरई जिला धमतरी, जयंती गंजिर पिता/पति मोहनलाल गंजिर, लोहरसी जिला धमतरी, तरुण कुमार शांडिल्य पिता/पति बल्दू राम शांडिल्य, झुरा नवागाँव जिला धमतरी, कुम्भकरण साहू पिता/पति कन्हैया राम, भैसबोड जिला धमतरी, प्रवीण कुमार पिता/पति प्रकाश कुमार, अम्बेडकर वार्ड सेन समाज गली धमतरी जिला धमतरी, राजेंद्र कुमार साहू पिता/पति रामचंद साहू, दुर्गा किराना स्टोर मंडी चौक कुरूद जिला धमतरी, ललित कुमार साहू पिता/पति माखन लाल साहू, बठेना वार्ड धमतरी जिला धमतरी, शिव कुमार साहू पिता/पति महेतरु राम साहू, भुसरेंगा जिला धमतरी, भोजेंद्र कुमार साहू पिता/पति जय सिंह साहू, गोकुल नगर धमतरी जिला धमतरी, हुसैन भाई पिता/पति तमीम भाई, रत्नाबांधा शितलापारा धमतरी जिला धमतरी, तुलशी सेन पिता/पति इतवारी राम सेन, खरेंगा जिला धमतरी, हरगोविंद लाल धीरेन्द्र पिता/पति स्व. अमरपाल धीरेन्द्र, आमा तलाब रोड रामसागर पारा धमतरी जिला धमतरी, खिलेश्वर कुमार पिता/पति मनोहर लाल, सिलौटी जिला धमतरी, धैर्य कुमार वर्मा पिता/पति जयनारायण वर्मा, खुडमुड़ी पथरी जिला धमतरी, रोशन किराना स्टोर पिता/पति थानुराम साहू, घिरघोल पलारी जिला बलौदा बाजार, चेतन कुमार दिवान पिता/पति आनंद राम दिवान, उसरिबेड़ा लोहंडीगुडा जिला बस्तर, संतुराम ध्रुव पिता/पति स्व. झाड़ू राम ध्रुव, वार्ड न.3 इमली भाठा महासमुंद जिला महासमुंद, परमेश्वर पटेल पिता/पति आनंदराम, परसूली जिला महासमुंद, रूपराम देवांगन पिता/पति स्व श्रीराम देवांगन, बरोंडा बाजार जिला महासमुंद, शत्रुहन लाल साहू पिता/पति रूपचंद साहू, बजरंग नवागांव जिला राजनांदगांव, रामेश्वर प्रसाद चंद्राकर पिता/पति राजेंद्र प्रसाद चंद्राकर, संबलपुर डोंगरगांव जिला राजनांदगांव, केशव सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. रोहित सिंग ठाकुर, क़डरा पारा डोंगरगांव जिला राजनांदगांव, सोहागा बाई हिरवानी पिता/पति सी.एल. हिरवानी, सुर्वानी अर्जुनी जिला राजनांदगांव, शारदा रामटेके पिता/पति रमेश कुमार रामटेके, वार्ड न 11 सिनेमा लाइन डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव

सांत्वना पुरस्कार की शेष सूची अगले अंक में देखें

## खबर संक्षेप

### महानदी मुख्य नहर में मिली अज्ञात लाश

**कुरुद।** कुरुद थाना क्षेत्र अंतर्गत महानदी के कन्हारपुरी-कुरुद नहर पुल के नीचे एक अज्ञात लाश मिली है। पुलिस लाश को बाहर निकाल शिनाख्त करने की कोशिश कर रही है। फिलहाल लाश को सिविल अस्पताल स्थित मरचुरी में रखा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को दोपहर करीब 2 बजे राहगीरों ने कन्हारपुरी नहर पुल के नीचे झुरमुट में एक लाश पानी में तैरते देखा। जिसकी सूचना पर कुरुद थाना से टीआई अरुण साहू अपने अधीनस्थों के साथ मौके पर पहुंचे। जहां लाश को बाहर निकाला। अज्ञात लाश पुरुष का है। जिसके सर में बाल नहीं है। वह कौन है, कहाँ का है। उसकी मौत कैसे हुई यह जांच के बाद ही ज्ञात हो पाएगा।

### भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा सड़क दुर्घटना में हुए घायल

**धमतरी।** भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा रविवार को धमतरी में बुलेट से जाते वक्त सड़क दुर्घटना के शिकार हो गये। जिसमें श्री रोहरा के होंठ में चार टांके लगे हैं। वे खतरे से बाहर हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा (जगदीश रोहरा) रविवार को दोपहर 12 बजे अपनी बुलेट में सवार होकर धमतरी के अम्बेडकर चौक से रुद्री की ओर जा रहे थे। तभी सेंट मैरी स्कूल के सामने तेज रफ्तार से आ रही मोटर सायकल चालक को बचाने के दौरान प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा बुलेट के स्लिप होने से नीचे गिर गये।

### फार्म हाउस में ब्लास्ट के बाद घटनास्थल में हुआ गहरा गड्ढा

# बोर में ब्लास्ट से कर्मी की मौत जांच में जुटी पुलिस की 3 टीमें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव

## बोर शुरू करने के बाद मिट्टी कार्यक्रम में जाने वाला था मृतक

जिले के डोंगरगांव ब्लॉक के जामसरा गांव में एक युवक की बोर में ब्लास्ट होने से मौत हो गई है। युवक फार्म हाउस की बोर को शुरू करने के लिए सुबह पहुंचा था। बोर का बटन दबाते ही उसमें ब्लास्ट हुआ। जिससे उसको चोटें आई, कुछ देर बाद ही युवक की मौत हो गई। इस मामले में डोंगरगांव पुलिस के साथ ही अन्य दो टीमें भी जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगांव निवासी संतोष वैष्णव का जामसरा ग्राम में फार्म हाउस है। इस फार्म हाउस में मनेरी ग्राम का निवासी नरेश कुमार ओड़ी पिछले करीब डेढ़ साल से काम कर रहा था। युवक रोजाना सुबह 7 से 8 बजे के बीच फार्म हाउस में बोर को शुरू करने आता था। घटना के दिन भी युवक बोर शुरू करने के लिए पहुंचा था। करीबन सात बजे उसने आने के बाद फार्म हाउस के सामने रहने वाले यादव परिवार के एक युवक से बात भी की। मृतक ने उसे बताया था कि उसे बोर शुरू कर जल्द ही गांव में एक मिट्टी के कार्यक्रम में शामिल होने जाना है। जिसके बाद वह बोर शुरू करने पहुंचा और वहां यह घटना हो गई। बताया गया कि फार्म हाउस के जिस हिस्से में बोर था, वहां घटना के बाद एक गहरा गड्ढा हो गया है।



### रोजाना सुबह बोर चालू करता था मृतक, हादसे में आई चोट

मिली जानकारी के अनुसार मनेरी ग्राम में रहने वाला फार्म हाउस का कर्मचारी नरेश कुमार ओड़ी रोजाना ही सुबह बोर शुरू करने के लिए पहुंचता था। रोज की तरह ही रविवार को भी सुबह करीबन सात बजे मृतक बोर शुरू करने के लिए पहुंचा और जैसे ही उसने बटन दबाया एक धमाका हुआ। जिसमें उसको चोटें आई और कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई। मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है। जिसकी रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।


### फारेंसिक टीम ने शुरू की जांच

इधर इस मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। स्थानीय पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते तत्काल दुर्ग से फारेंसिक टीम को घटनास्थल में बुलाया गया। स्थानीय पुलिस के साथ ही फारेंसिक टीम और राजनांदगांव की क्राइम ब्रांच की टीम को इस मामले की जांच पूरा करने के लिए जिम्मा सौंपा गया है। अब यह तीनों टीम इस मामले में सच का पता लगाने अपनी कार्रवाई करेगी।

### जांच की जा रही

जामसरा के एक फार्म हाउस में बोर शुरू करने गए युवक की ब्लास्ट होने से मौत हो गई है। इस मामले में स्थानीय पुलिस के साथ ही फारेंसिक टीम द्वारा जांच की जा रही है।
- दिलीप सिसोदिया, एसडीओपी, डोंगरगांव

## जिले की सीमा के आसपास फिर विचरण कर रहा दंतैल



**महासमुंद।** महासमुंद-बलौदाबाजार सीमा में विचरण कर रहा दंतैल एक बार फिर जिले की सीमा के करीब आ गया है। जिससे सीमावर्ती गांवों में अलर्ट जारी किया गया है। तीन दिन पहले ही दंतैल जिले की सीमा से दूर चला गया था। यह दंतैल लगातार बलौदाबाजार और महासमुंद की सीमा के आसपास ही विचरण कर रहा है। बता दें कि सप्ताहभर पहले दंतैल बलौदाबाजार से विचरण करते हुए महासमुंद वनमंडल में प्रवेश किया था। जिले के सिरपुर क्षेत्र के करीब दर्जनभर गांवों में अलर्ट जारी किया गया। दूसरे दिन दंतैल वापस बलौदाबाजार वनमंडल की ओर चला गया। इससे क्षेत्र के किसानों ने राहत की सांस ली। अब फिर से एक बार दंतैल के जिले की ओर आने की संभावना जताई जा रही है। वन विभाग के अनुसार शनिवार को एक हाथी बलौदाबाजार वनमंडल क्षेत्र के वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 119, 137, 134 के जंगल में विचरण कर रहा था।

# निर्माणाधीन पीएम आवास को तोड़ने से मना करने पर की अधेड़ की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

■ गैंती से सिर पर किया जानलेवा हमला

निर्माणाधीन पीएम आवास को अपनी जमीन बताकर तोड़ रहे दो लोगों को मना करने वाले पड़ोसी को इस दखलअंदाजी की कीमत अपनी जान गवां कर अदा करनी पड़ी। विवाद के बीच आवेश में आकर दो लोगो ने एक अधेड़ के सिर पर गैंती से संघातिक वार किया जिससे गंभीर रुप से घायल अधेड़ की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई।

मामला जिले के सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम बिजराभांठा का है। जहां गणपत बरिहा पिता नंदू बरिहा (55) द्वारा पीएम आवास के तहत निर्माणाधीन मकान को तोड़ने से मना करने पर पड़ोस में रहने वाले दो भाईयों ने अश्लील गाली गलौज करते हुए गैंती से सिर पर दे मारा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की बहू दीपांजलि बरिहा पति युवराज ने थाने में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि ग्राम बिजराभांठा में उसके घर से लगा हुआ गांव के मुरली यादव व किरीत राम यादव का मकान है। ससुर गणपत बरिहा के चाचा जगत सिंह बरिहा के नाम से स्वीकृत पीएम आवास का निर्माण निजी भूमि पर करवा रहे हैं। दीवार खड़ी हो चुकी है। शनिवार को मुरली यादव पिता शौकी लाल और किरीत यादव पिता शौकीलाल निर्माणाधीन स्थान को अपनी जमीन बताकर तोड़ने लगे। जिसे मेरे ससुर गनपत बरिहा ने मना किया तो दोनों उनसे गाली गलौच कर मारपीट करना शुरू कर दिया। उसके सामने ही मुरली यादव जान सहित मार दूंगा कहकर अपने हाथ में रखे गैंती से ससुर के सिर के पिछले हिस्से में वार कियाजा जिससे गंभीर चोट लगी और खून बहने लगा।

## शादी समारोह में मासूम ने खाया विषैला पदार्थ, मौत

**राजनांदगांव।** गांव में शादी समारोह में शामिल होने अपनी मां के साथ गया मासूम खेलते-खेलते विषैला पदार्थ का सेवन कर लिया था। जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना की खबर से गांव में सनसनी फैल गई है। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चमरराय टोलागांव में एक परिवार के यहां वैवाहिक आयोजन था। जिसमें शामिल होने के लिए गांव की महिला अपने साढ़े तीन वर्षीय मासूम बालक खुसाल साहू को लेकर गई हुई थी। बताया गया कि इस दौरान मासूम खेलते-खेलते धोखे से ड्राई आईस खा लिया था।

मिली जानकारी के अनुसार इस ड्राई आईस का उपयोग शादी या किसी अन्य समारोह में धुआं निकालने के लिए किया जाता है। इस ड्राई आईस को केमिकल से निर्मित किया जाता है, यही वजह है कि तीन साल की बच्ची के इसे खा लेने से यह घटना हुई।

## नक्सली मुठभेड़ वाले इलाके के आसपास 4 गांव में नहीं के बराबर हुई वोटिंग



**कांकेर।** लोकसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के तहत अति संवेदनशील नक्सल इलाके के 20 मतदान केंद्रों को स्थानांतरित किया था, इनमें से 9 मतदान केंद्रों के दल को हेलीकाप्टर से भेजा गया था। हेलीकाप्टर से गए मतदान दलों के केंद्रों पर बंपर वोटिंग हुई। स्थानांतरित मतदान केंद्रों में सबसे ज्यादा वोटिंग 74 प्रतिशत कोगेरा के मतदान में हुई। इन मतदाताओं ने 40 डिग्री के तापमान में 3 किमी. की दूरी तय करके मतदान करने पहुंचे थे। 4 मतदान केंद्रों में एक प्रतिशत से कम मतदान : मतदान क्रमांक 126 आलवंड में 9 वोट यानी 0.02 प्रतिशत, मतदान क्रमांक 117 हिदूर में 8 वोट यानी 0.05 प्रतिशत, मतदान क्रमांक 131 सितरम में 13 वोट यानी 0.01 प्रतिशत और मतदान क्रमांक 150 गट्टाकाल में 6 वोट यानी 0.01 प्रतिशत मतदान हुआ। आलवंड और हिदूर कछाडी ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम है और इस गांव के सरपंच व स्थानीय पंच भी वोट करने नहीं पहुंचे वहीं सितरम ग्राम पंचायत है, इस ग्राम पंचायत से सरपंच व पंच भी वोट करने नहीं पहुंचे। इन चारों गांव के आसपास विगत तीन माह में कई बार फोर्स व नक्सलियों से मुठभेड़ हुई है। जानकारी के अनुसार लोकसभा 2024 के महापर्व में अति नक्सल प्रभावित इलाके के मतदान केंद्रों को सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बदला गया था। स्थानांतरित मतदान केंद्रों में मतदान क्रमांक 108 रामपुर को मेंड्रा दूरी 8 किमी., मतदान क्रमांक 117 हिदूर को संगम दूरी 15 किमी., मतदान क्रमांक 121 को स्वरूपनगर पीव्ही 62 से पीव्ही 94 दूरी 2 किमी., मतदान क्रमांक 122 मायापुर को पीव्ही 94 दूरी 4 किमी.,मतदान क्रमांक 126 आलवंड से छोटेबेठिया दूरी 4 किमी.,मतदान क्रमांक 128 माड़ पखांजूर से दुर्गापुर 5 किमी., मतदान क्रमांक 129 रेंगावाही से मारबेड़ा दूरी 8 किमी., मतदान क्रमांक 130 सावनपुर से मारबेड़ा दूरी 8 किमी.,मतदान क्रमांक 131 सितरम से छोटेबेठिया दूरी 7 किमी., मतदान क्रमांक 134 से कड़मे से मांझीकुरुषबोडी एक दूरी 6 किमी., मतदान क्रमांक 136 मांझीकुरुषबोडी दो से मांझीकुरुषबोडी एक दूरी 5 किमी.,मतदान क्रमांक 149 केसेकोडी से डूटा दूरी 3 किमी.,मतदान क्रमांक 150 गट्टाकाल से संबलपुर दूरी 8 किमी., मतदान क्रमांक 216 को मातला (ब) से अर्रा दूरी 3 किमी.,मतदान क्रमांक 218 कोगेरा से किसकोडो दूरी 3 किमी., मतदान क्रमांक 219 मुल्ले से किसकोडो दूरी 3 किमी., मतदान क्रमांक 220 गवाड़ी से किसकोडो दूरी 4 किमी. स्थानांतरित किया गया।


epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- Hari group हेतु सिक्युरिटी गार्ड, लेडीज गार्ड, गनमैन, हाउसकीपिंग हेतु आया बाई। वेतनमान- 10000 से 15000 आधारकार्ड ,फोटो एवं मार्कशीट छायाप्रति लेकर संपर्क करे कृष्णा प्लाजा ,अश्वनी नगर लाखेनगर रायपुर 8085435101 , 7909336654 ,7713568537.(RO-956)

आवश्यकता है- रायपुर लिमिटेड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना,खाना,फ्री,वेतन 10000 से 15000 MO. 8109070600, 7869230888.(RO-1174)

**टीचर**

Requirment- RIMS PUBLIC SCHOOL, RAIPUR Rims Campus, Godhi, Raipur- 492101, email id: rimsps@ rimsin-dia.ac.in ph. No. 9039053322, 9868888814, 9109 190914. walk- in-interview (with appointment) Required qualified teachers as per CBSE norms: PRT, TGT- All subjects (Admissions are Open for classes Nursery to VIII (RO-961)

**घरेलू कार्य**

आवश्यकता है- रायपुर में घर में दिन भर उपरी काम काम करने के लिए, महिला की आवश्यकता है वेतन ,7000 महीना। रहने की जगह दी जाएगी। संपर्क: 9300201654, 8120289207.(RO-957)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**मशीन आपरेटर**

टेक्सटाईल स्पिनिंग (धागा) मिल, रायपुर (छत्तीसगढ़) नई टेक्सटाईल धागा मिल में साफ व ठंडे वातावरण में मशीन चलाने हेतु नये/पुराने अनुभवी वर्कर्स चाहिए। रहने की उत्तम सुविधा व कैंटीन मिल में उपलब्ध। पहले दिन से PF/ESIC कार्ड व पेमेंट सीधे बैंक खाते में। 240 दिन से अधिक हाजरी पर छुट्टी का पैसा अलग। संपर्क करें। 8462933820 8357065592

**देख-रेख**

आवश्यकता है- विकलांग युवक के देखभाल हेतु होनहार. कामकाजी युवक की आवश्यकता है, रहना खाना फ्री वेतन योग्यतानुसार। संपर्क नंबर - 7354988225 एड्रेस...होटल ए डी टॉवर सिद्धार्थ चौक टिकरापारा रायपुर। (RO-965)

**सेल्समेन**

Requirment- SALES JOB VACANCY S.K SOLVENT (I) PVT LTD. RAIPUR Post- Salesman Age: 28-45 Salary-15000-25000 per month (Additional Commission based on Sales Generated) Experience - 4-5 Years in Edible Oil Industry (Compulsory Experience in Edible Oil Industry) Vacancy-10 Whatsapp only no. 9948417000 9893832672 (RO-964)

**मिस्त्री**

आवश्यकता है- सिध्दी विनायक ऑटो पार्ट्स के लिए चाहिए दो पहिया वाहन मिस्त्री वेतनमान 12000/- से 15000/- तक काम का समय सुबह 9:00 से लेकर शाम 6:00 बजे तक। ऑफिस पता सिलतरा रोड मांढर। मोबाइल नंबर 8109505689, 8109101947.(RO-958)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**मार्केटिंग**

आवश्यकता है- घरेलू कार्य, ऑफिस में टेली कॉलिंग हेतु लड़की /महिला चाहिए कॉल 9039321951 घर बैठे मार्केटिंग और फील्ड वर्किंग हेतु लड़की /लड़का/ महिला चाहिए पार्ट/फुल टाइम सैलरी 5000 /10000 पता:- अरिहंत कॉम्प्लेक्स नियर रेल्वे स्टेशन रायपुर नेहा - 7470577781 शिवानी - 8349613158. (RO-2687)

आवश्यकता है- मार्केटिंग एक्सिक्यूटिव युवक युवती की एप्लीकेशन डाउनलोड कार्य के लिए स्वयं का वाहन होना अनिवार्य संपर्क करे मोबाइल नंबर:- 8959000028. (RO-2692)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की थोक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क नंद होजयरी डिपो जय हिंद होजयरी मार्केट पंडरी रायपुर मोबाइल 9300188811. (RO-4410)

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम की दुकान में काम करने के लिए अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है संपर्क:- दीपक साउंड सर्विस फूल चौक जोरा पारा, काली माता मंदिर के पास रायपुर 98271-14645. (RO-2702)

**कुक**

आवश्यकता है- क्लाउड-किचन (पार्सल) में कार्य करने हेतु एक इंडियन कम चायनीस कुक की आवश्यकता है। पता- गीतांजली नगर रायपुर संपर्क - 83195-74658, 96176-00100. (RO-1484)

**पैकिंग/लेबर कार्य**

आवश्यकता है- चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की जरूरत है। संपर्क करें एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो . 7469980000, 07714075490.(RO-955)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**फील्ड कार्य**

आवश्यकता है- कुरियर सर्विस में फील्ड कार्य हेतु लड़के / लड़कियों की आवश्यकता है, दुपहिया वाहन आवश्यक है। उम्र-18-35 वर्ष, छत्तीसगढ़ में सभी जगह उपलब्ध। संपर्क करें:-मो.- 91093-10898, 73545-77811 (नि:शुल्क) (आरो न.-6330)

**मैनेजर/सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- कचाड़ूर (जेवरा) प्लांट में कार्य करने हेतु मैनेजर/ सुपरवाइजर, पिकअप ड्राइवर, ट्रेक्टर ड्राइवर, जेसीबी ऑपरेटर,मार्केटिंग बॉय एवं पद्मनाभपुर दुर्ग ऑफिस में कार्य करने हेतु ऑफिस स्टाफ एवं ड्राइवर की आवश्यकता है संपर्क- 74411-99337. (आरो न.-3482)

**सेल्समैन/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- दोन्देकला रायपुर में सेल्समैन की आवश्यकता है, जो ऑटोमोबाइल लाइन में काम किया हो एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर टेली, बिलिंग कार्य अनुभवी और ऑफिस ब्वॉय की आवश्यकता है संपर्क करें:- 9301703000. (RO-2697)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं , 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिक्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें ऑफिस रायपुर - 7772011223. (RO-3919)

आवश्यकता है- C.C.T.V. IP कैमरा इन्स्टालेशन हेतु एवं ऑफिस कार्य हेतु कम्प्यूटर की बेसिक जानकारी वाले लड़के की आवश्यकता है। संपर्क करें:- मो.- 8770049020, 8818818188. दुर्ग (आरो न.-6069)

**सेल्स बॉय/ड्राइवर**

आवश्यकता है- सेल्स बॉय एवं ड्राइवर की जरूरत है नशा मुक्त व्यक्ति ही संपर्क करें संपर्क सूत्र 8959906595. (RO-7352)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस सहायक हेतु युवको की वेतन 10,000+ कमीशन, बोनस, रहना फ्री एक महीने ट्रेनिंग के बाद मैनेजर पद पर नियुक्ति, लगभग वेतन 30,000, अनुभव की आवश्यकता नहीं, 10वी पास या फेल। 6265100904.(RO-2695)

आवश्यकता है- ऑफिस में कार्य करने हेतु लड़के की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार। संपर्क-श्याम हार्ड वेयर स्टोर्स, स्टेशन रोड, देशबन्धु स्कूल के रायपुर मो.9300908801.(RO-290)

आवश्यकता है- इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु 18-30 वर्ष के 10- 12, ग्रेजुएट अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000+ रहना फ्री+ कमीशन+ बोनस+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 7415455110, 7898882634. (RO-33905)

**मार्केटिंग/टैलीकॉलर**

Wanted- Required efficient Staff Work from office for Dispatch And billing(3 posts) Sales marketing (2 posts) Telesales (5 posts) calling with efficient speaking ability 7879163613 bullion-steel@gmail.com(RO-3755)

**पेट्रोल पम्प कर्मी**

आवश्यकता है- मैसर्स शारदाप्रसाद साव पेट्रोलपंप रानी अवन्तिबाई चौक कोहका रोड भिलाई में पेट्रोल एवं डीजल डालने हेतु DSM (LADIES/GENTS) की आवश्यकता है। संपर्क मो.- 99261-23539, 76928-88808, 83191-53895.(आरो न.-457)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**ड्रायवर/घरेलू कार्य**

आवश्यकता है- हमें तत्काल 10 ड्राइवर 5 वर्ष अनुभव (वेतन 12000 आवास के साथ), एवं महिला घरेलू सफाई कर्मी और फार्म हाउस में कामकाज के लिए पति-पत्नी की आवश्यकता है (वेतन योग्यतानुसार) रायपुर देवपुरी 9302708426, 8448107841.(RO-2691)

**अन्य**

आवश्यकता है- Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/फुलटाइम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियाँ गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिला लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 9883460031.(RO-110)

**Finance फायनेंस**

फाईनेंस - लोन ! लोन! लोन कुबेर फाइनेंस (Govt. Regd) सर्व योजनाअंतर्गत , आधारकार्ड, पर्सनल, प्रोपर्टी, बिजनेस, सभी लोन , 1- 90 लाख तक , 2% ब्याज, 40 % छूट , महिलाओं के लिए विशेष छूट :- 8483865830. (RO-125)

**Property प्रापर्टी**

**भूमि/प्लाट**

भूमि बेचना है- दुर्ग अंजोरा- रायपुर भारतमाला हाईवे के नजदीक बिरेझर में फार्म हाउस हेतु उपयुक्त 11000 sqft. प्लॉट मात्र 111/- फीट में उपलब्ध है। मो. न. 99931-35732. (आरो न.-455)

बेचना है- 14,500 वर्गफुट भूमि, उरला अछोली में,प्रगति नगर,शीतला मंदिर, तालाब के पास बेचना है। संपर्क करे । मोबाइल 9753212345. (RO-44)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**मकान**

मकान बेचना है- चांगोराभाठा एव रायपुरा मे 750 वर्गफुट 2 BHK मकान, कार पोर्च, पीओपी किया हुआ स्वतंत्र नया मकान एव रायपुरा सत्यम विहार कॉलोनी 1100 फुट प्लॉट बेचना है संपर्क:- 9300505421, 9993451070. (RO-2696)

बेचना है - मकान बेचना है हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सड्डू स्थित एलआईजी कॉर्नर का सिंगल स्टोरी मकान दो साईड रोड दोनों साईड गेट लगभग 910 स्क्वेयर फीट संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9993059700, 8358030320. (RO-2703)

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है - भाटागांव व पचपेड़ी नाका के प्राइम लोकेशन पर सर्व सुविधायुक्त आवासीय प्लॉट 1000, 1200, 1500 वर्गफीट बहुत ही कम कीमत पर, 90% फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध। संपर्क करें:- 9165586666, 9584444523. (RO-2700)

प्लॉट बेचना है - रायपुर सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से लगा 1500 वर्गफुट सर्वसुविधायुक्त प्लॉट अतिशीघ्र बेचना है वास्तविक खरीददार संपर्क करे:- 6264814390.(RO-2694)

**For Rent किराया**

ऑफिस हेतु किराए से देना है- 300 और 500 स्क्वायर फीट में उपलब्ध, सुविधाएं: १.अटैच बाथरूम २. पार्किंग की पर्याप्त सुविधा ३ मुख्य मार्ग में विंडो ४. २४ घंटे पानी की सुविधा 5 सभी ऑफिस में अलग विद्युत आपूर्ति 6 सुरक्षा गार्ड किराया 1.300 sqft पर Rs.10000 2.500sqft पर Rs. 20000 संपर्क करे 9755832989 (RO-4280)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी वस्तु खरीदने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी व्यक्ति से पहले अपने स्तर पर पूरी जांच पड़ताल कर लें। किसी भी प्रकार के कदम उठाने से पहले पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के द्वारा प्रस्तुत के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रकाशक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर परखनली शिशु केन्द्र
1994 से आपकी सेवा में
उपलब्ध सुविधाएं
आई.व्ही.एफ.
इक्सी
आई.यू.आई.
लेप्रोस्कोपी
हिस्ट्रोस्कोपी
संपर्क डॉ. विजया वाकोडकर
वाकोडकर नर्सिंग होम
नेहरू नगर वेस्ट भिलाई
फोन : 9329029731

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवायें
लाभ नहीं तो पैसे वापिस।
08116592844




## दीपक की फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता-फिल्मकार दीपक तिजोरी की आने वाली फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का निर्माण राजू चड्ढा और दीपक तिजोरी ने किया है। टिप्सी का निर्देशन दीपक तिजोरी ने किया है। सना खान और अनीता शर्मा फिल्म की सह-निर्माता हैं। टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत गोवा जैसे खूबसूरत शहर से होती है। जहां पांच लड़कियों का एक ग्रुप घूमने जाता है, लेकिन इन लड़कियों के लिए ये गोवा का ट्रिप आफत बन जाएगा। इसके बारे में नहीं पता था। गर्ल्स का ये ट्रिप उन्हें जेल की हवा खाने पर मजबूर कर देता है। ट्रेलर में दीपक तिजोरी की भी दमदार एंट्री देखने को मिलती है।

लाइफ Style

# मनीषा

## 'हीरामंडी' में दिखाएंगी बागी अवतार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सुभाष घई की फिल्म 'सौदागर' से अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत करने वाली मनीषा कोइराला इन दिनों खूब चर्चा में है। उनका सुर्खियों में होना भी वाजिब है, क्योंकि संजय लीला भंसाली के करियर की पहली वेब सीरीज 'हीरामंडी' में वह बेहद अहम भूमिका निभा रही हैं।

खास बात यह है कि भंसाली, मनीषा के पसंदीदा निर्देशक रहे हैं। हाल ही में उन्होंने निर्देशक के साथ-साथ इस सीरीज में अपने किरदार पर बात की। 'हीरामंडी' में मनीषा सबसे वरिष्ठ अभिनेत्री हैं। अपने बागी किरदार 'मल्लिका जान' पर मनीषा ने कहा, मैंने ऐसा किरदार पहले कभी नहीं किया और मुझे मालूम नहीं था कि मैं कैसे करूंगी, लेकिन इतना मालूम था कि मैं जान दे दूंगी, जान लगा दूंगी और जो भी संजय हमसे करवाना चाहते थे, वह एकदम पूरे समर्पण के साथ करूंगी। ये बहुत, बहुत, बहुत ही नया किरदार है मेरे लिए। मनीषा के मुताबिक, 'हीरामंडी' में बहुत सी कहानियां हैं। इसमें कई सीजन तक आगे जाने की सामग्री है। इस सीरीज में ऋचा चड्ढा, अदिति राव हैदरी, सोनाक्षी सिन्हा, संजीदा शेख और शरमीन सहगल भी अहम भूमिका में हैं। 'हीरामंडी' को भंसाली ने हिंदी सिनेमा की कालजयी फिल्म 'मुगल-ए-आजम' की तर्ज पर बनाया है। इसके हर फ्रेम में कला का काम है। यह सीरीज 1 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। मनीषा ने भंसाली संग पहली बार '1942: ए लव स्टोरी' में काम किया था। भंसाली इस फिल्म के सहायक निर्देशक थे। जब मनीषा से भंसाली के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, बतौर निर्देशक उनमें जबरदस्त बदलाव आए हैं।




हॉलीवुड मसाला




## जीता पत्नी से तलाक मुकदमा

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड स्टार जॉनी डेप ने इंग्लैंड के बर्मिंघम में अपने दोस्तों के साथ एक खास सेलिब्रेशन किया। डिनर पर 62,000 डॉलर या 48.22 लाख रुपये खर्च किए। डेप ने रेस्तरां में इंडियन फूड, कॉकटेल और शैंपेन की दावत दी। अभिनेता ने बुधवार को एक बड़ी जीत हासिल की, जब उन्हें 36 साल की एक्स वाइफ एम्बर हर्ड के खिलाफ मानहानि के मुकदमे में 10.35 मिलियन डॉलर का फैसला सुनाया गया। पार्टी में जॉनी डेप अपने म्यूजीशियन दोस्त और साथी जेफ बेक सहित 20 अन्य शामिल हुए।



## जेनिफर व बेन ने 20 साल बाद फिर की सगाई

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड अभिनेत्री और सिंगर जेनिफर लोपेज और अभिनेता बेन एफ्लेक ने सगाई कर ली है। सिंगर ने अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर पुष्टि की है कि वह बेन से सगाई टूटने के लगभग 18 साल बाद 2021 में एक-दूसरे के करीब आने के बाद अब शादी के बंधन में बंधने की योजना बना रही हैं। जेनिफर लोपेज और 49 साल के बेन एफ्लेक ने पहली बार फिल्म 'गिगली' में काम करने के बाद डेटिंग शुरू की थी। करीब 52 साल की रोपेज ने सबसे पहले अपने फेसबुक और इंस्टाग्राम पेज पर यह घोषणा की, जिसके बाद उन्होंने अपने करीबी लोगों के साथ इससे जुड़ा एक ईमेल साझा किया। लोपेज की वेबसाइट पर प्रशंसकों के लिए साझा किए गए संदेश में सिंगर की एक क्लिप शामिल थी, जिसमें सगाई की हीरे की अंगूठी की तारीफ की गई थी।



## 'तेरा चेहरा' पर बनाई आम्रपाली ने रील

**मुंबई।** भोजपुरी स्टार आम्रपाली दुबे ने म्यूजिक कंपोजर अदनान सामी के गाने 'तेरा चेहरा' पर रील बनाई और इसे शेयर करते हुए गाने के प्रति अपनी दीवानगी को साझा किया। आम्रपाली ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह एक्ट्रेस रानी मुखर्जी पर फिल्माए गए गाने 'तेरा चेहरा' पर लिप-सिंक करती नजर आ रही हैं। आम्रपाली जल्द ही प्रदीप पांडे और संचिता बनर्जी स्टारर अपकमिंग फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में दिखाई देंगी. फिल्म का निर्देशन प्रेमांशु सिंह ने किया है। आम्रपाली ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 2008 में शो 'सात फेरे: सलोनी का सफर' से की थी। भोजपुरी सिनेमा में उनकी एंट्री 2014 की फिल्म 'निरहुआ हिंदुस्तानी' से हुई. तब से, वह 'निरहुआ हिंदुस्तानी 2 और 3', 'बॉर्डर', 'निरहुआ चलल लंदन' और 'शेर सिंह' में नजर आ चुकी हैं।



## 'खेल- खेल में' की रिलीज डेट जारी

अक्षय कुमार आने वाले दिनों में कई बड़ी फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। 'खेल खेल में' उनकी आने वाली चर्चित फिल्मों में शुमार है। इस फिल्म से जुड़ीं कई जानकारियां सामने आई थीं, लेकिन रिलीज तारीख तय नहीं हुई थी। अब फिल्म की रिलीज को लेकर आधिकारिक घोषणा हो गई है। अक्षय इस फिल्म में तापसी पन्नू और वाणी कपूर के साथ नजर आएंगे। आइए जानते हैं पर्दे पर कब आएगी 'खेल खेल में'। यह फिल्म 6 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों का रुख करेगी। इसका पहला पोस्टर भी सामने आ गया है। यह फिल्म भूषण कुमार के प्रोडक्शन हाउस टी-सीरीज के बैनर तले बन रही है, जो कॉमेडी, ड्रामा और इमोशंस से भरपूर होगी। मुदस्सर अजीज ने इस फिल्म का निर्देशन किया है।

टीवी मसाला

## दीपा को मिला खास शो, 'अटल' में निभा रहीं सुशीला बुआ का किरदार

**नई दिल्ली।** शो 'अटल' में सुशीला बुआ को चालाक और शातिर महिला के रूप में दिखाया जाएगा जो लोग उनका फेवर करते हैं, उनके लिए वह बहुत अच्छी हैं, लेकिन जो उनके काम के नहीं हैं, उनके लिए वह बेहद क्रूर हैं। अपने किरदार पर चर्चा करते हुए, दीपा ने कहा, 'सुशीला बुआ के चरित्र को बताने के लिए विधवा, कर्मकांडी, शातिर और लालची सबसे अच्छे शब्द हैं। उनके अनुसार, किसी व्यक्ति का स्वार्थ और लालच यह तय करते हैं कि आप उन्हें पसंद करते हैं या नहीं। उनका किरदार वाजपेयी के घर में, खास तौर से अटल (व्योम ठक्कर) और कृष्णा देवी (नेहा जोशी) के लिए चुनौतीपूर्ण स्थिति पैदा करेगा। यह कहानी में एक नया ट्विस्ट और ड्रामा लाएगा। शो में सुशीला बुआ की एंट्री 29 अप्रैल को प्रसारित हुए एपिसोड में हुई। दीपा ने कहा, 'नीति का पढ़ाई को समर्थन और अटल के रुख के खिलाफ सुदर्शन त्रिपाठी, नीति के दोस्तों के पैरेंट्स को उकसाता है और वे आकर अटल के खिलाफ नारे लगाने लगते हैं, जिससे कृष्णा देवी आहत हो गईं। सुशीला बुआ अगली सुबह वाजपेयी के घर पहुंचती हैं और जबरदस्ती इज्जत पाने की अपेक्षा करती हैं और कृष्णा देवी से अपने पैर धोने के लिए कहती हैं। एक्ट्रेस ने कहा, 'वह यह भी मांग करती हैं कि कृष्णा देवी और कृष्ण बिहारी वाजपेयी अवध और सरस्वती को घर वापस लाएं और वह उनके लौटने के बाद ही घर में प्रवेश करेंगी।




## अन्नपूर्णा को मिला दिलचस्प रोल

**नई दिल्ली।** अन्नपूर्णा भैरी एक अच्छी एक्ट्रेस हैं. उन्हें अब दर्शक टीवी शो 'चाहेंगे तुम्हें इतना' में 'दादी' का किरदार निभाते हुए देखेंगे। शो में अन्नपूर्णा, अमित की मां और अमृता की सास के किरदार में हैं। एक्ट्रेस ने अपने किरदार को लेकर उत्साह व्यक्त किया और बताया कि यह उनके वास्तविक जीवन के व्यक्तित्व के बिल्कुल विपरीत है। एक्ट्रेस ने कहा, 'चाहेंगे तुम्हें इतना' में मेरा किरदार गिरिजा देवी का है, जो एक ऐसी महिला है जिसने प्रभुत्व के कौशल में महारत हासिल की है। वह बहुत पुराने विचारों वाली हैं और चाहती हैं कि पूरा परिवार उन नियमों का पालन करें, जिनमें वह विश्वास करती हैं। अन्नपूर्णा ने आगे कहा, 'असल जिंदगी में मैं बिल्कुल अलग हूं. ऑफ-स्क्रीन मेरा स्वभाव बहुत नरम है और मुझे किसी पर हावी होना पसंद नहीं है। यह भूमिका मेरे साथ-साथ दर्शकों के लिए भी एक रोलर कोस्टर राइड होगी। जैसे-जैसे 'चाहेंगे तुम्हें इतना' में सिद्धार्थ और आशी की शादी की कहानी आगे बढ़ेगी, दादी एक अहम मोड़ लाएगी।



## जब डांस फ्लोर नाचते हुए रोमांटिक हुए एवरग्रीन हेमा-धर्मेंद्र



**मुंबई।** बॉलीवुड की एवरग्रीन जोड़ी एक्ट्रेस हेमा मालिनी और धर्मेंद्र एक बार फिर अपने रोमांटिक अंदाज को लेकर सुर्खियों में हैं। वयोवृद्ध अभिनेता धर्मेंद्र और हेमामालिनी की जोड़ी दर्शकों द्वारा खूब पंसद की गई। यही वजह थी कि हेमा मालिनी और धर्मेंद्र पर्दे पर दो दर्जन से अधिक फिल्मों में रिपीट की गई। हेमामालिनी-धर्मेंद्र की जोड़ी पर्दे पर ही नहीं, रियल जिंदगी में भी सुपर हिट है। साथ-साथ काम करते-करते दोनों को प्यार हुआ और सभी बंधनों को तोड़ दोनों शादी कर ली जबकि धर्मेंद्र पहले से शादीशुदा थे।

***ड्रीम गर्ल के गाने पर किया रोमांटिक डांस :*** अक्सर पार्टीज में साथ-साथ नजर आने वाले धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की जोड़ी का हाल में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें हीमैन धर्मेंद्र अपनी ड्रीम गर्ल के साथ रोमांस करते हुए नजर आ रहे हैं। खास बात ये है कि बैकग्राउंड में ड्रीम गर्ल वाला गाना ही प्ले हो रहा है।

***वीडियो इंडियाज गॉट टैलेंट के तीसरे सीजन का :*** धर्मेंद्र-हेमामालिनी का डांस वीडियो रियलिटी शो इंडियाज गॉट टैलेंट के तीसरे सीजन का है। जिसमें धर्मेंद्र और उनकी पत्नी हेमा मालिनी गेस्ट के तौर पर आए हैं। उनके साथ उनकी बेटी ईशा देओल भी हैं. शो की कंटेस्टेंट हेमा और धर्मेंद्र से डांस की रिक्वेस्ट करती है, तो दोनों स्टेज पर आते हैं। फिर जो कुछ होता है, वह लोगों को रुमानी बनाने के लिए काफी है।

## फिल्म इंडस्ट्री को लेकर परिणीति का बड़ा खुलासा

*__मुंबई।__ बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा का कहना है कि फिल्म इंडस्ट्री में नेपोटिज्म वास्तविक हो भी सकता है और नहीं भी, लेकिन यहां फेवरेटिज्म जरूर चलता है। परिणीति ने नेपोटिज्म और फेवरेटिज्म पर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि लोग नेपोटिज्म की बात करते हैं, लेकिन उन लोगों पर और ज्यादा दबाव होता है जिसका कोई इंडस्ट्री में होता है। उनकी वजह से आपको पहला मौका मिल जाता है, लेकिन लोग स्टार का बच्चा सुपरस्टार की बहन कहते हैं। यदि आप काम अच्छा नहीं करेंगे तो दर्शक रिजेक्ट कर देंगे। उन्होंने कहा कि यदि मेरी बहन (प्रियंका चोपड़ा) उस दिन यशराज फिल्म्स में शूटिंग न कर रही होती, जिस दिन मैं वहां मार्केटिंग की नौकरी पाने के लिए गई थी, तो वह मुझे नहीं मिलती। मेरे घर से कोई एक्टर हैं, इसलिए मैं किसी फिल्म के सेट पर जा पाई, लेकिन बहन के स्टार होने से मुझे कोई फायदा नहीं हुआ, नहीं तो मेरी भी फिल्में चलती।*



### 2023 की 1 मूवी ने तोड़ा सबका रिकॉर्ड, लिस्ट में ऐसी मूवी भी है

## ओटीटी पर मौजूद हैं वो फिल्में, जिन्हें मिली है सबसे हाई रेटिंग

*__मुंबई।__ बहुत सारे लोग किसी भी फिल्म को देखने से पहले उसकी आईएमडीबी रेटिंग पता करते हैं। अगर रेटिंग अच्छी है, तभी वह फिल्मों को देखते हैं। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी फिल्मों के बारे में बताते हैं, जिन्हें आईएमडीबी पर 8 से ज्यादा रेटिंग मिली है। सभी एक से एक धांसू फिल्म हैं, जिनका लुत्फ आप अपने मोबाइल, टीवी या फिर लैपटॉप पर उठा सकते हैं। लिस्ट में ऐसी मूवी भी है, जिसकी रेटिंग सबसे ज्यादा यानी 10 में से 9 है।*





**सीता रामम :** दुलकर सलमान और मृणाल ठाकुर की ये मूवी साल 2022 में रिलीज हुई थी। 'सीता रामम' एक शानदार लव स्टोरी मूवी है, जिसे लोगों ने खूब पसंद दिया। आईएमडीबी पर फिल्म की रेटिंग 10 में से 8.5 है। इसे आप डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**12वीं फेल :** विक्रांत मैसी की ये मूवी साल 2023 में आई थी। यह आईपीएस मनोज कुमार शर्मा की बायोपिक है, जिसमें उनकी जिंदगी और संघर्ष की कहानी को बयां किया गया है। इस मूवी को 10 में से 9 रेटिंग मिली है। इसका लुत्फ आप डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर उठा सकते हैं।




**एमएस धोनी-द अनटोल्ड स्टोरी :** सुशांत सिंह राजपूत की ये मूवी साल 2016 में आई थी। यह भारत के मशहूर क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी की लाइफ पर बनी है। आईएमडीबी पर 8 रेटिंग के साथ यह फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर मौजूद है।






**छिछोरे :** स्टूडेंट लाइफ पर बनी ये फिल्म साल 2019 में आई थी। सुशांत सिंह राजपूत, श्रद्धा कपूर, वरुण शर्मा और अन्य कई सितारों ने फिल्म में काम किया था। 'छिछोरे' को आईएमडीबी पर 8.3 रेटिंग मिली थी। यह मूवी डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर अवेलेबल है।



**बाहुबली 2 :** सुपरस्टार प्रभास की 'बाहुबली 2' फिल्म साल 2017 में रिलीज हुई थी। यह अब तक की सबसे धांसू इंडियन फिल्मों की लिस्ट में शुमार है। 'बाहुबली 2' की आईएमडीबी पर 10 में से 8.2 रेटिंग है। यह मूवी डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर धड़ल्ले से स्ट्रीम हो रही है।


## खबर संक्षेप

### पूंजीकरण में सबसे आगे रहा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया




**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान फर्मों में छह का संयुक्त बाजार मूल्यांकन पिछले सप्ताह 1.30 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को सबसे अधिक लाभ हुआ। पिछले हफ्ते, बीएसई सेंसेक्स 641.83 अंक या 0.87 प्रतिशत बढ़ा।

### अदाणी कॉनेक्स बैंकों से जुटा रही 1.44 अरब डॉलर




**नई दिल्ली।** अदाणी एंटरप्राइजेज और एजकॉनेक्स की समान हिस्सेदारी वाले संयुक्त उद्यम (जेवी) अदाणी कॉनेक्स ने लगभग 1.44 अरब डॉलर (लगभग 11,520 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। डेटा सेंटर बनाने वाली कंपनी ने रविवार को बताया कि यह देश में सबसे बड़ा पर्यावरण अनुकूल वित्तपोषण है।

### बीते सप्ताह सरसों-बिनौला में सुधार, बाकी में गिरावट



**नई दिल्ली।** विशेषज्ञों के अनुमान के विपरीत सरसों और कपास की आवक घटने के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों तेल तिलहन तथा बिनौला तेल के दाम मजबूत बंद हुए। देश में इन तेलों की आपूर्ति की स्थिति में सुधार के बीच सोयाबीन एवं मूंगफली तेल तिलहन, सीपीओ एवं पामोलीन तेल के भाव में गिरावट देखने को मिली।

### एयू स्माल बैंक तीन साल में कारोबार दोगुना करेगी




**नई दिल्ली।** एयू स्माल फाइनेंस बैंक तीन साल में अपने बहीखाते का आकार दोगुना कर 2.5 लाख करोड़ रुपये करने का लक्ष्य बना रहा है। देश में बढ़ती खपत की प्रवृत्ति से मदद मिलेगी। बैंक ने इस सप्ताह 'एयू रेमिट' के साथ विदेशी मुद्रा कारोबार में और 'एयू डिजीट्रेड' के साथ सीमा पार व्यापार में अधिकृत डीलर (एडी-आई) लाइसेंस शुरू किया।

### इरकॉन को 1,200 करोड़ रुपए का ठेका मिला



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इरकॉन ने रविवार को कहा कि उसने एक संयुक्त उद्यम के जरिए लगभग 1,200 करोड़ रुपये की रेलवे परियोजना हासिल की है। इरकॉन ने कहा कि यह परियोजना 1,260 दिनों में इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) मोड में बनाई जाएगी। पूर्वी तट रेलवे की इस परियोजना की लागत 1,198.09 करोड़ रुपये है।

### एवरेडी का मार्च तिमाही लाभ आठ करोड़ रुपए पर




**कोलकाता।** एवरेडी इंडस्ट्रीज इंडिया का बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही का शुद्ध लाभ आठ करोड़ रुपये रहा। कंपनी को वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में 14.39 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। कंपनी ने कहा कि आलोच्य तिमाही में उसकी परिचालन आय मामूली घटकर 281 करोड़ रुपये रही। हालांकि दिसंबर तिमाही की तुलना में कंपनी का मुनाफा मार्च तिमाही में मामूली घट गया। बीते वित्त वर्ष में कंपनी की आय मामूली घटकर 1,314.2 करोड़ रुपये रही, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 1,327.7 करोड़ रुपये थी।

# टेस्ला के सीईओ ने सबको चौंकाया, भारत की यात्रा टाल चीन पहुंचे एलन मस्क

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क इसी महीने भारत आने वाले थे। यहां उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी होने वाली थी। इसे लेकर भारत में काफी उत्साह का माहौल था। कई तरह की तैयारियां भी की जा रही थीं। हालांकि, आखिरी समय में उनकी यात्रा टालने की खबर आई थी।

- टेस्ला ऑटोनोमस टेक्नोलॉजी को बेहतर बनाना चाहते हैं

टेस्ला के सीईओ ने कहा था कि वह फिलहाल कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं इसलिए भारत की यात्रा कुछ महीनों बाद करेंगे। अब एलन मस्क अचानक चीन पहुंच गए हैं। इलेक्ट्रिक वेहिकल सेक्टर की दिग्गज कंपनी के लिए चीन दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। भारत की बजाय चीन की यात्रा पर पहुंचने से कई अटकलें लगाई जा रही हैं।

## मस्क चीन में फुल सेल्फ ड्राइविंग सॉफ्टवेयर को लांच करने बात करेंगे

### फुल सेल्फ ड्राइविंग सॉफ्टवेयर लांच की तैयारी

रायटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, एलन मस्क की इस यात्रा की भनक किसी को नहीं थी। वह सबको अचंभित करते हुए बीजिंग पहुंचे हैं। यहां वह चीन सरकार के बड़े अधिकारियों से मुलाकात करने वाले हैं। ऐसा माना जा रहा है कि वह चीन में फुल सेल्फ ड्राइविंग सॉफ्टवेयर को लांच करने के बारे में बात करने के लिए बीजिंग पहुंचे हैं। वह चीन सरकार से इस सॉफ्टवेयर से मिलने वाले डेटा के विदेश में इस्तेमाल की मंजूरी भी मांगेंगे ताकि टेस्ला की ऑटोनोमस ड्राइविंग टेक्नोलॉजी को बेहतर बनाया जा सके। एलन मस्क ने हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था कि जल्द ही चीन में फुल सेल्फ ड्राइविंग सॉफ्टवेयर को लांच किया जाएगा।



### चीन का डेटा अमेरिका नहीं ले जा पाई है टेस्ला

रिपोर्ट के अनुसार, टेस्ला ने साल 2021 से ही चीन में डेटा इकठ्ठा करना शुरू कर दिया था। यह डेटा शंघाई में मौजूद है। अभी यह डेटा वह अमेरिका नहीं ले गई है। एलन मस्क इसी डेटा को अमेरिका ले जाना कहते हैं। टेस्ला ने लगभग 4 साल पहले ऑटोपायलट सॉफ्टवेयर लांच कर दिया था। चीन के कस्टमर्स भी लंबे समय से इसकी डिमांड कर रहे हैं। मगर, टेस्ला अभी तक उन्हें यह सॉफ्टवेयर नहीं दे पाई है।

### इंडिया में प्लांट के लिए आने वाले थे एलन मस्क

पिछले कुछ महीनों से एलन मस्क द्वारा टेस्ला का प्लांट इंडिया में लगाने की चर्चाएं जोरों पर थीं। भारत सरकार ने हाल ही में अपनी नई ईवी पॉलिसी में विदेशी कंपनियों को कई छूट भी दी थीं। इसके बाद मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि टेस्ला की एक टीम बहुत जल्द भारत का दौरा करने वाली है। यह टीम टेस्ला का प्लांट लगाने के लिए सही जगह की तलाश करने के लिए भारत आने वाले थी। टेस्ला का प्लांट लगाने के लिए कई राज्य सरकारें भी उत्साहित थीं। यहां तक की रिलायंस इंडस्ट्रीज और टेस्ला के बीच प्लांट को लेकर वार्ता का दावा भी किया गया था। ऐसा माना जा रहा था कि एलन मस्क पीएम मोदी से मिलने के बाद भारत में एंट्री की घोषणा करेंगे।

## अनधिकृत निवेश योजनाओं के माध्यम से धन एकत्र किया

# सेबी ने ग्रोपिटल, अन्य इकाइयों को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित किया, जांच जारी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

*भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा है कि फार्म टेक साइलो एलएलपी (ग्रोपिटल), अन्य संबंधित इकाइयों और उनके निदेशक अनधिकृत निवेश योजनाओं के माध्यम से धन संग्रह की जांच के नतीजे आने तक प्रतिभूति बाजारों से प्रतिबंधित रहेंगे।*

नियामक ने अपने पहले के आदेश को संशोधित किया और कृषि निवेश मंच ग्रोपिटल के निदेशकों- ऋतुराज शर्मा, गायत्री रिनवा और कृष्णा शर्मा के बैंक खातों से प्रतिबंध हटा दिया। शेयर बाजार नियामक ने कहा कि मामले की विस्तृत जांच जारी है जिससे संस्थाओं की चूक या कमीशन के अतिरिक्त कृत्य सामने आ सकते हैं। मौजूदा क्रम में निष्कर्ष प्रथम दृष्टया जांच पर आधारित हैं।

### सेबी ने हालिया आदेश में दिया निर्देश

सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अमरजीत सिंह ने शुक्रवार को जारी हालिया आदेश में कहा, 'सामूहिक निवेश योजना (सीआईएस) विनियमों की धाराओं के तहत मैं अगले आदेश तक अंतरिम आदेश के माध्यम से जारी निर्देशों की इस संशोधन के अधीन पुष्टि करता हूं कि व्यक्तियों, ऋतुराज शर्मा, गायत्री रिनवा और कृष्णा शर्मा के बैंक खातों पर से प्रतिबंध हटा दिए जाएंगे।'

### उपलब्ध धन का दुरुपयोग न हो

सिंह ने कहा कि प्रतिबंध जारी रहेगा क्योंकि 'कार्यवाही यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि संस्थाओं के पास उपलब्ध धन का दुरुपयोग न हो।' सेबी ने इस साल जनवरी में पारित एक अंतरिम आदेश में फार्म टेक साइलो एलएलपी (ग्रोपिटल), संबंधित संस्थाओं और उनके निदेशकों को निवेशकों से पैसा इकट्ठा करने से रोक दिया था और उन्हें अगले निर्देश तक प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया था।



**निवेशकों से धन इकट्ठा करने से भी रोक दिया गया :** उन्हें किसी भी तरीके से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी सामूहिक निवेश योजना (सीआईएस) को शुरू करने से रोकने का निर्देश भी दिया गया। साथ ही, उन्हें मौजूदा योजनाओं के माध्यम से भागीदारों या निवेशकों से धन इकट्ठा करने से भी रोक दिया गया है।

- धन संग्रह की जांच के नतीजे आते तक प्रतिभूति बाजार में रहेंगे प्रतिबंधित
- निदेशकों के बैंक खातों पर से प्रतिबंध हटा दिया जाएगा
- मौजूदा क्रम में निष्कर्ष प्रथम दृष्टया जांच पर आधारित हैं

### कंपनी ने जनता को निवेश योजनाएं पेश की थी

सेबी ने अपनी जांच में पाया कि ग्रोपिटल ने कृषि क्षेत्र में जनता को विभिन्न निवेश योजनाएं पेश कीं। इसने कृषि क्षेत्र में निवेश के माध्यम से 11 से 14 प्रतिशत की सीमा में निश्चित कर-मुक्त लाभ की पेशकश करने का भी दावा किया।

### एएमसी की विशेष अवसर वाले कोषों में दिलचस्पी बढ़ी

परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) की विशेष अवसर वाले कोषों में दिलचस्पी बढ़ गई है। ऐसी तीन फर्मों ने हाल ही में इस थीम पर आधारित योजनाएं शुरू करने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास मसौदा पत्र जमा किए हैं। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के आंकड़ों के मुताबिक तीन एएमसी - व्हाइटओक कैपिटल, कोटक महिंद्रा और सैमको - ने मार्च-अप्रैल के दौरान, विशेष अवसर वाले कोष के लिए मसौदा पत्र दाखिल किए हैं।

### बाजार की विशेष परिस्थितियों का लाभ उठाने करती है निवेश

इस समय आदित्य बिड़ला सन लाइफ एमएफ, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ, एक्सिस एमएफ विशेष अवसर वाले कोष की पेशकश करते हैं। विशेष अवसर वाले कोष, ऐसी म्यूचुअल फंड योजनाएं हैं, जो बाजार की विशेष परिस्थितियों का लाभ उठाने के लिए निवेश करती हैं। जैसे, एक कंपनी, क्षेत्र या समूची अर्थव्यवस्था के किसी अवसर या चुनौती का सामना करने पर निवेश करना।

### म्यूचुअल फंड भी ले रहे दिलचस्पी

आनंद राठी वेल्थ लिमिटेड के डिप्टी सीईओ फिरोज अजीज ने कहा कि विशेष अवसर वाले कोष ऐसी कंपनियों में निवेश करते हैं, जो नियामक या नीतिगत बदलाव, प्रबंधन का पुनर्गठन, तकनीकी बाधा या अस्थाई चुनौती से जूझ रही होती हैं। इन कोषों को पहले वैकल्पिक निवेश फंड (एआईएफ) की श्रेणी -1 के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया था। म्यूचुअल फंड अब व्यापक निवेशक आधार को आकर्षित करने के लिए इनमें दिलचस्पी ले रहे हैं।

# इस्पात आयात को लेकर सतर्क रहने की जरूरत

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टी वी नरेन्द्रन ने कहा है कि चूंकि इस्पात आयात में वृद्धि जारी है तो इस स्थिति को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। भारत में इस्पात आयात बीते वित्त वर्ष में 38 प्रतिशत उछाल के साथ 83.19 लाख टन पर पहुंच गया है। नरेन्द्रन ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, 'यदि यही स्थिति लंबे समय तक बनी रही तो यह दुख की बात होगी। हमें आयात को लेकर सतर्क रहना होगा। जब तक यह अनुचित आयात है, सरकार को इससे निपटने की जरूरत है।' मांग पर एक अलग प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में इस्पात की खपत आठ से 10 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। इस्पात उत्पादक चीन सहित कुछ देशों से बढ़ते आयात पर चिंता जता रहे हैं और इस मुद्दे पर सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। घरेलू कंपनियां भी आयात पर अंकुश लगाने और कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की समीक्षा की मांग कर रही हैं। नरेन्द्रन ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि एफटीए की समीक्षा करना आसान होगा। लेकिन यह सरकार को तय करना है।'



- टाटा स्टील के सीईओ टीवी नरेंद्रन ने किया आगाह
- आयात बीते वित्त वर्ष में 38 फीसदी बढ़कर 83 .19 लाख टन

### भारत का कच्चे इस्पात का उत्पादन बढ़ा


बिगमिंट (पूर्व में स्टीलमिंट) के आंकड़ों के अनुसार, भारत का कच्चे इस्पात का उत्पादन वित्त वर्ष 2022-23 में 12.6 करोड़ टन से लगभग 14 प्रतिशत बढ़कर बीते वित्त वर्ष (2023-24) में 14.4 करोड़ टन हो गया।

# वेदांता बढ़ती जिंस कीमतों से फायदा उठाने के लिए सबसे बेहतर स्थिति में

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

खनन समूह वेदांता लिमिटेड को होल्डिंग कंपनी स्तर पर देनदारी प्रबंधन के बाद नकदी प्रवाह पर कम दबाव का सामना करना पड़ सकता है। विश्लेषकों ने यह राय देते हुए कहा कि समूह बढ़ती जिंस कीमतों का फायदा उठाने के लिए सबसे बेहतर स्थिति में है।

एल्यूमीनियम, बिजली और जिंक में बेहतर प्रदर्शन से कंपनी को जनवरी-मार्च तिमाही में 87,600 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ। यह आंकड़ा तिमाही आधार पर चार प्रतिशत अधिक है। बेहतर प्रदर्शन का श्रेय एल्यूमिनियम और जिंक में उत्पादन की कम लागत और अधिक बिक्री को जाता है। वेदांता थोड़ी देरी के बाद चालू वित्त वर्ष 2024-25 में एल्यूमिना, एल्यूमीनियम, अंतरराष्ट्रीय जिंक विस्तार को पूरा करने के लिए तैयार है। इसके बाद 2025-26 से समूह बिक्री में वृद्धि और लागत में कटौती कर सकेगा। इसी साल कोयला उत्पादन शुरू होने से एल्यूमीनियम की लागत और कम होगी। नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने कहा कि प्रबंधन चालू वित्त वर्ष के अंत तक व्यवसायों को अलग-अलग करने के लिए आगे बढ़ रहा है।




- विश्लेषकों का मानना, एल्यूमीनियम, बिजली और जिंक में अच्छा प्रदर्शन
- जनवरी-मार्च तिमाही में 87,600 करोड़ का शुद्ध लाभ हुआ

### बही-खातों पर भरोसा बढ़ेगा

सिटी ने कहा कि होल्डिंग कंपनी में देयता प्रबंधन से वेदांता इंडिया के बही-खातों पर भरोसा बढ़ेगा। फिलिप कैपिटल ने कहा कि वेदांता ने अपने ऋण से जुड़े तनाव को सफलतापूर्वक हल कर लिया है और जिंस कीमतों में भी उछाल आया है, जिससे नकदी प्रवाह को और समर्थन मिला है।

## एचसीएल टेक का लाभ 3,986 करोड़ पर स्थिर




**नई दिल्ली।** भारत की तीसरी सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज का बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 3,986 करोड़ रुपये पर सपाट रहा। एचसीएल ने बताया कि हालांकि पिछली तिमाही की तुलना में कंपनी का शुद्ध लाभ 8.4 प्रतिशत घट गया। यह गिरावट दुनियाभर में आईटी व्यय कम होने के बीच कर्मचारी मद में लागत बढ़ने के कारण आई। मार्च तिमाही के लिए कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 3,986 करोड़ रुपये रहा, जबकि 2022-23 की मार्च तिमाही में यह 3,983 करोड़ रुपये था। एचसीएल टेक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि तिमाही आधार पर कंपनी का शुद्ध लाभ 8.4 प्रतिशत घट गया। अक्टूबर-दिसंबर, 2023 तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 4,350 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष के लिए स्थिर मुद्रा के आधार पर राजस्व में तीन से पांच प्रतिशत की वृद्धि और कर पूर्व आय (ईबीआईटी) मार्जिन 18-19 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है।

# खनिजों पर सरकार का दो दिवसीय सम्मेलन आज से

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सरकार महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण को बढ़ावा देने, ज्ञान साझा करने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सोमवार से दो दिवसीय शिखर सम्मेलन आयोजित करेगी। खान मंत्रालय 29 अप्रैल और 30 अप्रैल को यहां शक्ति सतत ऊर्जा फाउंडेशन (शक्ति), ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद (सीईईडब्ल्यू), और भारतीय सतत विकास संस्थान (आईआईएसडी) के सहयोग से "महत्वपूर्ण खनिज शिखर सम्मेलनः शोधन और प्रसंस्करण क्षमताओं को बढ़ाना" का आयोजन करेगा। मंत्रालय ने बयान में कहा कि शिखर सम्मेलन उद्योग के दिग्गजों, स्टार्टअप, सरकारी अधिकारियों, वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और नीति विशेषज्ञों सहित भारतीय और अंतरराष्ट्रीय संबद्ध लोगों को एक साथ लाएगा। प्रतिभागी खनिज नीलामी प्रगति, सीआरएम पारिस्थितिकी तंत्र विकास के लिए नीति प्रोत्साहन, व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य और पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ समाधानों की प्रगति जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्रित सक्रिय संवाद और कार्यशालाओं में भाग लेंगे।

- पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ समाधानों की प्रगति पर होगी चर्चा



## महिंद्रा हॉलिडेज एंड रिसॉर्ट्स का लाभ 47.7 प्रतिशत उछला...



**नई दिल्ली।** महिंद्रा हॉलिडेज एंड रिसॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड का शुद्ध लाभ मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में 47.7 प्रतिशत उछलकर 83.2 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 56.3 करोड़ रुपये था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 116.05 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह 113.82 करोड़ रुपये था। जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान, महिंद्रा हॉलिडेज एंड रिसॉर्ट्स की आय 2023-24 की चौथी तिमाही में 830.34 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 735.26 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान इसका कुल खर्च बढ़कर 720.86 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष की जनवरी-मार्च अवधि में 658.23 करोड़ रुपये था।

# एलन के टॉप 5 में 3 सहित टॉप-100 में 34 स्टूडेंट्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोटा



नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जेईई-मेन 2024 के परिणामों के बाद एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में सेलीब्रेशन हुआ। इस अवसर पर एलन के निदेशक डॉ.नवीन माहेश्वरी ने टॉप रैंकर्स को मालाएं पहनाकर अभिनन्दन किया। विद्यार्थियों के अभिभावकों का भी स्वागत किया गया। फैकल्टीज, पेरेन्ट्स व स्टूडेंट्स ने मिलकर केक कटिंग की। निदेशक नवीन माहेश्वरी ने बताया कि एलन क्लासरूम स्टूडेट नीलकृष्ण ने आल इंडिया टॉप किया है। रैंक-2 पर भी एलन के क्लासरूम स्टूडेंट दक्षेश संजय मिश्रा व रैंक 4 पर भी एलन के क्लासरूम स्टूडेंट आदित्य कुमार रहे। इसके साथ ही टॉप-5 में एलन के 3 स्टूडेंट्स ने स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही आल इंडिया रैंक 16 पर रहे मोहम्मद सुफियान तथा रैंक-22 पर रहे हिमांशु सहित सभी 5 विद्यार्थियों ने परफेक्ट स्कोर प्राप्त किया।

आल इंडिया टॉप-50 में 16, टॉप-100 में 34, टॉप-500 में 176, टॉप 1000 में 323 स्टूडेंट्स शामिल हैं। एलन के 25 हजार 708 स्टूडेंट्स ने जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई किया है।

## मारुति के पोर्टफोलियों में फिलहाल दो स्ट्रांग हाइब्रिड वाहन शामिल

# भारत के लिए किफायती हाईब्रिड कार तैयार कर रही है मारुति सुजुकी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

मारुति सुजुकी के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में फिलहाल दो स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड वाहन हैं; ग्रैंड विटारा और इनविक्टो। दोनों मॉडल टोयोटा की सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड तकनीक का उपयोग करते हैं, जिनकी कीमत क्रमशः 10.80 लाख रुपए-20.09 लाख रुपए और 25.21 लाख रुपए -28.92 लाख रुपए है। हाइब्रिड तकनीक को आम बाजार में ज्यादा आसान बनाने के उद्देश्य से, सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन (मारुति सुजुकी की मूल कंपनी) भारतीय बाजार के लिए एक किफायती हाइब्रिड कार विकसित कर रही है।

- हाइब्रिड तकनीक आम बाजार में ज्यादा आसान बनाना है उद्देश्य

### अगले साल आएगा पहला इलेक्ट्रिक मॉडल

इंडो-जापानी ऑटोमेकर इस वित्तीय वर्ष में अपने पहले इलेक्ट्रिक वाहन का उत्पादन शुरू करेगा, जिसका यूरोप में वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्यात शुरू होने की संभावना है। यह मारुति सुजुकी ईवीएक्स कॉन्सेप्ट का प्रोडक्शन-रेडी वर्जन होगा, जिसे पिछले साल ऑटो एक्सपो में पेश किया गया था। भारत में यह इलेक्ट्रिक वाहन एमजी जेडएस ईवी, आने वाली हुंडई क्रेटा ईवी और टाटा कर्व ईवी से मुकाबला करेगा।



### क्या है कंपनी का लक्ष्य

मारुति सुजुकी का लक्ष्य हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ 25% और बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों (बीईवी) के साथ 15% बिक्री हिस्सेदारी हासिल करना है। हालांकि, बिक्री में प्रमुख योगदान (60%) आईसीई वाहनों के साथ-साथ सीएनजी, बायोगैस, फ्लेक्स-फ्यूल, इथेनॉल और मिश्रित-फ्यूल मॉडल से आने की उम्मीद है। फिलहाल कंपनी की भारतीय बाजार में प्लग-इन हाइब्रिड वाहन पेश करने की कोई योजना नहीं है।

अब कंपनी ने छोटी कारों में अपनी खुद की लागत प्रभावी हाइब्रिड तकनीक पेश करने की योजना बनाई है, जिसमें फ्रोंक्स कॉम्पैक्ट क्रॉसओवर, बलेनो हैचबैक, एक नई मिनी एमपीवी और स्विफ्ट हैचबैक शामिल हैं।

### मारुति सुजुकी फ्रोंक्स फेसलिफ्ट पहला मॉडल होगा

यह पहल इन वाहनों की फ्यूल एफिशिएंसी में सुधार करेगी और उनके कार्बन फुटप्रिंट को कम करेगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, मारुति सुजुकी फ्रोंक्स फेसलिफ्ट 2025 में कंपनी के नए हाइब्रिड सिस्टम (एचईवी) को पेश करने वाला पहला मॉडल होगा। जबकि न्यू जेनरेशन बलेनो और जापान-स्पेक स्पैसिया पर आधारित एक मिनी एमपीवी 2026 में लांच की जाएगी, जबकि नई स्विफ्ट और हाइब्रिड तकनीक वाली नेक्स्ट जेनरेशन ब्रेजा क्रमशः 2027 और 2029 में लांच की जाएगी।

## वैश्विक रुझानों से घरेलू शेयर बाजार की चाल होगी निर्धारित



**नई दिल्ली।** कंपनियों की तिमाही आय के नतीजे, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले और अन्य वैश्विक रुझानों से इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की चाल निर्धारित होगी। विशेषज्ञों ने बताया कि इसके अलावा, विदेशी निवेशकों की व्यापारिक गतिविधियों, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की दिशा और रुपया-डॉलर विनिमय दर जैसे कारक भी व्यापार को प्रभावित करेंगे। महाराष्ट्र दिवस के कारण बुधवार को घरेलू शेयर बाजार बंद रहेंगे।

स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीना ने कहा कि घरेलू स्तर पर, चौथी तिमाही के नतीजे कुछ विशेष शेयरों को दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि मासिक ऑटो बिक्री के आंकड़े मई की शुरुआत में घोषित किए जाएंगे और मतदान का अगला चरण महत्वपूर्ण होगा। मीना ने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर, एक मई को होने वाली अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का नतीजा महत्वपूर्ण होगा।

# विश्व कप: भारत ने 14 साल बाद जीता ऐतिहासिक स्वर्ण पदक, ओलंपिक चैंपियन कोरिया को हराया

एजेंसी ⏭ शंघाई

भारतीय पुरुष रिकर्व टीम के धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव ने मौजूदा ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को पछाड़ते हुए, रविवार को यहां 14 साल बाद तीरंदाजी विश्व कप में ऐतिहासिक जीत हासिल की। यह विश्व कप के अंतिम मुकाबले में भारतीय पुरुष रिकर्व टीम की पहली जीत है और इससे आगामी पेरिस ओलंपिक में जगह पक्की करने की उनकी संभावनाओं को बल मिलेगा।

धीरज, तरुणदीप और प्रवीण की तिकड़ी ने शानदार धैर्य दिखाते हुए एक भी सेट गंवाए बिना बेहद मजबूत कोरियाई खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन किया। सेना के 40 साल के तरुणदीप अगस्त 2010 में शंघाई विश्व कप के चौथे चरण में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। तब राहुल बनर्जी, तरुणदीप और जयंत की रिकर्व टीम ने जापान को हराया था।



### भारत ने 5-1 जीता फाइनल

*स्पर्धा की शीर्ष दो वरीयता प्राप्त टीमों के मुकाबले में भारत ने 5-1 (57-57, 57-55, 55-53) से जीत हासिल की। मौजूदा विश्व कप में भारत का यह पांचवां स्वर्ण पदक है। इस शानदार सफलता के बाद अंकिता भकत और धीरज की रिकर्व मिश्रित टीम ने भी कांस्य पदक जीतकर भारतीय दल की खुशी में इजाफा किया। भारतीय जोड़ी ने मेक्सिको की एलेजांद्रा वेलेंशिया और मटियास ग्रांडे की जोड़ी को 6-0 (35-31, 38-35, 39-37) से शिकस्त दी।*

## पुरुष रिकर्व टीम धीरज, तरुणदीप और प्रवीण ने रचा इतिहास

### दीपिका को रजत पदक

*मां बनने के बाद खेल से दूर रही अनुभवी दीपिका कुमारी महिला रिकर्व के व्यक्तिगत फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी। उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व रैंकिंग की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ने 30वीं वरीयता प्राप्त होने के बाद प्रतियोगिता में काफी नीचे से शुरुआत की थी। उन्होंने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में दो कोरियाई खिलाड़ियों को बाहर का रास्ता दिखाया लेकिन फाइनल में दीपिका हांग्झोउ एशियाई खेलों की चैंपियन लिम सिह्योन से सीधे सेटों में 6-0 (26-27, 27-29, 27-28) से हार गईं।*



### टीम रैंकिंग के आधार पर मिलेगा कोटा

ओलंपिक के लिए आखिरी ओलंपिक क्वालीफाइंग स्पर्धा 18 से 23 जून तक तुर्की के अंताल्या में विश्व कप का तीसरा चरण है, जिसके बाद टीम रैंकिंग के आधार पर दो अतिरिक्त कोटा मिलेगा। यह पहली बार है जब टीम रैंकिंग के आधार पर ओलंपिक कोटा मिलेगा। क्वालीफायर से पेरिस का टिकट कटाने में नाकाम रही टीमों में से दो सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग की टीमों को ओलंपिक जाने का मौका मिलेगा। भारत (231 अंक) अब विश्व रैंकिंग में चीन (241) और शीर्ष पर काबिज दक्षिण कोरिया (340) के बाद तीसरे स्थान पर है और पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने के लिए अच्छी स्थिति में है।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 |
| कोलकाता | 8 | 5 | 3 | 10 |
| चेन्नई | 9 | 5 | 4 | 10 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 |
| दिल्ली | 10 | 5 | 5 | 10 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 |
| मुंबई | 9 | 3 | 6 | 6 |
| बेंगलोर | 10 | 3 | 7 | 6 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
500 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
14 विकेट
मुंबई

बाउंड्री मीटर

1433 चौके

852 छक्के

### खबर संक्षेप



#### विश्व कप: दो कलाई के स्पिनर चुने भारत

**मुंबई।** पूर्व आल राउंडर इरफान पठान ने कहा कि भारत को अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले जाने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम में पांच विशेषज्ञ गेंदबाजों के साथ दो कलाई के स्पिनरों को चुनना चाहिए। पठान ने कहा, 'आपको पांच अच्छे गेंदबाजों की जरूरत है जो निहायत जरूरी हैं। आपके विकेटकीपिंग विकल्प क्या हैं? जब आप रविंद्र जडेजा के आठवें नंबर और बतौर स्पिन आल राउंडर खेलने की बात कर रहे हो तो मैं कहूंगा कि दो कलाई के स्पिनरों को खिलाया जाए।'

#### सैमसन, राहुल ने दावा मजबूत किया: स्मिथ

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ का मानना है कि आईपीएल में बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों के बाद संजू सैमसन और लोकेश राहुल ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए अपने दावे मजबूत किए हैं।



वेस्टइंडीज और अमेरिका में जून में खेले जाने वाले इस विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा जल्द ही होने वाली है। टीम में ऋषभ पंत को पहली पसंद के विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में चुना जाना लगभग तय है।

#### पाक ने कर्स्टन को वनडे और टी20 तथा गिलेस्पी को बनाया टेस्ट कोच

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को विश्व कप विजेता गैरी कर्स्टन को वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के लिए अपना मुख्य कोच नियुक्त किया जबकि पूर्व आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी टेस्ट क्रिकेट में यह जिम्मेदारी संभालेंगे। इनके साथ ही पाकिस्तान के पूर्व आल राउंडर अजहर महमूद को सभी प्रारूप के लिए टीम का सहायक कोच नियुक्त किया गया।



## आईपीएल : कोहली ने सातवीं बार सत्र में बनाए 500 रन

# बेंगलोर की लगातार दूसरी जीत, गुजरात को नौ विकेट से रौंदा, विल जैक्स का शतक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदाबाद

विल जैक्स की 41 गेंद में नाबाद 100 रन की आक्रामक पारी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को यहां गुजरात टाइटंस को चार ओवर शेष रहते नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। यह बेंगलोर की लगातार दूसरी जीत है। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर तीन विकेट पर 200 रन बनाए थे लेकिन आरसीबी ने महज 16 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 206 रन बनाकर 10 मैचों में तीसरी जीत दर्ज की। गुजरात की यह 10 मैचों में छठी हार है।

शुरुआती 17 गेंदों में महज 17 रन बनाने वाले जैक्स ने अपनी नाबाद आतिशी पारी में पांच चौके और 10 छक्के लगाए। उन्होंने 15वें और 16वें ओवर में क्रमशः मोहित शर्मा और राशिद खान के खिलाफ 29-29 रन बटोरने के दौरान कुल सात छक्के और तीन चौके लगाए। जैक्स ने दिग्गज विराट कोहली (नाबाद 70) के साथ दूसरे विकेट के लिए महज 74 गेंद में 166 रन की अटूट साझेदारी की। कोहली ने 44 गेंद की पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाकर स्ट्राइक रेट पर सवाल उठाने वाले आलोचकों को जवाब दिया। कोहली ने इस दौरान मौजूदा आईपीएल सत्र में 500 रन पूरे किए। यह सातवीं बार है जब कोहली ने आईपीएल सत्र में 500 से अधिक रन बनाए हैं।



### लक्ष्य का पीछा करते फिफ्टी

| बार | खिलाड़ी |
|---|---|
| 35 | डेविड वार्नर |
| 24 | विराट कोहली |
| 23 | शिखर धवन |
| 22 | केएल राहुल |
| 20 | गौतम गंभीर |

### कोहली का चौथा अर्धशतक

आरसीबी के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली जबरदस्त फॉर्म में नजर आए। उन्होंने 32 गेंदों में इस सीजन का चौथा अर्धशतक पूरा किया। इस दौरान उन्होंने 44 गेंदों में 70 रनों की नाबाद पारी खेली। गुजरात के खिलाफ किंग कोहली ने 159.09 के स्ट्राइक रेट से छह चौके और तीन छक्के लगाए। इसी के साथ आईपीएल 2024 में विराट कोहली के 500 रन पूरे हो गए।



### सुदर्शन और शाहरुख की फिफ्टी बेकार

बी साई सुदर्शन की 49 गेंद में 84 रन की नाबाद पारी से गुजरात टाइटंस को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने आठ चौके और चार छक्के लगाने के साथ दो अहम साझेदारियां कीं। साई सुदर्शन ने तीसरे विकेट के लिए शाहरुख खान (58) के साथ 45 गेंद में 86 रन की साझेदारी से मैच में टीम की वापसी कराई और फिर डेविड मिलर (26) साथ चौथे विकेट के लिए 36 गेंद में 69 रन की अटूट साझेदारी की। शाहरुख ने 30 गेंद की अपनी पारी में तीन चौके और पांच छक्के लगाए जिससे टीम धीमी शुरुआत से उबरने में कामयाब रही। मिलर ने 19 गेंद की पारी में दो चौके और एक छक्का लगाया।

स्कोर बोर्ड

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साहा का कर्ण बो स्वप्निल | 05 | 04 | 1 | 0 |
| गिल का ग्रीन बो मैक्सवेल | 16 | 19 | 1 | 0 |
| साई सुदर्शन नाबाद | 84 | 49 | 8 | 4 |
| शाहरुख खान बो सिराज | 58 | 30 | 3 | 5 |
| डेविड मिलर नाबाद | 26 | 19 | 2 | 1 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 20 ओवर में 200/3
गेंदबाजी : स्वप्निल 3-0-23-1, सिराज 4-0-34-1, दयाल 4-0-34-0, मैक्सवेल 3-0-28-1, कर्ण 3-0-38-0, ग्रीन 3-0-42-0.

| आरसीबी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| विराट कोहली नाबाद | 70 | 44 | 6 | 3 |
| डुप्लेसी का स्था. शंकर बो किशोर | 24 | 12 | 1 | 3 |
| विल जैक्स नाबाद | 100 | 41 | 5 | 10 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 16 ओवर में 206/1
गेंदबाजी : उमरजाई 2-0-18-0, वॉरियर 1-0-15-0, साई किशोर 3-0-30-1, राशिद 4-0-51-0, नूर 4-0-43-0, मोहित 2-0-41-0.

खास खबर

## महिला टीम ने उबेर कप के क्वार्टर में पक्की की जगह



***चेंगडू।*** *इशारानी बरुआ और अनमोल खरब के चमकदार प्रदर्शन से भारतीय महिला टीम ने रविवार को यहां ग्रुप ए के दूसरे मुकाबले में सिंगापुर को 4-1 से हराकर उबेर कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। एशियाई चैंपियन भारत ने पहले मुकाबले में कनाडा को 4-1 से मात दी थी। भारत ने दूसरे मुकाबले में भी शानदार प्रदर्शन दिखाया और पहले मैच में अश्मिता चालिहा के हारने के बावजूद वापसी करते हुए बाकी सारे मैच जीत लिए। बड़े खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में खेल रही युवा और कम अनुभवी भारतीय टीम के लिए यह शानदार हफ्ता रहा। खिलाड़ियों ने बड़े मंच पर कौशल और गजब का जज्बा दिखाते हुए पहले दो मुकाबले जीत लिए। चीन ने ग्रुए ए के अन्य मुकाबले में कनाडा को 3-0 से शिकस्त दी और यह नतीजा भारत और उसके पड़ोसी एशियाई देश के लिए क्वार्टर फाइनल स्थान पक्का करने के लिए काफी था। दो जीत से भारत अब ग्रुप ए में चीन के पीछे दूसरे स्थान पर काबिज है। दोनों टीम अंतिम ग्रुप मैच में मंगलवार को एक दूसरे से भिड़ेंगी जिससे शीर्ष स्थान का फैसला होगा।*

### गेंदबाजों की तुलना में बल्लेबाजों ने की प्रगति

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स के कोच लांस क्लूसनर ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में टीमों के लगातार बड़े स्कोर बनाने के लिए बल्लेबाजों की तेजी से हुई प्रगति को श्रेय दिया जो मिले मौकों का पूरा फायदा उठा रहे हैं। इस आईपीएल में टीमें 200 और 250 रन का स्कोर आसानी से बना रही हैं और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व आल राउंडर का मानना है कि गेंदबाजों का अंतिम ओवरों में साधारण प्रदर्शन भी बल्लेबाजों को तेजी से रन जुटाने में मदद कर रहा है।



# अब चेन्नई सुपर किंग्स ने तोड़ा सनराइजर्स हैदराबाद का गुरूर

एजेंसी ⏭ चेन्नई

भले ही कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ लगातार दूसरे शतक से मामूली अंतर से चूक गए, लेकिन उनकी टीम चेन्नई सुपरकिंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को हराने में कोई गलती नहीं की। हैदराबाद ने सीजन में पहली बार लगातार दूसरा मैच गंवाया।

इंडियन प्रीमियर लीग मैच में रविवार रात चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 212 रन बनाए। ऋतुराज गायकवाड़ ने 98 रन की पारी खेली। सनराइजर्स हैदराबाद 18.5 ओवर में 134 रन पर ही ढेर हो गया। हैदराबाद जीत से 78 रन दूर रह गई। चेन्नई ने हैदराबाद को होमग्राउंड पर हराकर हिसाब बराबर किया। इससे पहले दोनों टीमें हैदराबाद में भिड़ी थीं, तब हैदराबाद ने 6 विकेट से मुकाबला जीता था।



स्कोर बोर्ड

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रहाणे का अहमद बो कुमार | 09 | 12 | 1 | 0 |
| गायकवाड़ का रेड्डी बो नटराजन | 98 | 54 | 10 | 3 |
| मिचेल का रेड्डी बो उनादकट | 52 | 32 | 7 | 1 |
| शिवम दुबे नाबाद | 39 | 20 | 1 | 4 |
| एम एस धोनी नाबाद | 05 | 02 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 20 ओवर में 212/3
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-38-1, रेड्डी 1-0-8-0, अहमद 3-0-33-0, नटराजन 4-0-43-1, उनादकट 4-0-38-1, कमिंस 4-0-49-0.

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| हेड का मिचेल बो देशपांडे | 13 | 07 | 1 | 1 |
| अभिषेक का मिचेल बो देशपांडे | 15 | 09 | 1 | 1 |
| अनमोलप्रीत का अली बो देशपांडे | 00 | 01 | 0 | 0 |
| एडेन माक्रम बो पथिराना | 32 | 26 | 4 | 0 |
| रेड्डी का धोनी बो जडेजा | 15 | 15 | 0 | 0 |
| क्लासेन का मिचेल बो पथिराना | 20 | 21 | 0 | 1 |
| समद का रिजवी बो ठाकुर | 19 | 18 | 1 | 1 |
| अहमद का मिचेल बो रहमान | 07 | 05 | 1 | 0 |
| कमिंस का मिचेल बो देशपांडे | 05 | 07 | 1 | 0 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 04 | 03 | 0 | 0 |
| उनादकट का अली बो रहमान | 01 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 18.5 ओवर में 134/10
गेंदबाजी : चाहर 3-0-22-0, देशपांडे 3-0-27-4, रहमान 2.5-0-19-2, जडेजा 4-0-22-1, ठाकुर 4-0-27-1, पथिराना 2-0-17-2

### मेसी ने दो गोल कर मियामी को दिलाई जीत

**मैसाचुसेट्स।** लियोनेल मेसी ने न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन के घरेलू मैदान में रिकॉर्ड संख्या में मौजूद दर्शकों के सामने दो गोल कर अपनी टीम इंटर मियामी सीएफ को शनिवार को यहां 4-1 से जीत दिलाई।



मेसी ने अपने शानदार खेल से जिलेट स्टेडियम में 65,612 की संख्या में खचाखच भरे प्रशंसकों को निराश नहीं किया और एक गोल से पिछड़ने के बाद मुकाबले में टीम की दमदार वापसी कराई। इंटर मियामी की टीम मैच के पहले मिनट में ही टॉमस चानकले के गोल के बाद पिछड़ गई थी लेकिन मेसी ने 32वें मिनट में स्कोर बराबर करने के बाद मैच के 68वें मिनट में बाएं पैर की किक से सत्र का अपना नौवां गोल कर टीम को बढ़त दिला दी।

### शतरंज चैंपियन गुकेश सम्मानित...



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रविवार को शतरंज सितारे डी गुकेश को 75 लाख रुपए नकद पुरस्कार देने का ऐलान किया जिन्होंने टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता है। स्टालिन ने गुकेश को एक शील्ड और शॉल भी प्रदान किया। इस मौके पर प्रदेश के खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन, आला अधिकारी और गुकेश के माता पिता भी मौजूद थे। गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैंपियनशिप खिताब के लिए चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। तमिलनाडु सरकार ने गुकेश को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट की तैयारी के लिए 15 लाख रुपए दिए थे।


## कैपिटल्स ने पिछले पांच में से चार मैचों में दर्ज की जीत

# दिल्ली और मैकगुर्क से सतर्क रहना चाहेगी कोलकाता

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पिछले पांच में से चार मैच में जीत हासिल कर आत्मविश्वास से भरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम सोमवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाकर तालिका में शीर्ष चार में पहुंचने की कोशिश करेगी।

ऋषभ पंत की अगुआई वाली टीम धीरे धीरे अपनी कमियों में सुधार करके अब मजबूत टीम की तरह खेल रही है। वहीं गौतम गंभीर के मार्गदर्शन वाली टीम केकेआर को पिछले पांच मैच में से तीन में हार का मुंह देखना पड़ा है जिसके लिए उसकी गेंदबाजी जिम्मेदारी रही। लुंगी एनगिडी की जगह शामिल किए गए आस्ट्रेलिया के जेक फ्रेजर मैकगुर्क क्रम में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से खुद को 'एक्स फैक्टर' साबित कर चुके हैं। दिल्ली की बल्लेबाजी सिर्फ मैकगुर्क तक ही सीमित नहीं है। दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स ने भी अपनी 'पावर हिटिंग' से सभी को हैरान किया। वहीं कप्तान पंत प्रत्येक मैच के साथ तेजी से प्रगति कर रहे हैं जिससे दिल्ली कैपिटल्स के शीर्ष पांच बल्लेबाज मैकगुर्क, अभिषेक पोरेल, शाई होप, पंत और स्टब्स केकेआर की गेंदबाजी के लिए चिंता का विषय हो सकते हैं।



### केकेआर को स्टार्क कर रहे निराश

केकेआर को सबसे बड़ी निराशा आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी स्टार्क से मिल रही है और टीम उम्मीद करेगी यह आस्ट्रेलियाई जल्द ही अंगूठे की चोट से उबरकर लय में आ जाए। घरेलू टीम के लिए कुछ सकारात्मक चीजें हैं जिसमें नारायण की बल्लेबाजी में शानदार फॉर्म शामिल है जिन्होंने आठ मैच में दो अर्धशतक और एक शतक से 357 रन बनाए हैं। नारायण और फिल सॉल्ट ने शीर्ष क्रम में केकेआर के लिए काफी रन जुटाए हैं लेकिन अंगकृष रघुवंशी, श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल और रमनदीप सिंह को और रन बनाकर योगदान करना होगा।









* Offer valid for a limited period only. # Ex-showroom price of TVS XL100 Heavy Duty Kick Start variant. T&C apply. + Based on TVSM internal test conditions. As compared to BS-IV models. T&C apply. ^ Mobile charger is available in select variants. T&C apply. ^^ Finance at the sole discretion of the financier. T&C apply.

TVS 3 YEAR WARRANTY TVS CREDIT SHRIRAM Finance L&T Finance IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST

Authorised Main Dealer:- RAIPUR- .SAI TVS Fafadih Tel 9821661674. BHARAT TVS G.E. Road Tel 9111499111 HIRA TVS Telibandha Tel. 8527434712 AVVNI TVS Lodhipara Tel. 9630098300, SAI TVS Lalpur Tel 6262222900 SAI TVS Aarang Tel 6262626001, DURG- SSD TVS Tel. 8602816642. BHILAI- ISHAN TVS Tel. 8871212121 8602121212. SACHDEV TVS Tel. 7722909249, 9826122334., LCK TVS Tel. 7587093217. DHAMTARI- SCOOTER HOUSE TVS Tel. 8305690952., KANKER- AAYESHA TVS Tel. 9821660146. , JAGDALPUR- MAHAVEER TVS Tel. 9111001971, 224409. DANTEWADA :- BASTAR TVS Tel. 9821661781. DALLIRAJHARA- GURUDEV TVS Tel. 7303658472. MAHASAMUND- AJAY TVS Tel. 9179917004, 8719850001. KONDAGAON- BHARAT TVS Tel. 7786296611. BALODABAZAR- KANIKA TVS Tel. 8979428844. KAWARDHA - Shri Gurunanak TVS Tel. 9993309707, BEMETARA - Shri Arihant TVS Tel. 7000629201.

Authorised Dealer:- Rajim - Arihant Automobiles Tel. 9826113240. Gariyaband - Dikesh Motors Tel- 8720000334. Abhanpur - Om Auto Tel-9893369485. Goharpadar - Ganesh Auto Care Tel. 8319380089. Nawapara - Shri Kushal Auto Tel. 8839487677, Chhura - Patel Automobiles Tel. 8889994949. Pakhanjur - Bengal Cycle and Auto Parts Tel. 9425593572. Charama - N Sai Automobiles Tel. 9039179813. Keshkal - Harsh Automobiles Tel. 7000818373. Kurud - Bhilai Auto Tel. 8982652500. Neora ( Tilda) - Pratik Automobiles Tel. 9300414173. Donde Khurd - R M Motors Tel.9826133734. Sukma - P R Automobiles Tel. 9479011000. Bagbhara - Khalsa Auto Care Tel- 9300210400. Bagbhara - Kaunain Auto Tel- 9685864876.Komakhan - Kanij Auto Care Tel. 9685864876. Jhalap - Shri Balaji Automobiles Tel. 8120004100. Bhanupratapur - Subhash Motors Tel- 9755249656. Birgaon - Om Shree Motors Tel. 8839096897. Chandkhuri Farm - Deepak Auto Tel. 9754500040. Bhanpuri - Kunal Automobiles Tel- 9425516644. Mana Basti - Mani Motors Tel- 8319025275. Ambagarh Chowki - Bharat Auto Tel. 9827196076.Dongargaon - Bharat Auto Tel. 9827196076. Pandatarai - Shri Sai Motor's Tel. 8305728281. Dongargarh - Reyansh Auto Tel. 7415344077. Pandariya - Jyoti Agency Tel. 9893592635. Utai- NAVNEET MOTORS Tel. 9981072555. Patan - Dev Auto Tel. 9981086462. Gurur- Gurudev Motors Tel. 9907796983. Junwani Road - Darsh Motors Tel. 7000414216. Thankhamariya - Shubham Motors Tel. 8085529444. Anda - Siya Motors Tel- 9893533628 Nagpura - Abhi Motors Tel. 9893237240. Bhatapara - Indian Motors Tel. 9302622777. Simga - Avneet Motors Tel. 9300643500. Risali - Naresh Motors Tel. 7898368258. Mohla - Shubham Motors Tel. 9399757956. Balod - Sourabh Motors Tel. 9111151115 Manabasti - Mani Motors Tel. 8319025275. Kumhari- Laxmi Auto Tel. 9770492802. Bijapur - Dhanlaxmi Auto Tel. 9399587930. Nagarnar - Shri Automobiles Tel. 7606090102 Basna - Ajay Motors Tel. 7694994962, 8719850001. Kharora - Pratik Automobiles Tel. 8269934173. NAGRI - Dikesh Auto Tel. 9981761572, Bande - Ramkrishna Auto Tel. 6267093399.Khairagarh - RK Automobile Tel. 7489863424.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com